सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार ,27 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 349, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 367 अंकों की गिरावट

घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत के अभाव में स्थानीय सूचकांक सेंसेक्स 367 .25 अंक गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ। } 14

## बाधारहित टोलिंग प्रणालियां स्थापित करने की योजना

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा के बारे में कहा कि हम देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर बाधारहित टोलिंग प्रणालियां स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। } 16



## वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित

### आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में धूम मचाने को लेकर सम्मानित

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में धूम मचाने वाले 14 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और सात वर्षीय शतरंज खिलाड़ी वका लक्ष्मी प्रग्निका सहित कई बच्चों को शुक्रवार को यहां प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया।

तैराकी सनसनी धिनिधि देसिंघु को भी इस पुरस्कार से नवाजा गया जो खेल, वीरता, सामाजिक सेवा और पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियों के लिए दिए जाते हैं। सूर्यवंशी ने कुछ दिन पहले रांची में विजय हजारे ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में अरुणाचल प्रदेश ...शेष पृष्ठ 14 पर



## राष्ट्र प्रेरणा स्थल विचार और सेवा का प्रतीक : मोदी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को यहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की विशाल प्रतिमाओं से युक्त राष्ट्र प्रेरणा स्थल को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल उस सोच का प्रतीक है जिसने भारत को आत्मसम्मान, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया है। यहां स्थापित प्रतिमाएं राष्ट्र निर्माण के लिए सतत प्रेरणा देती हैं। यह स्थल संदेश देता है कि हमारा हर कदम, हर प्रयास और हर संकल्प राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होना चाहिए। सबका प्रयास ही विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगा।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने के साथ ही यहां बने भव्य संग्रहालय का भ्रमण भी किया।



उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार का फायदा उत्तर प्रदेश को हो रहा है। उत्तर प्रदेश 21वीं सदी के भारत में अपनी अलग पहचान बना रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मैं यूपी से सांसद हूं। आज मैं बहुत गर्व से कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश के मेहनतकश लोग एक नया भविष्य लिख रहे हैं। कभी यूपी की चर्चा खराब कानून व्यवस्था को लेकर होती थी, आज यूपी की चर्चा विकास के लिए होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश और दुनिया को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्रिसमस ...शेष पृष्ठ 14 पर

### अटल जी की विरासत ने देश को दी नयी दृष्टि : योगी

लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर गुरुवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और अटल जी की विरासत ने भारत को नई दृष्टि दी। आज उनके सपने साकार हैं जिसे देख हर भारतवासी प्रफुल्लित है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. मुखर्जी, पं. दीनदयाल व भारत रत्न अटल जी की 65-65 फिट ऊंची कांस्य प्रतिमा और डिजिटल म्यूजियम का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या

ढाका। बांग्लादेश में एक बार फिर भीड़ ने हिंदू युवक को पीट-पीटकर मार डाला है। घटना बुधवार रात करीब 11:00 बजे राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई है। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था। पुलिस ने अमृत के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए राजबाड़ी सदर अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया है। डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने अमृत पर एक आपराधिक गिरोह बनाने का आरोप लगाया है। वह लंबे समय से जबरन वसूली और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल था।

### सीतापुर में बीएलओ ने की आत्महत्या

सीतापुर। जिले के अतरिया थाना क्षेत्र के दरियापुर स्थित एक स्कूल में प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत एक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) ने कथित तौर पर अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, यह घटना बृहस्पतिवार देर शाम अतरिया थाना क्षेत्र में घटी। अतरिया थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मृतक की पहचान उमेश (30) के रूप में हुई है, जो रामपुर कला थाना क्षेत्र का निवासी था। गुप्ता ने बताया कि उमेश अतरिया कस्बे में किराए के मकान में रहता था और स्कूल में प्रशिक्षक के रूप में काम करता था। उन्होंने बताया कि घटना के समय उमेश अपने कमरे में अकेला था।

# भक्ति और शक्ति का है सिख गुरुओं का इतिहास : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीर बाल दिवस के कार्यक्रम में सिख गुरुओं के अमर बलिदान को किया नमन

लखनऊ। धर्म रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह के सुपुत्रों की स्मृति में वीर बाल दिवस एवं गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष पर शुक्रवार को आयोजित कीर्तन समागम कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन में त्याग और बलिदान का भाव हो। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने स्वदेश और स्वधर्म के लिए सर्वस्व न्योछावर करने की जो परंपरा स्थापित की, वही हमारी प्रगति का मार्ग है।

वीर बाल दिवस के अवसर पर शबद पाठ और कीर्तन समागम का आयोजन मुख्यमंत्री आवास, 5 कालिदास मार्ग पर हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम की शुरूआत में गुरु ग्रंथ साहिब को माथे लगाकर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने शबद कीर्तन और साहिबजादों के अमर बलिदान की गाथा को सुना। कीर्तन पाठ करने वाले बच्चों को पटका पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने छोटे



साहिबजादे नाम की पुस्तिका का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाना, उनके स्वधर्म और स्वदेश के प्रति अमर बलिदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया कि उन्होंने देशभर के सिख समाज की भावना को स्वीकार करते हुए इस दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास भारत में भक्ति और शक्ति का इतिहास है। गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की जो अलख जगाई, उसके प्रचार-प्रसार के लिए देश के कोने-कोने में गए। गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह ने अपने त्याग और बलिदान से इसे अनुकरणीय बनाया। शबद कीर्तन समागम में मुख्यमंत्री ने सिख गुरुओं की परंपरा, उनके त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस का 350वां वर्ष मनाया जा रहा है और मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे कई बार उनके शहीदी दिवस के कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला। यह विशेष संयोग था कि जिस समय हम गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे, उसी दिन 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के हर स्कूल, कॉलेज और कार्यालय में वीर बाल दिवस के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं तथा साहिबजादों की गाथाएं पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं, ताकि नई पीढ़ी को बलिदान की प्रेरणा मिल सके। उन्होंने कहा कि इतिहास उन्हीं का बनता है जिनके मन ...शेष पृष्ठ 14 पर

### माघ मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगा स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण

लखनऊ। प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला की तैयारियों की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मेला केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सनातन परंपरा, सामाजिक अनुशासन और प्रशासनिक दक्षता का सजीव उदाहरण है। उन्होंने निर्देश दिए कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित वातावरण मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम पर कल्पवास, स्नान और साधना की परंपरा भारतीय सांस्कृतिक चेतना की आत्मा है। इस वर्ष 15 से 25 लाख श्रद्धालु केवल कल्पवासी होंगे। महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के बाद माघ मेला को लेकर देश और दुनिया में विशेष उत्साह है। यह मेला समाज को संयम, समरसता और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं में आध्यात्मिक गरिमा बनी रहे, लेकिन किसी भी स्तर पर अव्यवस्था या असुविधा न हो। उन्होंने गृह विभाग को निर्देश दिए कि प्रमुख स्नान पर्वों पर किसी तरह का वीआईपी प्रोटोकॉल न दिया जाए, इन संबंध में आवश्यक सूचना जारी कर दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि माघ मेले से जुड़े सभी विभागों के प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अधिकारी और अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था स्वयं मेला क्षेत्र जाकर तैयारियों की समीक्षा करें। 31 दिसम्बर तक सारी तैयारी पूरी कर ली जाए। बैठक में मंडलायुक्त प्रयागराज ने बताया कि माघ मेला-2026 का आयोजन 3 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक कुल 44 दिनों तक होगा। इस दौरान पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख स्नान पर्व पड़ेंगे। पूरे मेला काल में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, जबकि मौनी अमावस्या जैसे प्रमुख पर्व पर एक ही दिन में साढ़े तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम स्नान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अमेरिका ने रद्द किया एच1बी वीजा साक्षात्कार

### सोशल मीडिया पोस्ट व ऑनलाइन प्रोफाइल जांच को लेकर कई महीनों के लिए स्थगित

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को कहा कि उसने बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पूर्व निर्धारित एच1बी वीजा साक्षात्कार रद्द किए जाने पर अमेरिका के समक्ष चिंता व्यक्त की है और दोनों पक्ष इस मुद्दे पर बातचीत कर रहे हैं। देश में इस महीने के मध्य से होने वाले हजारों एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार को उनके सोशल मीडिया पोस्ट और ऑनलाइन प्रोफाइल की जांच करने के नाम पर अचानक कई महीनों के लिए स्थगित कर दिया गया है।

जिन आवेदकों के वीजा के लिए अपॉइंटमेंट पिछले सप्ताह निर्धारित थे, उनमें से कुछ को अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों से ईमेल प्राप्त हुआ है, जिसमें उन्हें सूचित किया गया है कि




उनके साक्षात्कार अगले साल मई तक के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में बताया कि भारत सरकार को उन भारतीय नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं जिन्हें अपने वीजा अपॉइंटमेंट को पुनर्निर्धारित करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वीजा संबंधी मुद्दे किसी भी देश की संप्रभुता से जुड़े होते हैं। जायसवाल ने कहा, हमने इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को अमेरिकी पक्ष के समक्ष उठाया है, नयी दिल्ली में भी और वाशिंगटन डीसी में भी। उन्होंने कहा कि कई भारतीय लंबे ...शेष पृष्ठ 14 पर

### गोरखपुर : 11वीं के छात्र की गोली मारकर हत्या

गोरखपुर। पिपराइच थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर 11वीं कक्षा के एक छात्र की स्कूल परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना को लेकर हिंसक प्रदर्शन हुए और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई।

पुलिस के मुताबिक घटना दोपहर करीब एक बजे कोऑपरेटिव इंटर कॉलेज के खेल के मैदान में हुई, जहां कथित तौर पर विवाद के दौरान 11वीं कक्षा के छात्र सुधीर भारती को गोली मार दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भारती खेल के मैदान में मौजूद था और कुछ बच्चों को मोटरसाइकिल चलाना सिखा रहा था, तभी मोहल्ले की पुरानी दुश्मनी को लेकर कहासुनी हो गई। आरोपी ने कथित तौर पर देसी पिस्तौल से गोली चलाई, जो सुधीर को लगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## साहिबजादों का जीवन धर्मरक्षा व देशभक्ति का जीवंत उदाहरण

### सीएम धामी ने वीर बाल दिवस पर गुरुद्वारे में टेका मत्था

प्रमुख संवाददाता

देहरादून (उत्तराखंड)। गुरु गोबिंद सिंह साहब के चारों साहिबजादों का जीवन त्याग, शौर्य, धर्मरक्षा और देश भक्ति का जीवंत उदाहरण है। जिन्होंने भारत के स्वाभिमान की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूद्वारा, गुरू सिंह सभा, आढ़त बाजार, देहरादून में वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री धामी ने गुरू सिंह सभा में माथा टेका एवं लंगर ग्रहण किया। संगत के साथ मिलकर पवित्र अरदास की और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह



के चारों साहबजादों 'नन्हें वीरों' ने धर्म परिवर्तन स्वीकार करने के बजाय मृत्यु को स्वीकार किया। इन वीर साहिबजादों ने ये सिद्ध कर दिया कि स्वधर्म और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती। उन्होंने कहा इस अमर बलिदान को आने वाली पीढ़ियां कभी भुला नहीं सकती। मुख्यमंत्री धामी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह तथा उनके चारों साहिबजादों ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 43.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 29.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- 12,492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात (पृष्ठ-02)
- यीडा बनेगा सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट और इंडस्ट्रियल हब (पृष्ठ-02)
- रुपया 16 पैसे टूटकर 89.86 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- विदेशी मुद्रा भंडार 693 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- सरकार का कच्चे माल की सुरक्षा पर होगा जोर (पृष्ठ-14)


विशेष खबर — एलडीए ने डीसीपी पश्चिमी को संबोधित करते हुए लिखा पत्र, ठोस कदम उठाने की तैयारी में प्रशासन

# राजधानी में फिर सरकारी गमले चोरी, कार्रवाई की तैयारी

मो. दानिश सिद्दीकी

लखनऊ। राजधानी के 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन से जहां एक ओर लखनऊ की साख में चार चांद लग गये वहीं दूसरी ओर फिर सरकारी गमलों की चोरी की घटना का वीडियो वायरल होने से पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया। लखनऊ में 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन के बाद सड़क किनारे सजावट के लिए रखे गए गमले लूटने का वीडियो वायरल हुआ है। लोगों के इस कृत्य को देखकर प्रेरणा स्थल के आस-पास सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

यूपी की राजधानी लखनऊ में 25 दिसंबर की शाम को हैरान करने वाला नजारा सामने आया जहां कुछ लोग सड़क किनारे सजावट के लिए लगाए



गए गमले ही चुरा ले गए। आश्चर्य की बात तो यह रही कि इन गमलों को चुराने वाले कोई अराजक तत्व नहीं बल्कि घरेलू महिलाएं व सभ्य समाज से आने वाले चुनिंदा लोग थे।

इससे पूर्व भी इन्वेस्टर्स समिट के दौरान इसी प्रकार की घटना का वीडियो वायरल हुआ था। जिसका जिक्र सीएम योगी ने अपने एक कार्यक्रम में भी किया था। उस समय मुख्यमंत्री ने इसे मानवीय भूल मानते हुए संबंधित अफसरों से कहा था कि घटना कारित करने वाले को वार्निंग देकर छोड़ दें। किन्तु इस बार की घटना ने प्रशासन ने नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त कदन उठाने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल, बीते दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने बसंत कुंज योजना में निर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल 'का उद्घाटन किया था।

पीएम मोदी के आगमन से पहले लखनऊ शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस क्रम में सड़कों के किनारे फूलों वाले छोटे-बड़े सैकड़ों गमले लगाए गए थे। लेकिन जब कार्यक्रम समाप्त हुआ तो भीड़ इन गमलों पर टूट पड़ी और एक-एक कर गमले चोरी कर ले जाने लगी। कोई बाइक से गमले चोरी कर ले जा रहा था, तो कोई कार में भरकर ले जा रहा था। कुछ तो पैदल ही गमला चुरा कर ले गए। इस काम में महिला-पुरुष सब शामिल थे।

कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला लखनऊ विकास प्राधिकरण के संज्ञान में आया। इसमें प्राधिकरण ने कहा है कि 'गमला चोरी' में शामिल लोगों की पहचान की जाए। सीसीटीवी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दिल्ली में जिलों का पुनर्गठन अब 11 की जगह होंगे 13 जिले

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में जिलों के पुनर्गठन को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत तीन नए जिले बनाए गए हैं, जिनमें पुरानी दिल्ली, मध्य-उत्तर और बाहरी उत्तर जिले शामिल हैं।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पुनर्गठन के बाद दिल्ली में राजस्व जिलों की संख्या 11 से बढ़कर अब 13 हो गई है। पुनर्गठन योजना के तहत शाहदरा जिले का अन्य जिलों में विलय कर दिया गया है। नयी व्यवस्था के अनुसार, दिल्ली के 13 जिलों में अब दक्षिण-पूर्व, पुरानी दिल्ली, उत्तर, नयी दिल्ली, मध्य, मध्य उत्तर, दक्षिण-पश्चिम, बाहरी उत्तर, उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम होंगे। दिल्ली सरकार ने अपने बयान में कहा कि 11 जिलों को तत्काल प्रभाव से पुनर्गठित करके 13 जिले बना दिए गए हैं और इस संबंध में बृहस्पतिवार को अधिसूचना जारी की गई। बयान के अनुसार, दस्तावेजों के पंजीकरण के लिए सार्वजनिक सेवाओं को निर्बाध रूप से जारी रखने और इस बदलाव के दौरान नागरिकों को होने वाली किसी भी असुविधा को कम करने के लिए वर्तमान उप-पंजीयक कार्यालयों के पंजीयकों का अधिकार क्षेत्र भी निर्धारित कर दिया गया है। इसके मुताबिक, पंजीकरण कार्य सुचारू रूप से ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# वृंदावन में मिलेंगे फ्लैट, पांच शहरों में लांच होगी आवासीय योजना

## अधूरी योजना दो बीएचके के 240 फ्लैट बनेंगे, आवास विकास की बोर्ड ने पास किए 62 प्रस्ताव

विशेष संवाददाता (vol

**लखनऊ।** उप्र. आवास विकास परिषद की लखनऊ की वृंदावन योजना में आशियाने का सपना पूरा होगा। यहां पर अधूरे पड़े अरावली एंक्लेव का काम होने से दो बीएचके के 240 फ्लैट बनाने का रास्ता साफ हो गया है। नए साल में अप्रैल-मई तक पंजीकरण खोलने का भी लक्ष्य तय किया गया है। इससे सम्बंधित प्रस्ताव शुक्रवार को आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में पास किया गया। प्रमुख सचिव पी गुरू प्रसाद की अध्यक्षता में साढ़े चार घंटे चली परिषद की 274वीं बोर्ड बैठक में 62 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई। भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए 51 रिटायर अधिकारियों व इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने के प्रस्ताव को भी पास किया गया।

आवास विकास परिषद के सचिव नीरज शुक्ल ने बताया कि वृंदावन योजना सेक्टर 12 में 2017 में 560 फ्लैट टू बीएचके की अरावली योजना लांच की गई थी। यहां कुल 12 टावर बनने थे लेकिन उस समय वायबिलिटी न होने से पांच टावर नहीं बन सके थे। अब पहले बने ज्यादातर फ्लैट बिक गए हैं। उप आवास आयुक्त चंदन पटेल ने बताया कि अब लोगों की डिमांड को देखते हुए बचे हुए 240 फ्लैट जो कि टू बीएचके के होंगे, को बनाने का निर्णय लिया गया है। पुराने रेट पर उसी बिल्डर को जिम्मेदारी दी गई है।

यह फ्लैट 156 से 158 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के होंगे। इनकी कीमत से 96 से 92 लाख रुपये होंगे। इस पर 15 प्रतिशत की छूट भी उनको दी जाएगी जो 60 दिन में पूरा पैसा जमा कर देंगे। उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद अब छोटे शहरों में अपनी आवासीय योजना लॉन्च करने जा रहा है। इस कड़ी में वह सबसे पहले प्रतापगढ़ में 141 हेक्टेअर को अगले साल के अप्रैल तक लांच कर दिया जाएगा। इस योजना पर तेजी से काम हो रहा है। बोर्ड ने भूमि अधिग्रहण पर आने वाले 577 करोड़ रुपये खर्च की मंजूरी दे दी है।

इसके अलावा गाजीपुर और मऊ में अपनी आवासीय योजना लॉन्च करेगा। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया दो साल में पूरी हो जाएगी। उसके बाद वहां आवासीय भूखंड बना कर बेचे जाएंगे। सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि प्रतापगढ़ में तहसील सदर में स्थित ग्राम टेउंगा, बडनपुर व जहनईपुर ग्राम सभा और काश्तकारों की भूमि को आवास विकास अपनी आवासीय योजना के लिए लेगा। गाजीपुर में गाजीपुर-मऊ राजमार्ग पर ग्राम समाज और ग्राम जमुनादेवा में जमीन का अधिग्रहण आवासीय योजना के लिए किया जाएगा। मऊ में गोरखपुर मार्ग पर आवासीय योजना बनाई जाएगी।

मऊ के तहसील मऊनाथ भंजन के पास ग्राम रेवरीडीह, मेघई मो. शहरोज, डडीखास और शहारोज में आवासीय योजना के लिए भूमि ली जाएगी। इसके अलावा बांदा, चित्रकूट में भी आवासीय योजनाओं से सम्बंधित प्रस्ताव को लेकर बोर्ड में फैसला लिया गया है। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि उक्त शहरों में आवासीय योजना के लिए जमीनें तीन प्रकार से ली जाएंगी। पहला आपसी समझौते से, दूसरा लैंड पुलिंग और तीसरा अधिग्रहण से। इनके लिए मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के अंतर्गत जमीन के लिए शासन से बजट लेने की भी मंजूरी बोर्ड ने दे दी है।





### विकास नगर का फुटबाल मैदान निजी हाथों में

विकास नगर के सेक्टर-11 में स्थित फुटबाल मैदान को आवास विकास परिषद ठेके पर देगा। इसका प्रस्ताव बोर्ड ने पास कर दिया है। यह ग्राउंड करीब दो एकड़ में फैला है। आवास विकास परिषद के सचिव नीरज शुक्ला ने बताया कि बोर्ड से पास हुए प्रस्ताव के तहत टेंडर के जरिए 10 साल की लीज पर आवंटन किया जाएगा। उसके बाद पांच-पांच साल की लीज दो बार में बढ़ाई जाएगी। यह तभी बढ़ाई जाएगी जब लीज धारक संस्था सही से काम करेगी। ग्राउंड पर प्रशिक्षण व आयोजन की फीस सरकारी रहेगी।

### आईटी सिटी में कम किए जमीन के दाम

वृंदावन योजना में करीब 256 एकड़ में विकसित की जा रही आईटी सिटी के 7 भूखंडों के दाम कम कर दिए गए हैं। आवास विकास परिषद के सचिव नीरज शुक्ला ने बताया कि अभी आईटी सिटी में जमीन की कीमत आवासीय की डेढ़ गुना थी जो अब एक गुना यानि आवासीय दर पर कर दी गई है। जो 10 एकड़ से अधिक जमीन खरीदेंगे उनको आवासीय से 0.9 प्रतिशत कम कीमत पर जमीन मिलेगी। उप आवास आयुक्त पल्लवी मिश्रा ने बताया कि आईटी के लिए चार बार निविदा निकाली गई मगर कोई खरीदार नहीं आया। ऐसे में जमीन की कीमत को बोर्ड ने कम कर दिया है। आईटी सिटी योजना में आवासीय जमीन का रेट अभी करीब 38 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर है। डेढ़ गुना पर यह करीब 58 हजार रुपये प्रतिवर्ग मीटर हो जा रही थी, जिसे अब कम कर दिया गया है।

### अनियमितता बरतने पर 51 अधिकारियों व इंजीनियरों पर कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी आवास विकास परिषद ने 51 अधिकारियों व इंजीनियरों पर कार्रवाई की है। इन पर मुख्य रूप से घटिया निर्माण, भ्रष्टाचार (अवैध भुगतान) और किसानों से जुड़े मुद्दों पर लापरवाही बरतने के आरोप हैं। प्रमुख सचिव आवास पी गुरू प्रसाद की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई परिषद की बोर्ड ने आरोपी इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति को मंजूरी प्रदान कर दी। 15 सेवानिवृत्त इंजीनियरों के पेंशन से पांच से लेकर दस प्रतिशत तक कटौती करने व 36 अन्य इंजीनियर, अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। जल्द ही बचे हुए दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों को भी कार्रवाई होगी। वृंदावन योजना, लखनऊ में व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन में अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामले सामने आए थे, जिनके संबंध में जांच चल रही है और कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। व्यवसायिक भूखण्डों के आवंटन में अनियमितता पाए जाने पर प्रभारी संपत्ति प्रबन्धक डी के शुक्ला पर कुल क्षतिपूर्ति धनराशि 1 करोड़ 21 लाख 77 हजार 375 की वसूली उनकी पेशंन के 50 प्रतिशत अधिकतम के आधार पर वसूले जाने, प्रशासनिक अधिकारी कन्हई प्रसाद से 70 हजार रुपये को पेशंन से कटौती किए जाने, वरिष्ठ सहायक के एन सिंह से धनराशि 1 करोड़ 21 लाख 77 हजार 374 को उनकी पेंशन से 50 प्रतिशत वसूलने समेत कनिष्ठ लेखाधिकारी प्रमोद अग्रवाल से 9 लाख 70 हजार रुपए क्षतिपूर्ति शुल्क को उनकी पेंशन से पांच वर्षो तक कटौती करने का निर्णय लिया गया है। परिषद के इंजीनियरों ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी बीएसयूपी योजना (बेसिक सर्विसेज टू अर्बन पुअर) में घपलेबाजी को अंजाम दिया। आगरा के कालिंदी विहार के द्वितीय पॉकेट में इस योजना के 272 भवनों, सामुदायिक केंद्र और कियोस्क के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई। आईआईटी रुड़की ने अपनी जांच में घटिया स्तर के निर्माण होने की पुष्टि हुई। इनके बनाने पर 5 करोड़ 25 लाख 55 हजार 589 रुपये खर्च हुए। इसके निर्माण से जुड़े पांच इंजीनियरों से इस रकम की रिकवरी का आदेश किया गया है। अवर अभियन्ता एस के सिंह भदौरिया से 1.58 करोड़ की वसूली उनकी पेशंन में 50 प्रतिशत की कटौती से की जाएगी। सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियन्ता नासिर हुसैन फाजिली, सहायक अभियन्ता राजीव कुमार यादव व अवर अभियन्ता गजेन्द्र पाल के विरुद्ध जांच में संलिप्तता पाये पाये जाने पर उनकी पेशंन से पांच वर्ष तक दस प्रतिशत की कटौती करने, सहायक अभियन्ता अनूप सचान त्रिपाठी और अवर अभियन्ता हरि शंकर सचान की पेंशन से छह वर्षो तक दस प्रतिशत की कटौती करने व सहायक अभियन्ता अफसर अली की पेंशन से दो वर्षो तक पांच प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त विद्युत संवर्ग के सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता आर के गुप्ता, सहायक अभियन्ता डी सी शुक्ला और डी आर मौर्या, अधिक्षण अभियन्ता सी पी सिंह व अवर अभियन्ता यू सी मिश्रा की पेंशन से तीन वर्ष तक पांच प्रतिशत की कटौती की जाएगी।

### गाजियाबाद की 350 करोड़ की वसुंधरा योजना का रास्ता साफ

सचिव ने बताया गाजियाबाद की वसुंधरा योजना-तीन करीब 12 साल पहले किसानों को बोर्ड ने 25 से 50 वर्ग मीटर का भूखंड देने का प्रस्ताव पास किया गया था। जिसके बाद उस समय सभी 217 किसानों को 25 वर्ग मीटर के ही भूखंड आवंटित किए गए जिसको लेकर किसान पिछले 12 साल से विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इससे परिषद की योजना में फंसी थी। अब बोर्ड ने सभी 35 वर्गमीटर का भूखंड देने का प्रस्ताव पास किया है। इससे परिषद की करीब 350 करोड़ रुपये की फंसी जमीन भी बाहर आ जाएगी और योजना का शुरू किया जा सकेगा।

### ई नीलामी में बदलाव, नहीं बढ़ेंगी हर बार कीमत

परिषद ने उन संपत्तियों के मामले में नियम सरल किया जो बोली में उच्च कीमत आने के बाद बिक नहीं रहीं थी। उप आवास आयुक्त पल्लवी श्रीवास्तव ने बताया कि कई बार लोग ई नीलामी में संपत्तियों की बोली इतनी अधिक लगा देते हैं और खरीदते नहीं हैं। इससे वह संपत्ति फंस जाती है। यह संपत्तियों जब पिछली बोली के आधार पर दोबारा नीलामी में लगाई जाती थीं तो फिर उतनी बोली आती नहीं थी। ऐसे में यह सपंत्तियां बिक नहीं पा रही हैं। लखनऊ, कानपुर सहित अन्य शहरों में करीब 50 संपत्तियों फंसी हैं। अब बोर्ड ने यह तय किया है कि दो बार और नीलामी लगाने के बाद यदि पुरानी कीमत नहीं आई तो फिर कीमत को परिषद के रेट के आधार पर नीलामी में लगाया जाएगा

### इन प्रस्ताव को भी मिली मंजूरी

मुरादाबाद नगर निगम कार्यालय भवन निर्माण के लिए ग्रुप हाउसिंग के भूखंड का संस्थागत में परिवर्तन, सब्सिडीयरी इंटेलीजेंस ब्यूरो को भवन निर्माण के लिए मझोला योजना मुरादाबाद में ग्रपु हाउसिंग के भूखंड पर कार्यालय निर्माण के लिए सहमति, प्रतापगढ़ आवासीय योजना के लिए जमीन किसानों से अपासी सहमति से खरीदी जाएगी और डीएम सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिए जाने, विकास शुल्क निर्धारण के प्रस्ताव पर समिति बनाई गई है। आवास विकास परिषद के कर्मचारियों को 01 जुलाई 2025 से 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। अधिशाषी अभियन्ता पंकज कुमार पाल व सहायक अभियन्ता मनोज कुमार को कृमशः अधीक्षण अभियन्ता व अधिशाषी अभियन्ता पद पर प्रमोशन दिए जाने के प्रस्ताव को पास कर दिया गया है।

### कानपुर में भी लोगों को मिलेंगे सस्ते प्लॉट

कानपुर शहर में मंधना भूमि विकास एवं गृह निर्माण योजना संख्या-04 लैंड पूलिंग स्कीम के तहत प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस योजना से कानपुर में नए आवासीय क्षेत्र विकसित होंगे और लोगों को सस्ते मकान उपलब्ध हो सकेंगे।

### अयोध्या में विला बनायेगा आवास विकास

उप आवास आयुक्त चंदन पटेल ने बताया कि शहीद पथ स्थित अवध विहार योजना में करीब 100 भूखंडों का पंजीकरण एक से दो महीनें में खोले जाने की तैयारी है। इसके लिए आवेदन ऑनलाइन होगा और आवंटन भी लॉटरी के जरिए किया जाएगा। अयोध्या योजना में भूखंड के अलावा मकान (विला) बनाए जाएंगे। इसको लेकर भी योजना बनाई जा रही है।

# आवास विकास परिषद की संपत्तियों के दाम घटेंगे, 25% तक मिलेगी छूट

विशेष संवाददाता (vol

- नई योजनाओं की संपत्तियों के दाम 10 से 15 प्रतिशत तक कम होंगे
- नई आदर्श कास्टिंग गाइडलाइंस को अंगीकृत किया गया

**लखनऊ।** उप्र. आवास विकास परिषद अपनी योजनाओं में अनिस्तारित संपत्तियों को नीलामी के बजाय अब सीधे बेच सकेगा। ऐसी अनिस्तारित संपत्तियों की कीमतों में 25 प्रतिशत तक की कटौती की जाएगी। इससे सम्बंधित आदर्श कास्टिंग गाइडलाइन-2025 को आवास विकास परिषद बोर्ड ने अंगीकृत कर लिया है।

इसके साथ ही सेल के माध्यम से बिक्री को बढ़ावा देने के लिए आवंटियों को अतिरिक्त रियायतें भी दी जा सकेंगी। नई योजनाओं आ रही हैं उनमें कई तरह का जो अतिरिक्त शुल्क लिया जाता था उसको कम किया जाएगा। उसमें पार्क फेसिंग भूखंड पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को कम करके 10 की बजाए 05 प्रतिशत कर दिया गया है। सेंटेज को भी 20 से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया गया है।

नई गाइडलाइंस के अनुसार, जो संपत्तियां तीन वर्ष पुरानी हैं और पांच बार विज्ञापन निकालने के बाद भी नहीं बिक पा रही हैं, उन्हें सेल के माध्यम से बेचने पर 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा सकेगी। इसे इस तरह समझा जा



सकता है यदि किसी संपत्ति की मूल कीमत 50 लाख रुपये थी और बिक्री न होने के कारण यह बढ़कर 55 लाख रुपये हो गई है, तो बढ़ी हुई राशि यानी अतिरिक्त पांच लाख रुपये पर 25% तक की छूट दी जाएगी।

इस शासनादेश के लागू होने पर लोगों को सस्ते मकान, सस्ते कम कीमत पर फ्लैट व मकान मिल सकेंगे। अपर आवास आयुक्त व सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने बताया कि अभी तक 26 वर्ष पुराने शासनादेशों के आधार पर ही संपत्तियों का मूल्यांकन तय किया जा रहा था, जिसमें 12 से 15 प्रतिशत तक ब्याज दर, 15 प्रतिशत कंटीजेंसी चार्ज और 10 से 15 प्रतिशत ओवरहेड चार्ज शामिल थे। इससे संपत्तियों के दाम बढ़ने की वजह से खरीदार नहीं मिल रहे थे। अब नई आदर्श कास्टिंग गाइडलाइंस जारी की गई है। कार्नर, पार्क फेसिंग या 18 मीटर अथवा उससे अधिक चौड़ी सड़क पर स्थित संपत्तियों पर लगने वाले अतिरिक्त चार्ज भी घटा दिए गए हैं।

अब प्रत्येक के लिए 5 प्रतिशत और तीनों सुविधाओं के होने पर 15 प्रतिशत के बजाय 12 प्रतिशत अतिरिक्त चार्ज ही लिया जाएगा। संपत्तियों के पूर्ण भुगतान पर छूट का प्रावधान भी किया गया है। इसके अनुसार 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर 6 प्रतिशत, 60 दिन में भुगतान पर 5 प्रतिशत और 90 दिन में भुगतान पर 4 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सेल की संपत्तियों को बल्क में खरीदने पर छूट की व्यवस्था दी गई है।

बल्क में 10 से 25 फ्लैट्स तक खरीदे जाने पर 5 प्रतिशत, 26 सं 50 फ्लैट्स तक 10 प्रतिशत और 50 फ्लैट्स से अधिक खरीदने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मगर 90 दिन में पूरा भुगतान करना होगा। साथ ही दुर्बल आय वग्र के भवनों को इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। निम्न आय वर्ग की संपत्तियों पर ब्याज दर घटाकर 8 प्रतिशत कर दी गई है, जिससे उन्हें 2 प्रतिशत की अतिरिक्त राहत मिलेगी।

इसके अलावा, नई कास्टिंग गाइडलाइंस लागू होने से विकास प्राधिकरण और परिषद की नई योजनाओं की संपत्तियों के दाम भी 10 से 15 प्रतिशत तक कम होंगे। नई व्यवस्था के तहत ब्याज दर को अधिकतम 15 प्रतिशत रखने के बजाय अब इसे स्टेट बैंक के एमसीएलआर से केवल एक प्रतिशत अधिक रखा जाएगा।

# बिना सुनवाई का मौका दिए ध्वस्तीकरण पर 20 लाख का हर्जाना

## हाईकोर्ट ने हर्जाने की रकम याची को दो माह में देने के सरकार को दिए आदेश

विधि संवाददाता

- अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी से जांच कराने के भी आदेश

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बिना सुनवायी का मौका दिए, रिकॉर्ड सुधार की कार्यवाही कर खातेदार का नाम हटाने व प्रश्नगत भूमि पर बने निर्माण को ध्वस्त करने के एक मामले में साख रुख अपनाया है। न्यायालय ने न सिर्फ एसडीएम द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए, जमीन का कब्जा याची को सौंपने के आदेश दिए हैं बल्कि सरकार पर 20 लाख रुपये का हजार्ना भी लगाया है।

न्यायालय ने कहा है की हजार्ने की उक्त रकम का भुगतान याची को दो माह में किया जाए। इसके साथ ही न्यायालय ने राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच के भी आदेश देते हुए, स्पष्ट किया है की जांच अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी से करायी जाए।

यह निर्णय न्यायमूर्ति आलोक माथुर की एकल पीठ ने सावित्री सोनकर की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से कहा गया था की रायबरेली जनपद के ग्राम देवनंदनपुर स्थित गाटा संख्या 431 ख भूमि का मालिकाना हक याची का है व उसका नाम भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज चला आ रहा है। इसके बावजूद संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा बिना नोटिस और सुनवाई के यूपी राजस्व संहिता की धारा 38 के अंतर्गत कार्यवाही कर 10 फरवरी को याची का नाम अभिलेखों से हटाकर भूमि को ग्राम सभा की भूमि घोषित कर दिया गया। इसी आदेश के आधार पर 24 मार्च याची के निर्माण को ध्वस्त कर भूमि जीएसटी विभाग को सौंप दी गई।

न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा है कि धारा 38 के अंतर्गत रिकॉर्ड सुधार की जो कार्यवाही की गई, वह अवैध और मनमानी थी। न्यायालय ने कहा कि याची को न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया, जबकि विवादित भूमि के संबंध में वर्ष 1975 की डिक्री पहले से अस्तित्व में थी। ऐसे में धारा 38 का प्रयोग इस प्रकरण में नहीं किया जा सकता था।

न्यायालय ने आगे कहा कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में न तो धारा 67 यूपी राजस्व संहिता के अनुसार थी और न ही सर्वोच्च न्यायालय जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप। न्यायालय ने यह भी कहा कि मात्र आदेश को निरस्त करना याची को पूर्ण न्याय देने के लिए पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि राज्य अधिकारियों की कार्रवाई से याची की संपत्ति को गंभीर क्षति पहुंची है। इस आधार पर राज्य सरकार पर 20 लाख रुपये का हजार्ना लगाया। न्यायालय ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदेश की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत किए जाने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर विवादित भूमि का खाली कब्जा याची को सौंपा जाए। राज्य सरकार को आदेश दिया गया कि पूरे प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा याची को दी गई लागत की राशि संबंधित अधिकारियों से वसूली जाए।

### राजनाथ से मिले व्यापारी व समाचार पत्र वितरक

**लखनऊ।** सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल और समाचार पत्र वितरक समिति के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने शुक्रवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अकबरी गेट उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने का आमंत्रण पत्र सौंपा तथा समाचार पत्र वितरक समिति के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने चौक क्षेत्र में बंद पड़े डिपो के निर्माण में आ रही बाधाओं का मुद्दा उठाया, जिस पर रक्षा मंत्री जी ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। वहीं रक्षामंत्री बाहर होने के कारण कार्यक्रम में स्वयं उपस्थित होने में असमर्थता जताते हुए अपने प्रतिनिधिमंडल को शपथ ग्रहण समारोह में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी को विशेष रूप से उपस्थित रहने को कहा।

# रविवार को भी खुले रहेंगे नगर निगम के जोनल कार्यालय

विशेष संवाददाता (vol

**लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन में अब मात्र तीन माह का समय शेष रह गया है। वहीं दिसंबर 2025 माह के समाप्त होने में केवल तीन कार्यदिवस बचे हैं। ऐसे में गृहकर वसूली की प्रगति को लेकर नगर आयुक्त महोदय ने सख्त रुख अपनाया है। दिसंबर माह की वसूली की समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई जोनों में गत वित्तीय वर्ष के इसी माह की तुलना में वसूली अपेक्षाकृत कम रही है, जो लक्ष्य प्राप्ति की दृष्टि से चिंताजनक है।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि शेष अवधि में नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करते हुए गृहकर जमा कराया जाना आवश्यक है, ताकि आय में वृद्धि के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इसी क्रम में सभी जोनल अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।




प्रशासन का मानना है कि समय रहते ठोस कदम उठाए जाने से न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि नागरिकों को भी कर भुगतान में सहूलियत मिलेगी। इसी उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि सार्वजनिक अवकाश रविवार, 28 दिसंबर 2025 को भी सभी जोनल कार्यालय और कैश काउंटर खुले रहेंगे। इस दिन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक कर निर्धारण, फीडिंग तथा अन्य संबंधित कार्य किए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बकायेदार भवन स्वामियों से सीधे संपर्क कर अधिक से अधिक गृहकर की वसूली सुनिश्चित करें। इसके साथ ही नगर निगम ने सभी वार्डों में विशेष कर वसूली कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए हैं। इन कैंपों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को कर निर्धारण और भुगतान की जानकारी मिल सके। कैंपों में मौके पर ही कर निर्धारण, संशोधन और गृहकर जमा कराने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# नागरिकों के खुला राष्ट्र प्रेरणा स्थल, जल्द तय होंगी टिकट दरें

## संचालन समिति का कराया जायेगा पंजीकरण, खुलेगा बैंक अकाउंट, औद्यानिक व अनुरक्षण कार्यों के लिए लगायी गयी अफसर-अभियंताओं की ड्यूटी

विशेष संवाददाता (vol

**लखनऊ।** बसन्तकुंज योजना में 65 एकड़ क्षेत्रफल में बना राष्ट्र प्रेरणा स्थल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में 2 लाख से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्रेरणा स्थल में साफ-सफाई व अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा है, जोकि जल्द पूर्ण करा लिया जाएगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल का संचालन कार्पस फंड के ब्याज और टिकट से प्राप्त होने वाली धनराशि से किया जाएगा। इसके लिए शासन स्तर से 50 करोड़ रुपये और प्राधिकरण की ओर से 25 करोड़ रुपये कार्पस फंड में जमा किये जाएंगे। उन्होंने



बताया कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल संचालन समिति का पंजीकरण कराने के साथ ही एक अलग बैंक अकाउंट खोला जा रहा है। जिसके लिए वित्त नियंत्रक को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रेरणा स्थल के बड़े हिस्से में हॉर्टीकल्चर के विभिन्न कार्य कराये गये हैं, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी उद्यान अधिकारी को सौंपी गयी है। जिनके द्वारा प्रतिदिन प्रेरणा स्थल का निरीक्षण करके औद्यानिक कार्यों की देखरेख की जाएगी। इसके अलावा अनुरक्षण सम्बंधी कार्यों के लिए 02 अवर अभियंताओं की ड्यूटी लगायी गयी है।

उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करके इसे आम लोगों को समर्पित कर दिया है। स्थल में साफ-सफाई व अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा है, जोकि 1 जनवरी, 2026 तक पूर्ण करा दिया जाएगा। प्रेरणा स्थल में प्रवेश टिकट की दरों का निर्धारण संचालन समिति की ओर से किया जाएगा।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल के संचालन को लेकर शासन स्तर पर एक कमेटी बनाई गई है। जिसमें प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सदस्य सचिव होंगे। इसके साथ ही प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव नगर विकास, प्रमुख सचिव पर्यटन, प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग, मण्डलायुक्त लखनऊ मंडल समिति में सदस्य होंगे।

### लखनऊ को मिला एक और बड़ा पार्क

- राजधानी को राष्ट्र प्रेरणा स्थल के साथ ही जनेश्वर मिश्र, लोहिया पार्क व अंबेडकर पार्क के बाद एक और बड़ा पार्क मिल गया है। चौक, ठाकुरगंज आदि पुराने लखनऊ वासियों के लिए यह बेहद उपयोगी होगा। यहां के जागिंग ट्रैक पर टहल सकेंगे और मेडिटेशन, विपश्यना केंद्र व योग केंद्र आदि परिसर में बने हैं। राजनीतिक दल इस परिसर में रैलियां आदि कर सकेंगे साथ ही एम्फी थियेटर का उपयोग नियमित अंतराल पर होने वाले सांस्कृतिक आयोजनों के लिए भी आसानी से हो सकेगा। बसंतकुंज योजना में कमल के फूल की आकृति में डिजाइन किया गया राष्ट्र प्रेरणा स्थल अब लोक के हवाले हो गया है। 6300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले म्यूजियम में पूर्व पीएम अटल, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व एकात्म मानववाद विचार के प्रणेता रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का भी जीवन संघर्ष देख व सुन सकते हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना पर आधारित है। 65 एकड़ क्षेत्र में इसे राष्ट्रीय महत्व के एक भव्य स्मारक और प्रेरणादायी परिसर के रूप में 230 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इस परिसर में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65-65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की गईं हैं, जो भारतीय राजनीतिक चिंतन, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन में उनके ऐतिहासिक योगदान का प्रतीक हैं। प्रख्यात मूर्तिकार राम वी सुतार व मातू राम ने प्रतिमाएं गढ़ी हैं। परिसर में एक संग्रहालय भी है, जिसे कमल के आकार में डिजाइन किया गया है। यह संग्रहालय लगभग 98000 वर्ग फीट क्षेत्र में फैला है। यहां उन्नत डिजिटल तकनीक से भारत की यात्रा और इन दूरदर्शी नेताओं के योगदान को प्रदर्शित किया गया है।

# 90 वार्डेन को दिया गया सिविल डिफेंस का प्रशिक्षण

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा संगठन (सिविल डिफेंस) के चतुर्थ बैच वार्डन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस बैच में कुल 90 वार्डन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा विशाख जी रहे। जिलाधिकारी विशाख जी. ने नागरिक सुरक्षा वार्डनों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पुलिस लाइन में आयोजित पिछली मॉक ड्रिल में वार्डनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसे अभ्यास नियमित रूप से होते रहने चाहिए, ताकि स्वयंसेवकों की दक्षता बनी रहे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में नागरिक सुरक्षा की भूमिका और अधिक अहम हो गई है। कार्यक्रम में स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन ऋतु राज रस्तोगी, डिप्टी डिवीजनल वार्डन सुनील तिवारी, नफीस, सुनील शुक्ल, सुनील



कर्मचंदानी, राम गोपाल ऐश्वर्य, उप नियंत्रक रविंद्र कुमार, एडीसी मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, मुकेश, ममता रानी, रेखा उपस्थित रहीं। ह्यफर्स्ट रिस्पॉन्डर होते हैं वार्डन प्रशिक्षण सत्र के दौरान चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने वार्डन सेवा के दायित्वों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में प्रशासनिक सहायता पहुंचने से पहले वार्डन ही फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में मौके पर पहुंचकर प्राथमिक सहायता देते हैं। आग, बाढ़ और अन्य आपात स्थितियों में बचाव कार्यों का नेतृत्व, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा, अफवाहों पर नियंत्रण, जनता में भय कम करना तथा राहत सामग्री के वितरण में समन्वय उनकी प्रमुख जिम्मेदारियां हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# दो बहनों ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान हुई मौत



● कुत्ते की बीमारी के चलते थीं तनाव में

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के जलालपुर दौदाखेड़ा कॉलोनी में बुधवार को दो सगी बहनों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजन दोनों को आनन-फानन में पास के रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान देर रात दोनों बहनों की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे परिवार में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार मृतक बहनों की पहचान राधा (25) और जिया उर्फ शानू (22) के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों बहनें मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और बीते कई दिनों से डिप्रेशन में चल रही थीं। परिजनों के मुताबिक घर में पाले गए कुत्ते की हालत लगातार खराब रहने के कारण दोनों बहनें काफी तनाव में थीं और इसी वजह से मानसिक रूप से और ज्यादा परेशान रहने लगी थीं। बुधवार दोपहर अचानक दोनों बहनों ने जहरीला पदार्थ खा लिया और माँ को आवाज लगाकर जानकारी दी, कुछ ही देर में उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि वहां इलाज के दौरान देर रात दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। परिवार में माता गुलाबा देवी, पिता कैलाश चौहान और एकलौता भाई नीरज है। एक साथ दो बेटियों की मौत से माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। कॉलोनी में भी शोक की लहर है और हर कोई इस घटना से स्तब्ध है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**दबंगों युवकों ने पैसा मांगने पर अंडा विक्रेता महिला साथी संग पीटा की तोड़फोड़, मुकदमा दर्ज :** आलमबाग कोतवाली इलाके में क्रिसमस दिवस की शाम दबंग दो युवकों ने एक अंडा विक्रेता की पैसा मांगने पर अपनी महिला साथी संग जमकर पिटाई कर अंडे के ट्रे तोड़ धमकी दे फरार हो गए। आलमबाग कोतवाली प्रभारी सुभाष चन्द्र सरोज ने बताया कि कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित संजय गाधी मार्ग आजाद नगर निवासी दुर्गेश पाल पुत्र श्यामलाल के अनुसार वह थाना क्षेत्र स्थित गीतापल्ली तिराहे के पास अपनी अंडे की ठेला लगा परिवार का भरण पोषण करता है। आरोप है कि वह गुरुवार 25 दिसम्बर क्रिसमस दिवस की शाम करीब 8 बजे अपनी दुकान पर मौजूद था।

उस दौरान निखिल यादव पुत्र सियाराम यादव निवासी होमगार्ड मुख्यालय आलमबाग लखनऊ, अनुराग यादव उर्फ कमल ठाकुर पुत्र मुन्ना यादव कैलाशपुरी आलमबाग निवासी गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर उसे धमकी देकर चले गए और उसके कुछ देर बाद पुनः उक्त लोग अपनी महिला मित्र सुधा सिंह, अनुराधा सिंह के साथ मे उसकी दुकान पर आए और एकजुट होकर गाली गलौज मारपीट करने के साथ उसके अण्डे के ठेले को उलट धमकी दे फरार हो गए। जिससे उसका काफी नुकसान हो गया यह नजारा आसपास के लोगों ने देखा और घटना का वीडियो भी बनाया। वही पीड़ित दुकानदार का कहना था उक्त दोनों युवक अपराधी प्रवृत्ति के है और अनुराग पूर्व में गांजा विक्री में जेल भी जा चुका है। जिसके चलते उसने स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से उक्त दोनों युवकों सहित उसकी महिला मित्र के खिलाफ लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित दुकानदार के नामजद शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित दबंगों का तलाश किया जा रहा है।

# बंथरा : सड़क दुर्घटना मे युवक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** थाना बंथरा इलाके मे एक सडक दुर्घटना मे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सुचना पाकर मौजे पर पहुंची पुलिस सरोजनी नगर के सी एच सी लें जाया गया। जहाँ पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुतावीक उन्हें सुचना मिली की बंथरा के दादूपुर मोड़ के पास एक युवक सडक दुर्घटना मे घायल हो गया हैं। घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक रमेश चंद्र मय फोर्स के घटना स्थल पहुंचे। जहाँ पर घायल युवक की पहचान गोविन्द कुमार पुत्र राम नरेश निवासी ग्राम पिपहारी, रहीम नगर, बंथरा, लखनऊ ज्ञात हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिये सरोज नी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लें जाया गया। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर परिजनों की उपस्थित मे पंचनामा की कार्य वाई करते हुए पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों से मिली तहरीर पर आवश्यक विधिक कार्य वाई कर अज्ञात पीकप वाहन की तलाश की जा रही हैं।

**तीस वर्षीय युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या :** रामनगर गाँव निवासी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

युवक शराब पीने का आदी था। मिलीजानकारी के अनुसार रामनगर गाँव निवासी मृतक के पिता कल्लू ने बताया कि तीस वर्षीय बेटा अखिलेश किसी बात को लेकर अक्सर परेशान रहता था। गुरुवार रात लगभग नौ बजे घर के बगल में आम की बाग में पेड़ से लटका देखकर आसपास के लोगो को बुलाकर उतारा गया। अखिलेश को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अखिलेश अभी अविवाहित था। आत्महत्या करने की वजह का खुलासा अभी नहीं हो सका है। परिवार में माँ शिवदुलारी व चार बहने है। पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु शव को मच्युरीं भेज दिया।

मृतक गरीब परिवार से था। जिसको शराब पीने के लिए पैसे नहीं होते तो वह पड़ोसियों की साइकिलें और आम की बागों से आम चोरी कर बेच देता था। जिससे अखिलेश के विरुद्ध थाने पर पीड़ितों द्वारा लिखित शिकायती पत्र भी दिए गए थे। पुलिस के भय से वह दिल्ली, पंजाब को मजदूरी करने निकल जाता था और कई कई महीने घर वापस नहीं लौटता था।

# शूटर वर्तिका सिंह के खिलाफ मुकदमे को हाईकोर्ट ने किया रद्



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने अंतरराष्ट्रीय शूटर वर्तिका सिंह के खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्यवाही को रद् कर दिया है। यह मामला कथित तौर पर एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के नाम पर फर्जी पत्र तैयार करने से संबंधित था।

यह निर्णय न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने वर्तिका सिंह की याचिका पर पारित किया है। न्यायालय ने कहा है कि रिकॉर्ड पर उपलब्ध किसी भी सामग्री से वर्तिका सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला नहीं बनता। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जिन कथित फर्जी दस्तावेजों को वर्तिका सिंह को भेजा गया था, उन्हें उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जांच के लिए सौंप दिया था, लेकिन यह पता लगाने के लिए कोई जांच नहीं की गई कि वे दस्तावेज वास्तव में किसने तैयार किए थे। अदालत ने यह भी पाया कि इसी प्रकरण में सह-आरोपी कमल किशोर कमांडो को विवेचक ने क्लीन चिट देते हुए, क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किया है। न्यायालय ने रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए कहा कि पूरा मामला अप्रैल 2020 से जुड़ा है, जब रजनीश सिंह नामक व्यक्ति ने स्वयं को एक प्रभावशाली नेता बताते हुए, तत्कालीन कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के सचिव के करीबी होने का दावा किया और वर्तिका सिंह को राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली का सदस्य बनाए जाने का झांसा दिया। इसी दौरान पूरा घटनाक्रम सामने आया। वर्तिका सिंह के खिलाफ वर्ष 2020 में थाना मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी में आईपीसी की धारा 419, 420, 468, 471, 120-बी, 509, 34 तथा आईटी एक्ट की धारा 66 और 67सी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के बाद उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई और मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेते हुए समन जारी किया। इस आदेश को चुनौती देते हुए वर्तिका सिंह की ओर से दलील दी गई कि वह एक अंतरराष्ट्रीय शूटर हैं और सामाजिक कार्यों से जुड़ी हैं तथा उन्हें झूठा फंसाया गया है। कहा गया कि राष्ट्रीय महिला आयोग में नियुक्ति के नाम पर 25 लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर उन्हें इस मामले में फंसाया गया।

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री आरना देवा के विद्यालय अभिलेखों में त्रुटिवश माता का नाम आयशा देवा (AYSHA DEVA) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम आयशा परवीन (AYSHA PARVEEN) दर्ज है। मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में भी माता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **आयशा परवीन पत्नी अर्चित देवा नि.- ए-12, पाण्डेय का तालाब कालोनी, तालकटोरा रोड, ऐशबाग, लखनऊ।**

## सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट व सर्टिफिकेट में त्रुटिवश माता का नाम शाहीन सिद्दीकी (SHAHEEN SIDDIQUE) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम शाहीन आलम (SHAHEEN ALAM) दर्ज है। मेरी पुत्री लायका आलम सिद्दीकी के हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट व सर्टिफिकेट में भी माता का सही नाम ही दर्ज किया जाये। **शाहीन आलम पत्नी शाह आलम नि.- 69/71, छितवापुर, भेड़ी मण्डी, हुसैनगंज, लखनऊ।**

## सूचना

सूचित हो कि मेरी हाई स्कूल मार्कशीट व सर्टिफिकेट में मेरा नाम रुही वली अंसारी (RUHI WALI ANSARI) दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम रुही वली अंसारी (ROOHI WALI ANSARI) दर्ज है। दोनों मेरे ही नाम हैं, मेरे पासपोर्ट आवेदन में मेरा नाम आधार कार्ड के अनुसार ही दर्ज किया जाये। **रुही वली अंसारी पत्नी मोहम्मद सुलेमान नि.- मोहल्ला बस्ती धनवन्त राय कस्बा व पर. व तह. मलिहाबाद जिला लखनऊ।**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शपथी के दो पुत्र हैं, जिनमें से दूसरे पुत्र रिजवान अली का चाल चलन, आचरण व व्यवहार ठीक नहीं है। शपथी व उसके पत्नी की सेवा परवरिश कभी नहीं करता है। बार-बार मारपीट गाली-गलौज करके शपथी की संपति ले लेने की धमकी देता है। शपथी व उसकी पत्नी उसकी बेवजह हरकतों से आजिज आ चुके हैं। आज की तारीख से शपथी अपने पुत्र रिजवान अली को अपनी सारी चल अचल संपति (बाहरी या पैतृक) से बेदखल कर रहा है। आज से शपथी व रिजवान अली के बीच कोई भी वास्ता सरोकार नहीं रहेगा अथवा मेरी चल-अचल संपति में भी उसका कोई हक नहीं रहेगा। **मोबीन अली पुत्र शकूर अली निवासी-ग्राम हाजीगंज, मजरे-मोहीउद्दीनपुर पोस्ट रसूलाबाद, थाना कोतवाली तहसील मुसाफिरखाना, जिला-अमेठी।**

# भीषण आग में पांच दुकानें जलकर खाक

## गैस सिलेंडर फटा, ई-रिक्शा, मोटरसाइकिल व मोबाइल जले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान के सामने स्थित अस्थायी दुकानों में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर करीब पांच दुकानें जलकर खाक हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग सबसे पहले फैशन बाजार में लगी और देखते ही देखते आसपास की दुकानों में फैल गई। फैशन बाजार के मालिक चिनहट के नंदी विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद रफी ने बताया कि सुबह के समय अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लगी। प्लास्टिक और कपड़ों के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया। दुकान में रखा सारा सामान जल गया। पास खड़ा एक ई-रिक्शा भी आग की चपेट में आ गया। दुकान में सो रहे पांच लड़कों के मोबाइल भी जल गए। इस दुकान में ही करीब 30 से 35 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं मुकेश कोयला भंडार के मालिक चिनहट स्थित छोटी मस्जिद निवासी मुकेश कनौजिया पुत्र विजय कनौजिया ने बताया कि उनका एक हेल्पर सुबह शौच के लिए बाहर गया था। लौटकर आने पर उसने दुकान में आग लगी देखी और तुरंत सूचना दी। जब तक वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी। दुकान में रखा करीब 5 से 6 लाख रुपए का कोयला, अन्य सामान और एक मोटरसाइकिल पूरी तरह जल गई।

**आग से फट गया गैस सिलेंडर:** चिनहट के सतरिख रोड स्थित बड़ी मस्जिद निवासी राजा कूल कार्नर एंड पान मसाला के दुकानदार वीरेंद्र कश्यप पुत्र नागेश्वर के अनुसार उनकी दुकान में रखा करीब 2 से 3 लाख रुपये का सामान आग में नष्ट हो गया। वहीं चम्मच टी स्टाल के दुकानदार आकाश पुत्र विनोद शर्मा ने बताया कि गैस सिलेंडर और चाय-पान मसाले का सामान जलने से करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर फटने से आग और ज्यादा भयावह हो गई। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। वहीं आग की वजह शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन, पुतला फूंका

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) संगठन की महिला जिला अध्यक्ष विद्यावती के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं दीपू दास की हत्या के विरोध में मलिहाबाद में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए मलिहाबाद चौराहे पर पुतला फूंका। इस दौरान विद्यावती ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं, जो मानवता के विरुद्ध गंभीर अपराध है। उन्होंने भारत सरकार और उच्च



अधिकारियों से मांग की कि इस मामले में सख्त रुख अपनाया जाए। हत्या में शामिल दोषियों को फांसी की सजा तथा षड्यंत्र में शामिल अन्य लोगों को आजीवन कारावास दिया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश का प्रशासन और समाज हिंसक व कट्टरपंथी तत्वों की गतिविधियों पर मौन साधे हुए है, जिससे उन्हें अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन मिल रहा है। अल्पसंख्यकों के मानवीय अधिकारों का इस तरह खुला हनन किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है। प्रदर्शन के दौरान यह निर्णय लिया गया कि बांग्लादेश में हो रही बर्बर हिंसा और प्रशासनिक निष्क्रियता की निंदा की जाएगी तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाकर हिंदू विरोधी हिंसा पर रोक लगाने, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और अल्पसंख्यकों के लिए भय व शोषणमुक्त वातावरण सुनिश्चित कराने की मांग की जाएगी। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन (भानु) संगठन की कई महिलाएं, माताएं, बहनें और संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारी सम्मेलन आज, सीएम करेंगे शुभारंभ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पुलिस व्यवस्था को आमजन-केंद्रित, तकनीकी रूप से मजबूत और अपराध के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन लखनऊ में आयोजित हो रहा है। इस सम्मेलन को पुलिस मंथन नाम दिया गया है। इस मंथन की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम और एंटी-टेरर ऑपरेशन समेत 11 प्रमुख विषयों पर मंथन होगा। यह जानकारी यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को मीडिया से साझा की।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया, सम्मेलन यूपी पुलिस को पेशेवर और जवाबदेह बनाने की दिशा में पहल है। सम्मेलन को 11 अलग-अलग महत्वपूर्ण सत्रों में बांटा गया है. इस दौरान 11 वरिष्ठ नोडल आईपीएस अधिकारियों के नेतृत्व में 45 अन्य पुलिस अधिकारी विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण देंगे। सम्मेलन के प्रथम दिन 27 दिसंबर शनिवार के पूर्वाह्न सत्र में बीट पुलिसिंग, महिला एवं बाल अपराध नियंत्रण और थानों के प्रबंधन व अपग्रेडेशन पर चर्चा होगी। अपराह्न सत्र में साइबर क्राइम, पुलिस कल्याण व ट्रेनिंग, जेल प्रशासन, सीसीटीएनएस 2.0, नई न्याय संहिता और फॉरेंसिक जांच जैसे तकनीकी विषयों की जानकारी साझा की जाएगी। सम्मेलन के दूसरे दिन 28 दिसंबर रविवार को प्रथम सत्र में आपदा प्रबंधन, भीड़ मैनेजमेंट, खुफिया चुनौतियां, सोशल मीडिया, नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा, एंटी-टेरर, नारकोटिक्स और संगठित अपराधों के विरुद्ध रणनीति समझाई जाएगी। दूसरे सत्र में देशभर में अपनाई जा रही उत्तम प्रथाओं और नए नवाचारों की जानकारी साझा की जाएगी. डीजीपी राजीव कृष्ण ने स्पष्ट किया है कि सम्मेलन का केंद्र बिंदु आमजन-केंद्रित पुलिसिंग है। तकनीक-समर्थ पुलिस बल विकसित करने के साथ-साथ पुलिस के व्यवहार और ट्रेनिंग में सुधार लाना प्राथमिकता है. विशेष रूप से साइबर अपराध और सोशल मीडिया से उभरती चुनौतियों पर कड़ा प्रहार करने की योजना तैयार की जाएगी।

# अवैध खनन में लगे सात ट्रैक्टर ट्रॉली और जेसीबी को पुलिस ने किया सीज



**गोसाईंगंज।** गोसाईगंज क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन करने वाले खनन माफियाओं पर गोसाईगंज पुलिस ने बड़ी कार्यवाही कर खनन कार्य में लगे ट्रैक्टर ट्राली व जेसीबी मशीन को सीज कर दिया।

पुलिस के मुताबिक बिना किसी वैध स्वीकृति के ईट भट्टे पर मिट्टी पलटा करने के नाम पर खनन माफिया अवैध खनन कर रहे थे। इंस्पेक्टर गोसाईगंज दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मोहम्मदपुर गढ़ी गांव में अवैध खनन की सूचना मिलने पर पहुंचे थे मौके पर खनन की कोई वैध परमिशन न मिलने पर कार्रवाई करते हुए 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली व 3 जेसीबी मशीन पुलिस ने सीज कर दी गई।

**पुलिस द्वारा खोई हुई पर्स को एक घंटे बरामद कर किया वापस :** थाना बिजनौर इलाके मे पुलिस द्वारा खोई हुई पर्स को एक घंटे मे बरामद कर पीड़ित को वापस करने मे सफलता हासिल की। बीती 12 दिसंबर को बिजनौर थाने पर आगंतुक अजय कुमार सिंह पुत्र राम देव सिंह निवासी चक मौलना पुर, पोस्ट व थाना बदला पुर, जनपद जौनपुर जो वर्तमान समय मे 50 बटालियन छत्तीसगढ़ सी आर पी एफ मे तैनात हैं। जिन्होंने मोबाइल नम्बर 9935181481द्वारा पर्स घुम होने की सुचना दी.। जिसकी जाँच चौकी प्रभारी बिजनौर के उप निरीक्षक गोविन्द को दिया गया। बताये गए हुलिया के आधार पर खोज कर एक घंटे खोई हुई पर्स को आई डी कार्ड व 1200 रुपये बरामद कर शिकायत कर्ता को वापस कर दिया। जिसकी सी आर पी एफ जवान ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

# डॉ. जीके गोस्वामी को मिली डॉक्टर ऑफ लॉ की डिग्री

## दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश ने डॉ. जीके गोस्वामी को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी को राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ पटियाला पंजाब ने अपने सातवें दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लॉ की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारत के मुख्य न्यायधीश सूर्य कान्त थे, जिन्होंने डॉ जीके गोस्वामी को डिग्री एवं अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर डॉ. गोस्वामी फुलब्राइट स्कालरशीप पर अध्ययन के लिए कोर्नेल लॉ स्कूल (यूएस) गये थे, जहां पर इन्होंने रॉगफुल कन्विक्शन विषय पर शोध किया। इस दौरान उन्होने 100 से अधिक कानून के विषय विशेषज्ञों के साथ अपने विषय पर कार्य किया। गोस्वामी ने फील्ड में भी दर्जन भर से अधिक ऐसे निर्दोष लोग जो किसी न किसी त्रुटिपूर्ण पुलिस कार्यवाही के कारण सजा पा चुके थे, बाद में निर्दोषता सिद्ध होने पर छोड़े गये थे उनसे मिलकर उनका गूढ़ विश्लेषण कर अपने शोध कार्य को गंभीरता के साथ पूर्ण किया। इस शोध विषय के पर्यवेक्षक डॉ जीएस बाजपेयी थे जो वर्तमान में नेशनल लॉ विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति हैं।

डॉ. गोस्वामी ने अपने शोध के दौरान न्यूयार्क स्थित इनोसेन्स प्रोजेक्ट के संस्थापक प्रो. बैरी शेक से भी अनुभव प्राप्त किये। इस शोध को राजीव गांधी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ पटियाला पंजाब के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसके संदर्भ में इस विश्वविद्यालय द्वारा यह डिग्री प्रदान किया गया। डॉ. गोस्वामी पहले ऐसे भारतीय हैं जिन्हें फोरेंसिक विज्ञान में डीएससी की डिग्री प्राप्त है। उनके द्वारा मेडिशनल केमेस्ट्री तथा फोरेंसिक विज्ञान एवं कानूनी विषयों में भी दो बार पीएचडी की गयी है।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार किए




गोसाईगंज। गोसाईगंज पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ बलात्कार करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार एक युवती द्वारा 21 दिसंबर को शिकायत की गई थी कि नवम्बर 2022 में उसकी जान पहचान फ्री फायर आनलाइन गेम खेलने के दौरान जमालपुर कुर्मियान थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ के रहने वाले वंश रावत पुत्र सन्तोष कुमार से हुई थी। उसके बाद आरोपित द्वारा पीड़िता को अपने अर्धनिर्मित प्लाट पर बुलाकर उसके साथ जबरन शारीरिक सम्बन्ध बनाये गये थे। जब पीड़िता द्वारा इसका विरोध करते हुए घर पर बताने की बात कही गई तो आरोपित द्वारा कहा गया कि तुम कहीं मत बताना मैं तुमसे शादी कर लूंगा। इसके बाद जब पीड़िता द्वारा कई बार शादी करने के लिये कहा गया तो आरोपित द्वारा टालमटोल किया जाता रहा। इसके बाद कहने पर अरोपित द्वारा शादी करने से मना कर दिया गया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज डी के सिंह के अनुसार पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अरोपित की तलाश की जा रही थी। जिसे गुरुवार को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# प्रार्थना के बाद क्रिसमस के जश्न में डूबा शहर, चर्च में उमड़ी भीड़







वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** दया, प्रेम और करुणा के रूप प्रभु ईसा मसीह का जन्मदिवस क्रिसमस श्रद्धा और भक्ति के साथ गुरुवार को मनाया गया। लखनऊ के गिरजाघरो में क्रिसमस का पर्व पर सुबह विशेष प्रार्थना सभा हुई। लोगो ने प्रभु की आराधना करने के बाद केक खिला कर एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। बच्चों और युवाओं को चर्च से उपहार भी मिले। इस मौके पर शहर के सभी चर्चों में परिवार समेत लोगो ने प्रभु की आराधना की इससे पहले बुधवार मध्य रात्रि में प्रभु के जन्म के साथ ही कार्यक्रम शुरू हो गए थे। हजारतगंज स्तिथ सेंट जोसफ कैथिड्रिल में सुबह 10:00 बजे एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित हुई । फादर रिवर डॉक्टर डोनाल्ड डिसूजा ने लोगों से प्रभु यीशु के बताए रास्ते पर चलने की अपील की । प्रार्थना समापन के बाद लोगों ने एक दूसरे को क्रिसमस बधाई दी। वही केक खिलाकर मुंह मीठा किया। लालबाग मेथोडिस्ट चर्च, सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च , एपीफैनी चर्च , दिलकुशा स्तिथ सेंट पॉल चर्च समेत अन्य चर्चों में सुबह प्रार्थना सभाएं आयोजित हुई । आलमबाग चर्च में प्रार्थना के बाद यीशु का संदेश लोगों को सुनाया गया।

**क्रिसमस गीतो से ईशु की आराधना:** अलीगंज स्थित एसेम्बली ऑफ बिलीवर्स चर्च में सुबह 10 बजे क्रिसमस की आराधना की गई। पादरी जेम्स की प्रार्थना के साथ आराधना शुरू हुई। इसके बाद भाई रोहित के नेतृत्व में गीत ...ओह ओह मसीह आया गया गया। बेबी जेन, रोहित, आशीष द्वारा विशेष गीत गाया गया । अंजलि ने क्रिसमस पर शायरी की, युवा क्वायर ने मेरी चाइल्ड वास बोर्न ऑन क्रिसमस डे गीत प्रस्तुत किया। डॉ. मॉरिस कुमार ने क्रिसमस उपदेश साझा किया। क्रिसमस सभी के लिए खुशखबरी है। पादरी उपेंद्र ने किया आशीर्वाद दिया । बच्चों और युवाओं को चर्च से उपहार मिले।

**खूब चला सेल्फी का दौर:** क्रिसमस पर बुधवार को चर्च में आज युवाओं ने खूब सेल्फी ली। हर कोई इस पल को अपने मोबाइल में कैद करता नजर आया। जिसे लेकर युवाओं ने अपने दोस्तों संग चर्च के सामने खूब सेल्फी ली और प्रार्थना की।

**विशेष प्रार्थना सभा आयोजित:** ईसाई समुदाय के लोगों के अलावा और लोगों ने भी प्रार्थना सभा में भाग लिया। कैथेड्रल चर्च में अमन-शांति, प्रेम और भाईचारे की कामना को लेकर दुआएं मांगी गईं। प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु के बाइबल में लिखे संदेशों को भी पढ़ा गया। कुल मिलाकर बुधवार को क्रिसमस के मौके पर राजधानी में जश्न जैसा माहौल रहा।

**लोग चर्च में मोमबत्तियां जलाने पहुंचे:** लखनऊ के कैथोलिक डॉयस के चांसलर और प्रवक्ता डोनाल्ड एच. आर. डिसूजा ने यहां एक बयान में कहा इस साल, मुख्य रूप से पैरिश सदस्यों और उनके परिवारों ने आधी रात के होली मास' में भाग लिया और क्रिसमस पर दिन में आयोजित दैवीय सेवा में भी हिस्सा लिया। हर साल क्रिसमस के दिन, सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक एक लाख से अधिक लोग चर्च और मैरियन ग्रोटो में मोमबत्तियां जलाने और प्रार्थना करने आते हैं। डिसूजा ने कहा, "लखनऊ में ईसाई समुदाय 160 साल से अधिक समय से रह रहा है। पहला चर्च 1863 के आसपास बनाया गया था। लखनऊ के रेव बिशप गेराल्ड मथियास ने अपने संदेश में कहा, क्रिसमस पर हम शांति के दूत यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाते हैं। यह क्रिसमस हमें प्रभु ईसामसीह द्वारा प्रदान की गई वास्तविक शांति और आनंद प्रदान करे, जिसकी आज की दुनिया में हमारे लिए बहुत जरूरत है।

**क्रिसमस सेलिब्रेशन का आयोजन:** बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट (दया का घर) द्वारा मसीह यीशु का जन्म उत्सव का आयोजन गुरुवार को उत्सव गेस्ट हाउस बाराबिरवा कानपुर रोड पर किया गया। चर्च फाउंडर आर्च बिशप डाक्टर आर सी शेत ने जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व उदारता और खुशी बांटने का संदेश देता है। प्रभु यीशु मसीह ने जनमानस के कल्याण और मानव जीवन बचानेके लिए बेतलहम नमक एक गांव के गौशाला में पैदा हुए और उनको चरनी जैसे स्थान में लिटाया गया, जो ईश्वर दुनिया का सृजन हार है वह मानव पाप के लिए और पापों को जड़ से समाप्त करने, शांति स्थापित करने और पाप के दासता से मानव को मुक्ति देने के लिए लिए स्वयं स्वर्ग से उतर कर एक इंसान के रूप में जन्म लिया और अपना जीवन मानव कल्याण के लिए दे दिया, ताकि आकाश में परमेश्वर की महिमा और मनुष्यों में शांति स्थापित हो। बाइबल बताती है कि परमेश्वर ने इसकी खुशखबरी सबसे पहले चरवाहों को दी, उसके बाद धर्मशास्त्रियों को दी , इसके बाद राजा को दी, उसी मसीह की खुशखबरी मैं आज आप सभी को देने आया हूं कि येशु मसीह 2028 साल पहले पैदा हुए, इसीलिए आज हम येशु मसीह का जन्म उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों गीतों और सामूहिक नृत्यों द्वारा मसीह की महिमा की। इस मौके पर पास्टर अजय कुमार, पास्टर विनोद, पास्टर रामचन्द्र, पास्टर राजेश, बिशप मयंक डेविड, राम आसरे, पप्पू भाई आदि मौजूद रहे।

## क्रिसमस पर उमड़ी भीड़, थम गया हजरतगंज



**लखनऊ।** क्रिसमस के मौके पर कैथेड्रल चर्च और हजरतगंज आने वालों की भीड़ शाम तक बढ़ती चली गई। स्थिति यह हो गई कि मुख्य सड़क पर चलते हुए भी लोगों के कंधे टकरा रहे थे। कैथेड्रल के बाहर तो पैर रखने भर जगह नहीं बची थी। श्रद्धालु यहां कैंडल जलाने केलिए कतारों में लगे दिखाई दिए। ट्रैफिक पुलिस को पहले ही भीड़ होने का अंदेशा था, इसलिए नौ मार्गों पर डायवर्जन व्यवस्था लागू कर दी गई थी। यह व्यवस्था तीन बजे के बाद लागू थी लेकिन भीड़ पहले से ही उमड़ने लगी थी। मुख्य हजरतगंज का ट्रैफिक हलवासिया से पहले और मुख्य चौराहे पर बंद किया गया। यानी विधान भवन, राजभवन, सिंकदरबाग की ओर से आने वाले वाहन मल्टीलेवल पार्किंग से आगे नहीं जा सकते थे। इसी तरह परिवर्तन चौक से थोड़ा आगे ट्रैफिक रोका गया। हजरतगंज में वाहनों की आवाजाही रोक दी गई थी। ऐसे में लोग पहले ही वाहन रोक कर पैदल ही हजरतगंज तक आए। बड़ी संख्या में लोगों ने हजरतगंज पहुंचने के लिए मेट्रो का भी सहारा लिया। हजरतगंज के अलावा गोमती नगर के 1090, समेत कई स्थानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी।

## क्रिसमस डे पर चिड़ियाघर घूमने पहुंचे 7 हजार दर्शक

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



लखनऊ। क्रिसमस डे के अवसर पर कुल 7000 से अधिक दर्षकों ने प्राणि उद्यान में भ्रमण किया। प्राणि उद्यान में दर्षकों द्वारा क्रिसमस डे भव्य रूप से मनाया गया। प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा क्रिसमस डे के लिए विशेष इन्तजाम किये गये थे, जिसमें प्राणि उद्यान के दोनो प्रवेष द्वारों पर पुरूश एवं महिला पुलिस तैनात थी एवं प्राणि उद्यान के प्रत्येक वन्य जीव के बाड़ों पर सुरक्षा कर्मी तैनात थे। पीने के पानी एवं शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष व्यवस्था की गयी।

प्राणि उद्यान की निदेशक श्रीमती अदिति शर्मा, उप निदेशक, डा. उत्कर्श शुक्ला एवं क्षेत्रीय वनाधिकारी, दिनेश बड़ोला द्वारा प्राणि उद्यान में घूम-घूम कर सभी तरह की व्यवस्थाऐं चुस्त-दुरूस्त रहें, इस हेतु कर्मचारियों को निर्देश दिए ताकि दर्शकों किसी भी प्रकार की परेषानी न हो। दर्शकों/बच्चों ने प्राणि उद्यान की बाल रेल पर सैर की। प्राणि उद्यान में बच्चे विभिन्न वन्य जीवों को देख काफी उत्साहित थे। बच्चों द्वारा बताया गया कि प्राणि उद्यान में आकर उन्होंने खूब मनोरंजन किया, खासतौर पर बाल रेल पर। अभी हाल ही में चिल्ड्रेप पार्क में पर्यटन विभाग के सहयोग से लगवाये गये नये झूलों पर बच्चों ने झूला झूलने का आनन्द लिया। दर्शकों द्वारा बोटिंग पॉण्ड में पैडल बोटिंग का भी आनन्द लिया गया।

मुख्य प्रवेश द्वार एवं डालीबाग प्रवेश द्वार के समीप स्थित प्राणि उद्यान की पार्किंग पूरी तरह से भरी हुई थी। दर्शकों द्वारा बताया गया कि प्राणि उद्यान के दोनों गेटों पर पार्किंग होने से उन्हें काफी राहत मिली है। दर्षकों ने फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनन्द लिया। दर्षकों द्वारा षेर, जेब्रा, जिराफ, हिरन के मॉडल के साथ भी खूब फोटों खीचें गये। प्राणि उद्यान द्वारा बुजुर्गों एवं विकलांगों हेतु व्हील चेयर निःशुल्क उपलब्ध करवायी गयी जिससे उन्हें प्राणि उद्यान का भ्रमण करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। प्राणि उद्यान में भ्रमण करने आये कुछ बच्चे अपनी माता-पिता से बिछड़ गये जिन्हें प्राणि उद्यान के सुरक्षा कर्मियों चुस्त-दुरूस्त सुरक्षा व्यवस्था के चलते उन बच्चों को कुछही समय में उनके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### पार्कों में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, खूब की मस्ती

**लखनऊ।** क्रिसमस की छुट्टी की वजह से राजधानी लखनऊ के पार्कों में उमड़ी भीड़ सड़क पर राहगीरों के लिए मुसीबत बनकर सामने आई। गोमतीनगर के जनेश्वर मिश्र पार्क में जहां तिल रखने की जगह नहीं बची तो चार पहिया व दो पहिया वाहनों ने सड़क को जाम में तब्दील कर दिया। पार्क के कर्मचारियों ने बताया कि पहली बार इतनी भीड़ पार्क में नजर आई है। सुबह से ही पार्क में दर्शकों के आने का क्रम शुरू हो गया था। दोपहर बाद तक उमड़ी भीड़ बेकाबू हो गई। टिकट लेने की लंबी कतारों के बीच सामान को बचाने की मशक्कत दर्शकों में देखते ही बन रही थी। शहर में अपने तरह के इकलौते पार्क को देखने की उत्सुकता भीड़ की आमद से साफ नजर आ रही थी। बच्चों ने भी आधुनिक झूलों की मस्ती के बीच छुट्टी का भरपूर लुफ्त उठाया। चिडियाघर में भी सुबह से ही दर्शकों की भीड़ लगी रही और शाम तक लगी रही। सड़क पर जाम न लगे इसके लिए सिविल अस्पताल चौराहे पर बेरीकेडिंग कर बड़े वाहनों को चिडिया घर की तरफ आने नहीं दिया जा रहा था। बड़ा इमामबाड़ा व बुद्धा पार्क में भी दर्शकों की भीड़ लगी रही। भीड़ की वजह से पार्किंग फुल हो गई और लोगों को सड़क के दोनों ओर वाहनों को खड़ा करना पड़ा।

**होटलों व रेस्टोरेंटों में रही भीड़:** पार्कों के आसपास छोटी बड़े रेस्टोरेंट व खान पान की दुकानों और होटलों में भी ग्राहकों की कतारें लगी रहीं। कोई गरमागरम कॉफी का मजा ले रहा था तो कोई चटपटी चाट के ठेले पर खिंचा आ रहा था। बताशे के ठेले भी ग्राहकों से गुलजार रहे थे तो लोगों को अपनी बारी का इंतजार भी करना पड़ा। देर रात तक शहर की सड़कों पर लोगों की भीड़ देखी गई।

## प्रकाश पर्व पर सजा विशेष दीवान

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



**लखनऊ।** तहि प्रकाश हमारा भयो पटना शहर बिरके भव लयो साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का प्रकाशोत्सव मनाया गया। साहिबे कमाल साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज का प्रकाश उत्सव 26 एवं 27 दिसंबर 2025 को श्री गुरु सिंह सभा नाका हिंडोलाए डी ए वी इंटर कॉलेज एवं यहिया गंज गुरुद्वारा में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर 26 दिसंबर को शाम डी ए वी इंटर कॉलेज में 6:30 बजे से 11 बजे तक दीवान सजाये गये जिसमे रहिरास साहिब के पाठ के बाद हजूरी रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने आरती एवं शबद कीर्तन गायन किया। सिंह साहिब ज्ञानी हरमिंदर सिंह जी ने साहिबे कमाल साहिब श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के जीवन की कथा व्याख्यान किया। रात्रि 8 से 11 तक कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा के प्रधान डॉ. अमरजोत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष रूप से भाई सुखवंत सिंह हजूरी रागी, श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर एवं भाई दविंदर जीत सिंह हजूरी रागी, शीशगंज साहिब, दिल्ली वाले ने शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया स कार्यक्रम के उपरांत गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। कार्यक्रम में मेवे वाले दूध, गरम सूप एवं मैगी आदि के स्टाल लगाए गए महामंत्री मनमीत सिंह ने जानकारी दी ।

## हर राज्य में एफटीआईआई जैसे संस्थान और सुविधाएं हों : धीरज सिंह

- आज लखनऊ में एफटीआईआई, पुणे द्वारा पांच दिवसीय 'फिल्म एप्रिसिएशन कोर्स' का हुआ शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



**लखनऊ।** पुणे स्थित प्रतिष्ठित फि ल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई) के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 26 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 के बीच पाँच दिवसीय बेसिक कोर्स इन फि ल्म एप्रिसिएशन का शुभारंभ हुआ। यह कोर्स अगले पांच दिनों तक लखनऊ के गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित 'महिंद्रा एजुकेशनल प्राइवेट लिमिटेड' में चलेगा। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण एवम पुनर्वास निदेशालय की सक्रिय भूमिका है। प्रतिभागियों में सैनिकों के परिजनों की काफी संख्या है। इस अवसर पर निदेशक उत्तर प्रदेश सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास ब्रिगेडियर अतुल कुमार और श्रीमती रीना कुमार उपस्थित थे। सेना का प्रतिनिधित्व ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर एफटीआईआई के कुलपति धीरज सिंह भी मौजूद रहें।

कुलपति धीरज सिंह ने कोर्स के बारे में बताते हुए कहा कि हम लोगों की काफी दिनों से लखनऊ में फिल्म और टेलीविजन इंस्टिट्यूट की उपस्थिति को बढ़ाने की योजना थी। यह उस दिशा में हमारा पहला कदम है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों ने जो उत्साह दिखाया है, उससे हमारी हिम्मत बनती है। कुलपति महोदय ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एफटीआईआई की उपस्थिति को और सशक्त बनाने के लिए चरणबद्ध तरीके से नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। धीरज सिंह ने बताया कि वो चाहते हैं कि हर राज्य में एफटीआईआई जैसे संस्थान और सुविधाएं हो ताकि क्षेत्रीय सिनेमा का विस्तार हो सके और सिनेमा प्रेमियों के सीखने व काम करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर पैदा हो। एफटीआईआई का 'फि ल्म एप्रिसिएशन कोर्स' संस्थान के अत्यंत लोकप्रिय और ख्याति-लब्ध श्रृंखला में से एक है, जिसका उद्देश्य सिनेमा देखने, समझने और विश्लेषण करने का दृष्टिकोण विकसित करना है।

लखनऊ के पुराने सिनेमा प्रेमियों को यह कोर्स सुप्रसिद्ध शिक्षक स्व. सतीश बहादुर के नेतृत्व में आयोजित क्लासिक सत्रों की याद दिलाएगा, जिन्होंने शहर में फिल्मों की गहन समझ को नई दिशा दी थी। अगले पांच दिनों तक इस कोर्स का संचालन एफटीआईआई के फि ल्म स्टडीज विभाग के प्रमुख प्रो. इंद्रनील भट्टाचार्य तथा निर्देशन व शॉर्ट कोर्सेज विभाग के विशेषज्ञ प्रो. मिलिंद दामले की टीम द्वारा किया जाएगा। एफटीआईआई देश का अग्रणी फि ल्म शिक्षा संस्थान है, जिसके पूर्व विद्यार्थियों में शत्रुघ्न सिन्हा, जया भादुड़ी, मिथुन चक्रवर्ती, डैनी डेन्जोंग्पा, राजकुमार राव, जयदीप अहलावत, विजय वर्मा, और निर्देशक अदूर गोपालकृष्णन, गिरीश कसरवल्ली, विधु विनोद चोपड़ा, राजकुमार हिरानी जैसे नाम शामिल हैं। एफटीआईआई के छात्र रसूल पोकुट्टी को साउंड मिक्सिंग के लिए 'ऑस्कर पुरस्कार' भी मिल चुका है।

## भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए होता है भगवान का अवतार



वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सदर कैंट हाता रामदास स्थित शिव श्याम मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में शुक्रवार को आचार्य विष्णुशरण जी महाराज ने कहा कि भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए भगवान का अवतार होता है।

कथा महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महाराज जी ने भगवान के अवतार का प्रयोजन बताते हुए कहा कि प्रभु के अवतार का मुख्य प्रयोजन असुरों का संहार नहीं अपितु भक्त समुदाय को अपनी लीला माधुरी से आनंद रस प्रदान करना है भक्तों की पुकार पर प्रभु धरा में प्रकट होते हैं, भगवान के नाम का आश्रय लेने वाले जीव की रक्षा का विधान भगवान स्वयं करते है कथा क्रम में अजामिल उपाख्यान, गजेन्द्र मोक्ष राम अवतार की कथा भी सुनाई गई। कथा में विजेंद्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, जवाहर लाल बड़ौदा, बृजमोहन अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

### सिया राम विवाह प्रसंग सुन झूमने लगे भक्तगण




**लखनऊ।** दुबग्गा दो टंकी पार्क आम्रपाली योजना आवास विकास कालोनी में हो रही श्री राम कथा में आज पुष्प वाटिका भ्रमण, धनुष यज्ञ और फिर सिया राम विवाह की सुंदर प्रस्तुति से पूरा पंडाल खुशी से झूम उठा। आज के मुख्य यजमान प्रमोद कुमार मिश्र पत्नी सहित और दैनिक यजमान विजय कुमार सपत्नी एंव शिवनाथ अवस्थी भी पत्नी सहित कथा विराम रहे फिर आरती व प्रसाद वितरण किया। श्री राम कथा का महात्म आचार्य हितेश कुमार पांडे के मुखारविंद से सुनने आये भक्तगण श्रद्धा भाव से भक्ति रस में डूबे नजर आ रहे थे।

खचाखच भरा पूरे पंडाल में भगवान के वाटिका भ्रमण संवाद को सुनकर लोग मदमस्त हो गये। भगवान की महिमा का बखान पूरे संगीतमय माहौल से जगमगा रहा था। धनुष यज्ञ में की कथा लोगों के हृदय को मानो छू रही थी। सभी शांत मन से चित्रण को मन की आंखों से देख रहे थे। जिसके बाद सिया राम का विवाह सबके मन को उत्साहित करने वाला प्रसंग था। गीत के माध्यम से लोग गुनगुनाते जा रहे थे और कथा का संपूर्ण लाभ प्राप्त कर रहे थे। जिसके बाद कथा का विराम हुआ फिर भगवान की आरती में सभी ने हिस्सा लिया और प्रसाद भी प्राप्त किया।

## फिल्मों के साथ अब कविता लेखन में अग्रसर हुए सुजीत गुप्ता

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**



**लखनऊ।** फिल्म लेखक और निर्देशक सुजीत कुमार गुप्ता जो मूल रूप से बलिया जिले के रसड़ा कस्बे के रहने वाले हैं, उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत बहुरूपिये फिल्म की पटकथा और निर्देशन से की थी, जिसकी फेस्टिवल में काफी सराहना हुई। इसके बाद वर्षों की मेहनत और लगन से अपने हुनर को तराशते रहे और पटकथा के बाद, संजय मिश्रा अभिनीत फिल्म इक्कीस तारीख शुभ मुहूर्त में उन्होंने गीत लिखे।

आने वाले दिनो मे, दो और फिल्मों में उनके लिखे हुए गीत सुनने को मिलेंगे। बहुत जल्द ही उनकी फिल्म गुलाबी रेवड़ी दर्शकों को देखने को मिलेगी जिसकी शूटिंग लखनऊ शहर में पूरी हो गई है। इस फिल्म में एक परिवार के पारंपरिक कारोबार की कहानी है जिसे उसकी आज की पीढ़ी उसे आगे बढ़ाती है और इससे कैसे सब ही के रिश्ते प्रभावित होते है। इस फिल्म के ये लेखक और गीतकार भी हैं। फिल्मी दुनिया के इस सफर के साथ-साथ अब उनकी किताब, जो कविताओं का संग्रह है, प्रकाशित होने वाली है। इस नई पारी के लिए वे स्वयं बहुत उत्साहित हैं।

## जनेश्वर मिश्र पार्क में बोहो फेस्ट आज से

- 27-28 दिसंबर को जनेश्वर मिश्र पार्क में संगीत, मस्ती और परिवारिक मनोरंजन

वरिष्ठ संवाददाता **(vol)**

**लखनऊ।** लखनऊ जो हमेशा से कला, संस्कृति और संगीत के लिए जाना जाता है, अब एक नए और बड़े उत्सव की तैयारी में है। बोहो फेस्ट के साथ शहर में पहली बार इतना बड़ा ओपन-एयर म्यूज़िक फेस्टिवल होने जा रहा है। यह दो दिन का फेस्टिवल 27 और 28 दिसंबर को जनेश्वर मिश्र पार्क, गेट नंबर 6 में आयोजित किया जाएगा, जहाँ संगीत, कला, खाना और मनोरंजन–सब कुछ एक ही जगह मिलेगा।

बोहो फेस्ट सिर्फ एक म्यूज़िक इवेंट नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवार के लिए बनाया गया एक खास उत्सव है। दोपहर में हल्का-फुल्का इंडी म्यूज़िक, शाम को लाइव परफॉर्मेंस और रात में शानदार लाइट्स और म्यूज़िक–हर उम्र के लोगों के लिए कुछ न कुछ खास होगा।

फेस्टिवल में खाने-पीने के स्टॉल्स, शॉपिंग के लिए फ़्ली मार्केट, आर्ट जोन, बच्चों के लिए गेम्स और कई तरह की एक्टिविटीज होंगी। यानी यह एक ऐसा आयोजन है, जहाँ दोस्त, परिवार और बच्चे सभी साथ आकर समय बिता सकते हैं। बोहो फेस्ट को हर साल लखनऊ की पहचान बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यह एक ऐसा मंच है, जहाँ पूरा शहर एक साथ आकर संगीत, खुशियों और साथ होने का जश्न मनाएगा।

# माघ मेला को लेकर गाड़ियों के टर्मिनल में परिवर्तन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- यह व्यवस्था मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरिमोहन के नेतृत्व में लागू की जा रही है

**लखनऊ।** माघ मेला को लेकर रेल प्रशासन ने परिचालनिक कारणों से कई ट्रेनों के टर्मिनल में परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन दो जनवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक (47 दिन) सूबेदारगंज स्टेशन से चलेगी। इसी तारीख से प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस सूबेदारगंज स्टेशन से संचालित होगी।

प्रयागराज हमसफर 12 जनवरी से 24 जनवरी तक (13 दिन) सूबेदारगंज से आनंद विहार टर्मिनल चलेगी। इसी तरह नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस, आनंद विहार टर्मिनल कामाख्या, बाड़मेर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस नई दिल्ली-डिब्रूगढ़, राजधानी एक्सप्रेस नई दिल्ली-हावड़ा, राजधानी एक्सप्रेस नई दिल्ली-राजेंद्रनगर का अप-डाउन का ठहराव प्रयागराज स्टेशन की बजाय सूबेदारगंज स्टेशन पर रहेगा। प्रयागराज-गोरखपुर का मेला के दौरान फाफामऊ स्टेशन से संचालन होगा। इसी तरह चोपन-प्रयागराज एक्सप्रेस छिवकी स्टेशन से चलेगी। दानापुर-उधना एक्सप्रेस, पटना-एणार्कुलम, छपरा-जालना, पुणे-बनारस, रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनल, अहमदाबाद-पटना, सिकंदराबाद-दानापुर, दादर-बलिया, रामेश्वरम-बनारस के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

**मेला के दौरान दिशावार ट्रेनों का होगा संचालन :** माघ मेला के दौरान श्रद्धालुओं की निर्बाध, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के उद्देश्य से प्रयागराज मंडल द्वारा दिशावार ट्रेनों के सुव्यवस्थित एवं नियोजित संचालन की व्यापक व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हरिमोहन के नेतृत्व में लागू की जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रयागराज परिक्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से अलगझअलग दिशाओं के लिए ट्रेनों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को उनके गंतव्य की ओर सीधे एवं सहज रेल सुविधा उपलब्ध हो सके तथा किसी एक स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ का दबाव न बने।



**दिशावार ट्रेनों की व्यवस्था इस प्रकार है:** प्रयागराज जंक्शन से कानपुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सतना एवं झांसी की दिशा में ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। नैनी जंक्शन से सतना एवं झांसी दिशा की ट्रेनों का परिचालन सुनिश्चित किया गया है। प्रयागराज छिवकी स्टेशन से पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सतना एवं झांसी की ओर जाने वाली ट्रेनों का संचालन होगा। प्रयाग एवं फाफामऊ स्टेशनों से अयोध्या, जौनपुर एवं लखनऊ दिशा के लिए रेल सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। झूंसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों से वाराणसी, गोरखपुर एवं मऊ की दिशा में ट्रेनों का संचालन किया जाएगा।

**प्रमुख स्नान पर्वों पर संगम स्टेशन बंद रहेगा :** मेला के प्रमुख स्नान पर्वों के दौरान प्रयागराज संगम स्टेशन, मुख्य स्नान तिथि से एक दिन पूर्व से दो दिन बाद तक, यात्री संचालन के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। इस दिशावार परिचालन व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यह है कि श्रद्धालुओं को जिस दिशा में यात्रा करनी हो, उसी अनुरूप नजदीकी एवं उपयुक्त स्टेशन से ही ट्रेन उपलब्ध कराई जा सके। इससे माघ मेला अवधि के दौरान रेल यातायात सुचारु, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बना रहेगा।

**गाड़ियों के आरक्षण चार्ट में बदलाव :** रेल प्रशासन ने गाड़ियों का रिजर्वेशन चार्ट बनाने के नियमों में बदलाव किया गया है। गाड़ी का प्रस्थान समय सुबह 5.01 से 14.00 बजे तक है, तो उस गाड़ी का रिजर्वेशन चार्ट एक दिन पहले समय 20.00 बजे तक जारी होगा। जिस गाड़ी का प्रस्थान समय 14.01 बजे से 23.59 बजे एवं 00.00 बजे से सुबह 05.00 तक है तो उस गाड़ी का रिजर्वेशन चार्ट प्रस्थान समय से 10 घंटे पहले जारी होगा। इससे वेटिंग एवं आरएसी टिकट यात्रियों को राहत मिलेगी। यात्रियों को समय से अपनी तैयारी और प्लानिंग करने में आसानी होगी एवं अगर आपका टिकट वेटिंग में है तो दूसरे विकल्प भी देख सकते हैं। यात्रियों को यात्रा तिथि के अनुसार एक दिन पहले अपना इमरजेंसी कोटे के लिए आवेदन कर देना होगा।

**माघ मेला के लिए चलेगी अनारक्षित विशेष गाड़ी :** माघ मेला के दौरान श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे प्रशासन ने माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। 05112/05111 झूसी-गोरखपुरझझूसी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन कुल 25 फेरों में किया जाएगा। 05112 झूसी-गोरखपुर माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन झूसी से 01, 02, 03, 04, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 22, 23, 24, 25, 26, 31 जनवरी और 01, 02, 03, 13, 14, 15 एवं 16 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह गाड़ी झूसी से शाम 17:10 बजे प्रस्थान कर गोरखपुर 23:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05111 गोरखपुरझझूसी माघ मेला अनारक्षित विशेष गाड़ी 02, 03, 04, 05, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23, 24, 25, 26, 27 जनवरी और 01, 02, 03, 04, 14, 15, 16 एवं 17 फरवरी 2026 को चलेगी। यह गाड़ी गोरखपुर से प्रातः 05:05 बजे चलकर झूसी 11:15 बजे पहुंचेगी। इस विशेष गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी एवं चेयरकार के 14 कोच, एक जनरेटर सह लगेज यान और एक एसएलआरडी सहित कुल 16 अनारक्षित कोच लगाए जाएंगे।

## हिन्दुओं की हत्या पर छात्र आक्रोशित, फूंका पुतला




**लखनऊ।** बांग्लादेश में आये दिन हिंदुओं की हो रही हत्याओं के खिलाफ शुक्रवार को लखनऊ में विधानसभा के सामने लखनऊ विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका और केंद्र सरकार से देश में बांग्लादेशी लोगों और सामानों को पूरी तरह से प्रतिबंधित करने की मांग की। इस दौरान छात्र नेता आलोक मिश्रा ने कहा कि बांग्लादेश में आए दिन खुलेआम हिन्दूओं की हत्या हो रही है, हिन्दू महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है, जो मानवता के खिलाफ घिनौना अपराध है। जिसके विरोध में हम सभी लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता व सैकड़ों छात्र आज विधानसभा के सामने बांग्लादेश के राष्ट्रपति का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हम भारत सरकार से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हैं। इस दौरान रितिक रावत, हरिश मिश्रा, उदयवीर, विनय सिंह, सौरभ यादव, प्रभात सिंह, वरुण उपाध्याय सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## अवध कॉलेजिएट में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व



**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट के परिसर में क्रिसमस का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे विद्यालय को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री एवं आकर्षक लाइट्स से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन एवं उनके प्रेम, शांति और भाईचारे के संदेशों पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मधुर कैरोल गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। सांता क्लॉज के रूप में सजे विद्यार्थियों ने नन्हे बच्चों को उपहार वितरित कर खुशियां बांटीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवं निर्देशिका जतिंदर वालिया ने सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्रिसमस का पर्व हमें प्रेम, सेवा, त्याग और मानवता की भावना को अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्यों द्वारा शुभकामनाओं के साथ हुआ। इस प्रकार विद्यालय की सभी शाखाओं में क्रिसमस पर्व आनंदमय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## भाषा विवि के छात्र अमन कुमार त्रिपाठी ने जनपद में प्राप्त किया प्रथम स्थान



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विधि अध्ययन संकाय में एलएलएम के छात्र अमन कुमार त्रिपाठी ने अटल बिहारी वाजपेई जयंती शताब्दी वर्ष के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयोजित जनपद स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमन को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 25 दिसंबर, अटल जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा 10000 रुपये धनराशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

साथ ही उल्लेखनीय यह भी है कि अमन कुमार त्रिपाठी ने बीती 24 दिसंबर को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के दृष्टिगत, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव में विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में मंडल लखनऊ का प्रतिनिधित्व करते हुए भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व भी अमन ने राजभवन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित विकसित भारत राज्य युवा संसद, 2025 में भी प्रतिभाग किया था। अमन की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा, कुलसचिव डॉ महेश कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ पीयूष कुमार त्रिवेदी, प्रभारी-राष्ट्रीय सेवा योजना डा. नलिनी मिश्रा, डॉ राजकुमार सहित विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## योगी सरकार का सबको हुनर, सबको काम पर फोकस

- ब्रांड-लिंक्ड प्रशिक्षण से बढ़ेगा युवाओं का रोजगार
- प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने यूपीएसडीएम की प्रगति की समीक्षा, मिशन मोड में कार्य तेज करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने की।

समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने निर्देश दिए कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मिशन मोड में संचालित करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटैलिटी, अकाउंटेंसी, हेल्थकेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित ब्रांड्स के साथ प्रशिक्षण को जोड़ा जाए, जिससे प्रदेश के युवाओं को स्मार्ट लर्निंग और उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

डॉ. हरिओम ने कहा कि सबको हुनर, सबको काम के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नामचीन ब्रांड्स के साथ साझेदारी अत्यंत आवश्यक है। ब्रांड-आधारित प्रशिक्षण से न केवल युवाओं को ब्रांड सर्टिफिकेशन मिलेगा, बल्कि उन्हीं ब्रांड्स में रोजगार के अवसर भी सहज रूप से उपलब्ध होंगे, जिससे प्लेसमेंट की संभावनाएं और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षार्थियों की नियमित ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद रोजगार प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की भी प्रभावी निगरानी की जाए, ताकि प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के परिणामों का वास्तविक आकलन किया जा सके।

बैठक में यूपीएसडीएम के मिशन निदेशक पुलकित खरे, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह, वित्त नियंत्रक संदीप कुमार तथा संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा प्रमुख सचिव को विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और रोजगार से जुड़ी उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

## शांति जूनियर्स प्री स्कूल का सातवां वार्षिक समारोह मनाया




**लखनऊ।** विकास के शांति जूनियर्स प्री स्कूल के सातवें वार्षिक समारोह का आयोजन गोमतीनगर स्थित बौद्ध संस्थान में किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई और दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि पीएमओ सेवानिवृत्त अधिकारी देवेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य भारती चौहान, मानस चौहान, पार्षद राकेश मिश्रा एवं पार्षद उमेश चन्द्र सनवाल समेत अन्य लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्पिता बोस ने किया।

## राजू श्रीवास्तव स्मृति सम्मान से नवाजी गईं विभूतियां



लखनऊ। अवधी विकास संस्थान की ओर से शुक्रवार शाम राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में एक शाम राजू श्रीवास्तव के नाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। संस्थान की ओर से अलग-अलग क्षेत्रों की विभूतियों को राजू श्रीवास्तव स्मृति सम्मान-2025 से नवाजा गया। सम्मान पाने वालों में आईएएस डॉ. हरिओम, कानपुर के हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी और राजीव निगम समेत कई नाम शामिल रहे। अवधी विकास संस्थान के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के प्रमुख विनोद मिश्रा ने कहा कि राजू श्रीवास्तव केवल हास्य कलाकार नहीं थे, बल्कि वे आम आदमी की आवाज थे जिन्होंने हास्य के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों, भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं पर सशक्त प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि लोकभाषाओं और लोककलाओं के संरक्षण की दिशा में एक सशक्त सांस्कृतिक पहल है। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि राजू श्रीवास्तव के नाम पर सम्मान दिया जाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। शिखा राजू श्रीवास्तव ने अपने पति स्व. राजू श्रीवास्तव के संघर्षपूर्ण जीवन और उनकी कला यात्रा को स्मरण करते हुए अवधी विकास संस्थान के प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर गायक मिथिलेश लखनवी और लोकगायिका कुसुम वर्मा ने प्रस्तुतियां दीं। सम्मान पाने वाले अन्य प्रमुख लोगों में लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्मप्रकाश मिश्र, लोकगायिका कुसुम वर्मा, प्रज्ञा सिंह राजशेखर सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री हरभजराम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल ने किया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



- अटल जी की स्मृति में सेवा कार्य प्रशंसनीय : असीम अरुण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उभारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में हर साल उनके जन्मदिवस पर नेत्र शिविर का आयोजन करने वाले श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय का सेवा कार्य अप्रतिम है। विगत 64 वर्षों से चिकित्सालय निरंतर मरीजों के लिए सेवा कार्य कर रहा जो की बहुत प्रशंसनिय है। समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने यह बातें श्री हरभज रामकृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि स्व. अटल जी के इस जन्म शताब्दी वर्ष में सेवा कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए और अस्पताल इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्यसभा सांसद संजय सेठ कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने भी हरभज अस्पताल द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के आयोजन को बहुत पुण्य का कार्य बताते हुए कहा की साल भर में लगभग 70000 मरीज का इलाज यहां किया जाता है। अस्पताल का केवल अपने संसाधनों के बल पर ऐसा कर पाना बहुत बड़ी बात है। ऐसा पूर्व विधायक और ट्रस्ट के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता की दूरदर्शिता से ही संभव हुआ है। अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि हमारे अस्पताल में 40 सालों से निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन होता आ रहा है।

कार्यक्रम में अस्पताल द्वारा चलाए जा रहे निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण के प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्र भी बांटे गए। कार्यक्रम में अस्पताल के अध्यक्ष विद्यासागर गुप्ता, वाइस चेयरमैन रमेश अग्रवाल, सचिव अमित गुप्ता के अलावा ट्रस्टी सुशील अग्रवाल, सिद्धार्थ गुप्ता, अरविंद गुप्ता, रजत गुप्ता और अस्पताल के चिकित्सक पैरामेडिकल स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## अब लोक-लाज के नाम पर कोई और देहरी नहीं बनेगी

- हिंदी उपन्यास पर आधारित अब न बनेगी देहरी नाटक का मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतेन्दु नाट्य अकादमी के रंगमण्डल की ओर से पद्मा सचदेव के प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास पर आधारित अब न बनेगी देहरी नाटक का मंचन संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह में किया गया। प्रस्तुति का निर्देशन अकादमी के निदेशक बिपिन कुमार ने किया, जबकि नाट्य रूपांतरण वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अभिनेता आसिफ अली ने तैयार किया। आसिफ अली को इन दिनों फिल्म धुरंधर में बाबू डकैत की भूमिका के लिए खूब प्रशंसा मिल रही है। कहानी स्त्री शोषण, ऑनर किलिंग और सामाजिक रूढ़ियों पर गहरा प्रहार करती है। नायिका रेवती एक परम सुंदरी युवती है, जो कम उम्र में विधवा हो जाती है।

समाज की क्रूरता और लोक-लाज के भय से त्रस्त होकर वह आत्महत्या करने का निर्णय लेती है और घर से भाग जाती है। रास्ते में वह एक शिव मंदिर पहुंचती है, जहां महंत गिरिबाबा उसे बचाते हैं। रेवती महंत से रूहानी प्रेम करने लगती है। उसकी बाल विधवा बुआ को भी प्रेम के कारण ऑनर किलिंग का शिकार बनाकर मार डाला गया था और उसकी समाधि (देहरी) बना दी गई थी। रेवती इस अन्याय के खिलाफ प्रण लेती है कि अब लोक-लाज के नाम पर कोई और देहरी नहीं बनेगी। उपन्यास महिलाओं के संघर्ष, ब्रह्मचर्य के द्वंद्व और सामाजिक बंधनों की गहन पड़ताल करता है। नाटक के मंचन ने दर्शकों को गहरे तक छू लिया।

भारतेन्दु नाट्य अकादमी के कलाकारों ने संवेदनशील विषय को जीवंत रूप दिया, जिससे स्त्री अधिकारों और रूढ़िवादी परंपराओं पर विचार करने को मजबूर होना पड़ा। मंच पर चैतन्य महाप्रभु त्रिपाठी, धीरज कुमार, आशुतोष जयसवाल, श्रुतिकीर्ति सिंह, तिला रूपा सापकोटा, अनिल कुमार चौधरी, अमित हरिश्चन्द्र, राजश्री रॉय चौधरी, वैष्णवी द्विवेदी, भावना द्विवेदी, अंकुर वर्मा, प्रदीप शिवहरे व अन्य ने प्रभावी अभिनय किया।

## गुरु गोविंद सिंह जी ने समानता, साहस और आत्मसम्मान का दिया संदेश : प्रो. मित्तल

- बीबीएयू में 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को समर्पित 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर आजादी का अमृत काल समिति एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभावना के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, आजादी का अमृत काल समिति की चेयरपर्सन एवं आईक्यूएसी डॉयरेक्टर प्रो. शिल्पी वर्मा एवं प्रॉक्टर प्रो. राम चंद्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी के अद्वितीय साहस और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण किया गया।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने अपने वक्तव्य में कहा कि मुगल काल में शत्रुओं ने कम उम्र के साहिबजादों तक को नहीं बख्शा। इसके बावजूद उन बालकों के भीतर त्याग, अदम्य साहस, सत्यनिष्ठा और बलिदान की अद्वितीय भावना विद्यमान थी। उस समय समाज में महिलाओं पर अत्याचार, जबरन धर्म परिवर्तन और धार्मिक असहिष्णुता जैसी गंभीर समस्याएं व्याप्त थीं। मुगल साम्राज्य के भीषण अत्याचारों के परिणामस्वरूप गुरु गोविंद सिंह जी ने समाज और धर्म की रक्षा के लिए संघर्ष का मार्ग अपनाया और इसकी शुरूआत उन्होंने अपने परिवार से ही की। प्रो. मित्तल ने बताया कि खालसा पंथ की स्थापना कर गुरु गोविंद सिंह जी ने न केवल अन्याय के विरुद्ध संगठित शक्ति का निर्माण किया, बल्कि समानता, साहस और आत्मसम्मान का संदेश भी दिया। उनका जीवन और संघर्ष मानवता, धर्मरक्षा और समाज कल्याण के लिए किए गए महान बलिदान का प्रतीक है, जो आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। साथ ही प्रो. शिल्पी वर्मा ने अपने संबोधन में साहिबजादों के बलिदान को भारतीय इतिहास का अमर अध्याय बताया।

इस अवसर पर फिल्म स्क्रीनिंग, विचार-गोष्ठी एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से वीर बालकों के जीवन, त्याग और नैतिक मूल्यों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में साहस, राष्ट्रभक्ति, आत्मसम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना था। साथ ही सभी शिक्षकों, कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, गैर शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहे।

## आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच ने विजेता टीम को किया सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच, इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी), लखनऊ द्वारा शुक्रवार को हाइब्रिड मोड में एक विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, आई ट्रिपल ई सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता की। यह आयोजन स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 में आई ट्रिपल ई छात्र सदस्यों की उल्लेखनीय उपलब्धि का उत्सव मनाने का भी एक सशक्त मंच बना।

आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच ने एसआईएच 2025 के विजेता दल टीम टेकबासटिक्स को उनके नवोन्मेषी समाधान एआई-पावर्ड प्लाम ऑयल ट्राफिक इम्पेक्ट सिम्यूलेटर के लिए सम्मानित किया। टीम के सदस्य स्पर्श गुप्ता, सार्थक सचान, प्रांशु पांडेय, स्नेहा वर्मा, प्रियांशु दुबे और उत्कर्ष सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट तकनीकी कौशल, टीमवर्क तथा समस्या-समाधान क्षमता का प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया। उनकी यह सफलता आईईटी लखनऊ में आई ट्रिपल ई द्वारा प्रोत्साहित नवाचार और व्यावहारिक अधिगम की सुदृढ़ संस्कृति को दर्शाती है।

विशेषज्ञ व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत डॉ. दिव्या शर्मा, सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग, आईईटी लखनऊ ने इंटरनेट ऑफ फ्लेक्सिबल थिंग्सः डिवाइसेज एंड चैलेंजेज विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स, सक्षम बनाने वाली सामग्रियों तथा उभरते अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला गया। वहीं प्रो. नीलम श्रीवास्तव, प्रोफेसर, ईसीडी, आईईटी लखनऊ, वरिष्ठ आई ट्रिपल ई सदस्य एवं ब्रांच काउंसलर ने साइबर सिक्योरिटी इन आईआईओटीः चैलेंज एंड ओपोर्चनिटीज विषय पर संबोधन देते हुए औद्योगिक आईओटी प्रणालियों में सुरक्षा संबंधी चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं को रेखांकित किया। दोनों सत्रों के बाद सहभागियों के साथ संवादात्मक चर्चा भी हुई।

वर्ष 2025 के दौरान आई ट्रिपल ई स्टूडेंट ब्रांच, आईईटी, लखनऊ द्वारा कुल 27 गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया, जिनमें तकनीकी कार्यक्रम, मानवीय पहल, आई ट्रिपल ई वुमेन इन इंजीनियरिंग कार्यक्रम, विशेषज्ञ व्याख्यान तथा ग्रेजुएट टॉक सीरीज शामिल रहीं। यह सभी गतिविधियां व्यावसायिक उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक प्रभाव के प्रति ब्रांच की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें विशेषज्ञों के योगदान को सराहा गया तथा छात्र उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया।

संक्षेप

## पूर्व ग्राम प्रधान कामरेड रामाकान्त सिंह कुशवाहा नही रहे

भटनी(देवरिया)।स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम बलुआअफगान निवासी पूर्व ग्राम प्रधान 80वर्षीय कामरेड रमाकांत सिंह कुशवाहा का निधन हो गया ।निधन की खबर लगते ही शुभचिन्तकों की उमडी भीड ।उनका अन्तिम संस्कार खनुआ नदी बलुआअफगान घाट पर हुआ जिसमें अधिक संख्या में लोगो ने भाग लिया ।

शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि कामरेड रमाकांत सिंह कुशवाहा अन्तिम क्षण तक गरीबो व समाज के दबे कुचले लोगो के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज बुलन्द कर न्याय दिलाने का कार्य करते रहे ।

डाँ सत्यनारायण शर्मा मुकेश यादव कामरेड पन्नलाल कुशवाहा डाँ रामायण कुशवाहा पूर्व ग्राम प्रधान जयप्रकाश कुशवाहा व दीपक विश्वकर्मा ने अपनी श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को ढांढस बढाया

# अटल जी थे दूरदर्शी राष्ट्रनेता, भारत को नयी दिशा दी: रजनीकांत मणि त्रिपाठी



**कसया, कुशीनगर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दुलारी सेवा संस्थान, कसया, कुशीनगर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ₹अटल बिहारी बाजपेई जन्म शताब्दी₹ समारोह के अवसर पर संगोष्ठी, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

शुक्रवार को नगर के होटल लीला ग्लैक्सी में आयोजित समारोह के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर पुष्पार्चन से किया गया। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक राजनेता, संवेदनशील कवि, दूरदर्शी राष्ट्रनेता थे जिन्होंने भारत को नई दिशा दी।उन्होंने लोकतंत्र की मयार्दा, सुशासन और पारदर्शिता को राजनीति का आधार बनाया और मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।प्रो. सीमा त्रिपाठी ने कहा कि बाजपेई जी की जीवनी को अपने जीवन में उतारें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी क्रम में एड मनोज कुमार पांडेय, बार संघ महामंत्री अम्बरीष चौबे ने अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में पूर्व विधायक मदन गोविंद राव ने कहा कि वह विलक्षण प्रतिभा के धनी कवि, पत्रकार, राजनेता ही नहीं बल्कि विकट परिस्थितियों में भी उन्होंने भारत को एक कुशल नेतृत्व दिया। आयोजित कवि सम्मेलन में दिनेश तिवारी भोजपुरिया, वंदना वैदेही, डॉ अम्बरीष विश्वकर्मा, एड. सरिता मिश्रा ने अटलजी के जीवन वृत पर रचनाओं के साथ शानदार रचना प्रस्तुत की। गायक सुनील मिश्रा की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।निरंकारी स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और गीत, नृत्य प्रस्तुत किए। अतिथियों को बुके और अंग वस्त्र देकर आयोजक संस्था अध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा, विशाल शर्मा, राम प्रताप चौरसिया ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य रवि शंकर प्रताप राव व संचालन राजू मद्धेशिया ने किया।इस दौरान आनंद शेखर सिंह, रमेश मद्धेशिया, प्रधानाचार्य अवधेश चौरसिया, मनोज चौरसिया, किशोर कुमार निषाद, अंकुर दूबे, प्रमिल गुप्ता, पिंटू राय, नंदलाल गुप्ता सहित प्रतिभागी मौजूद रहे।

## घर-घर खोजे जायेंगे कालाजार के मरीज : सीएमओ

**देवरिया।** कालाजार उन्मूलन व एमएमडीपी कार्यक्रम से सम्बंधित ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य कार्मियों का प्रशिक्षण शुक्रवार को सीएमओ डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता में हुआ। स्वास्थ्य कार्मियों को कालाजार डोजियर से सम्बंधित ब्लॉक स्तरीय दस्तावेजीकरण, कालाजार रोगियों की खोज के लिए एसीडी अभियान और फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण कराने की जानकारी दी गई।प्रशिक्षण में सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले के कालाजार प्रभावित ब्लाकों में जिन गांव में पिछले पांच वर्षों में कालाजार के मरीज मिले हैं उन गाँवों में घर-घर कालाजार रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। इसको प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए आशा कार्यकताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। अभियान के दौरान आशा उन्होंने कहा कि कालाजार डोजियर से सम्बंधित ब्लॉक स्तर पर सभी अपूर्ण दस्तावेजों को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

## ओवरब्रिज के कार्य को लेकर 115 नम्बर रेलवे ढाला आवागमन के लिए बन्द

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के 115नम्बर ढाले पर बन रहे ओवरब्रिज के निर्माण में आयी तेजी से भटनी के प्रमुख सडक मार्ग भरथुआ -भटनी बाईपास रोड से यात्रा करने वाले यू पी बिहार के लोगो को यात्रा करने वालो के लिए काफी मुश्किलें बढ गयी है ।बताया गया है कि बाईपास रोड पर स्थित पूर्वी सम्पार संख्या-115स्पेशल पर रेल उपरगामी निर्माण कार्य को लेकर इस सम्पार पर 20दिसम्बर से अगले आदेश तक पूर्णरूप से बन्द रहेगा ।निर्माण के दौरान रुट का डाईवर्जन किया गया है ।इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)ने कार्यपाल इंजीनिर्य नि०/वाराणसी के पत्रांक का हवाला देते हुए कहा है कि भटनी पूर्वी सम्पार संख्या 115स्पेशल पर उपरगामी सेतु के निर्माण के सम्पादन के लिए रेल विभाग द्वारा रोड डाईवर्जन का अनुरोध किया गया है जिसके अनुसार देवरिया की तरफ से आने वाली गाडियां नूरीगंज बाजार होकर बनकटाशिव से अपने गंतव्य को जायेगी व कुछ गाडियां नकहनी चौराहे से भरहेचौरा होते हुए भाटपाररानी की तरफ से जायेगी ।लेकिन बाईपास रेलमार्ग पर ग्राम साहोपार के पास बने रेलवे के अण्डरपास के पास कोई संकेत न होने के कारण सीधे वाहन 115नम्बर रेलवे ढाले पर पहुंच जाते है ।वहा से वापस आने पर इसी सडक से 116नम्बर रेलवे ढाले पर जाने के प्रयास मे ट्रक बस तो नही बाईक व कार करते हैं ।जिसके कारण नगर मे प्रतिदिन जाम की चपेट में वाहन आ जाते है और पहले आगे जाने के चक्कर में आपस में तु तु मैं मैं भी कर लेते है ।बाजार में घण्टों जाम है जाता है ।यही स्थिति 117नम्बर रेलवे सम्पार पश्चिम नूरीगंज बाजार की है ।भरथुआ से आने वाली व पीलकोल खुखुंदू बैकुंठपुर से आने व जाने वाली वाहनों की है ।कभी कभी लोगो को ढाला पार करने में काफी समय लग जाता है ।इस पुरी व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने की व्यवस्था उपजिलाधिकारी सलेमपुर ने सी ओ भाटपाररानी भटनी पुलिस को भी अवगत करा दिया है ।फिरभी किसी प्वाइंट पर कभी पुलिस नजर नही आती ।अगर सडक पर मुख्य रुप से 115नम्बर रेलवे सम्पार की बन्द की सूचना के लिए किसी मोड पर कोई संकेत नही दिया गया ।जिससे वाहन चालक फरार्टे से भरते हुए सम्पार तक पहुंच जाते है ।क्षेत्रीय लोगो ने डाईवर्जन रूट का संकेत टर्न पर देने व पुलिस की निगरानी भी तेज करने की माँग किया है ।जिससे उपरगामी सेतु का निर्माण शीघ्र पुरा हो जाये और यात्रा भी सुगम हो जाय।

## ग्रामसभा के धन का दुरुपयोग व बंदरबांट का लगाया आरोप



**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम रायबारी निवासी एवं भाजपा नेता प्रवीण कुमार राय ने ग्रामप्रधान द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग व बन्दरबांट का आरोप लगाते हुए आयुक्त ग्राम विकास विभाग लखनऊ जिलाधिकारी एवं जिलापंचायत राज अधिकारी देवरिया को 13सूत्रीय माँगो का पत्रक दिया था ।जसके क्रम मे खण्ड विकास अधिकारी भटनी संतोष कुमार यादव ग्राम रायबारी पहुंच कर एक विन्दु पर जाँच किया ।अधिकारियों को दिये गये पत्रक मे प्रवीण कुमार राय ने लिखा है कि बाबा की बारी

- आरोपों की जांच के लिए बी डीओ पहुंचे गांव

से होते हुए पश्चिम खडंजा निर्माण में दोयम ईट रायबारी के राजस्व ग्राम चोरिया में पीच मार्ग से होते हुए रामान्द यादव के खेत के खडंजा व पंचायत भवन में दोयम नम्बर का ईट प्राथमिक स्कूल में दोयम ईट चाँनु प्रसाद के घोठा से पश्चिम होते पीच कार्य में दोयम ईट रायबारी में 150 पोल पर प्रति लाईट 3200रुपया निकासी की गयी ।जबकि20पोल पर ही स्ट्रीट लाईट लगी है शेष धन बंदरबांट कर ली गयी ।सोख्ता निर्माण में चार लाख रुपये की निकासी हुई ।जबकि मौके पर 3या4का ही निर्माण हुआ है ।इण्डिया हेण्डपम्प के रिबोर के लिए 15हेण्डपम्प का रुपया निकाल लिया गया ।रायबारी पीच सडक से जूनियर हाईस्कूल तक इण्टरलाकिंग अधुरा पर ही रुपया निकाल लिया गया साथ ही घटिया ईट इसमें भी प्रयास किया गया ।इसका बेड ब्लाक भी मानक के विपरीत किया गया ।रायबारी में पीच सडक से किशोर यादव के खेत तक बने खडंजा सडक निर्माण में भी दो दोयम ईट का प्रयोग किया गया ।कन्हैया लाल के घर से काशी गोड के घर तक बने खडंजा में भी घटिया ईट का प्रयोग हुइ है ।चबूतरा निर्माण में भी स्टीमेट के विपरीत कार्य हुआ ।इण्टरलाकिंग सडक में घटिया ईट बेस का निर्माण भी ठीक से नही हुआ रुपया निकल गया ।प्राथमिक विद्यालय रायबारी में घटिया स्ट्रीट लाईट लगाया गया ।शौचालय मद का धन मात्र एक ही परिवार को दे दिया गया ।

राय ने सभी आरोपों की टेक्निकल जाँच पी डब्लू डी के अभियन्ता प्रशासनिक अधिकारियों की टीम से जांच टीम बनाकर जाँच की माँग किया था ।जिसके क्रम में खण्ड विकास अधिकारी भटनी के नेतृत्व में जाँच की गयी।

इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि आरोपों के जाँच के लिए रायबारी गया था। आरोपों के क्रम में कुछ 2022-23का है ।मेरे द्वारा जो भी किया जायेगा विधि समंद किया जायेगा, जाँच की जा रही है ।

# आत्मज्ञानी की पुस्तक पद्य गरिमा और गद्य गौरव का हुआ लोकार्पण



**कसया, कुशीनगर।** नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 वीर अब्दुल हमीद नगर (भलुही मदारी पट्टी) में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद आत्मज्ञानी की दो पुस्तकें पद्य गरिमा और गद्य गौरव का लोकार्पण कवि और साहित्यकारों ने किया।

पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम की शुरूआत माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ।मुख्य अतिथि राहुल सांकृत्यायन सम्मान प्राप्त कवि चंदेश्वर शर्मा परवाना ने आत्मज्ञानी की लिखी पुस्तक की समीक्षा करते हुए कहा कि नौकरी में रहकर साहित्य सृजन कठिन कार्य है। आगे कहा कि साहित्यकार लिखता तो है लेकिन खाली समय में सोचता भी है।

विशिष्ट अतिथि उमाशंकर सोनी ने कहा कि सुरेश प्रसाद ने अपने भावों, विचारों, अनुभवों और चिंतन को पुस्तक के रूप में प्रस्तुत कर सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया है। सुरेश प्रसाद गुप्ता, गेंदा सिंह, चंद्रिका प्रसाद ने लेखक आत्मज्ञानी की लिखी पुस्तकों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए रामाश्रय ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती हैं जो सही दिशा देती हैं।

कवि सम्मेलन में सुरेश आत्मज्ञानी, अवध किशोर अवधु, एड. इरशाद कामिल, विकाश वैभव, अमरनाथ पाण्डेय ने बेहतरीन काव्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी तो गीतकार धीरज राव, राजेश रोशन, डॉ श्यामा भारती, अतुल भारती ने गीतों से समां बांधी और श्रोताओं की तालियां बटोरी। आयोजक श्री आत्मज्ञानी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र व पुस्तकें देकर सम्मानित किया। मंच का शानदार काव्यात्मक ।संचालन आचार्य जर्नादन ने किया।इस अवसर पर श्रवण भारती, दशरथ प्रसाद, रामाश्रय चौधरी, विकास चौधरी, नरसिंह, सोहनलाल साहू, विंध्याचल, विवेक जयसवाल, मोहन गोंड सहित मातृ शक्ति उपस्थित रहे।

## अटलजी की जीवन यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी आयोजित



**कुशीनगर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की जीवन यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद विजय कुमार दुबे ने किया। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड,पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप जायसवाल, रामकोला नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी सहित कई नेताओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन कियाइस मौके पर सांसद श्री दुबे ने कहा कि अटलजी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, जिन्होंने देश को स्थिर, सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान किया।पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना एवं राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने वाले निर्णय उनके दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज देश अटल के विचारों को आत्मसात करते हुए विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।इस मौके पर सुदर्शन पाल, विवेकानंद शुक्ल, विश्वरंजन कुमार आनन्द, नमो नारायण मौर्य, भीखम प्रसाद, निशांत शुक्ल, भुवनेश्वर त्रिपाठी, नवल किशोर त्रिपाठी, राजेश तिवारी, प्रमोद राय, अरुण राय, विकास जायसवाल, मनीष चौधरी, विनोद गुप्ता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने शहीद रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक का किया स्थलीय निरीक्षण



*देवरिया, ।*जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने नगर क्षेत्र स्थित शहीद रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्मारक परिसर की वर्तमान स्थिति का जायजा लेते हुए उसके संरक्षण, सर्वांगीण विकास एवं सौंदर्यीकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका को निर्देशित किया कि शहीद स्मारक के जीर्णोद्धार का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ कराया जाए।उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक हमारी ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी धरोहर हैं, जिनका संरक्षण एवं गरिमामय विकास जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने समुचित कार्ययोजना तैयार कर सभी कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्मारक परिसर में स्वच्छता, नियमित सफाई, रंग-रोगन, बेहतर प्रकाश व्यवस्था (पाथ लाइटिंग) तथा हरित पट्टी के विकास हेतु लैंडस्केपिंग कराए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शहीद स्मारक को इस प्रकार विकसित किया जाए कि यह युवाओं के लिए प्रेरणा स्थल बने और उन्हें शहीदों के बलिदान, त्याग एवं राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सौंदर्यीकरण से संबंधित सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कराए जाएं तथा कार्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अल्का सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## थाना विशेश्वरगंज का किया गया वार्षिक निरीक्षण

बहराइच । अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा थाना विशेश्वरगंज, जनपद बहराइच का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थाना परिसर में सलामी ग्रहण की गई तथा तत्पश्चात थाना परिसर का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर थाना भवन, आरक्षी/ बनाए रखने तथा आवश्यक मरम्मत ं रख-रखाव कार्य समयबद्ध रूप से ा कराने हेतु निर्देशित किया गया। महोदय द्वारा थाना कार्यालय, विभिन्न अभिलेखों/रजिस्टरों, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प ि करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिए गए। साथ ही महिला आगंतुकों की सुविधा पेयजल, शौचालय एवं बैठने की समुचित व्यवस्था और मालखाना निरीक्षण के दौरान शस्त्र-अस्त्रकिया गया। एक्सपायरी एम्यूनिशन को हिस्ट्रीसुव्यवस्थित एवं अद्यावधिक रखने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## डॉ. मनमोहन सिह ने कुशलता के साथ देश को आर्थिक स्थितियों से बचाया: डॉ.पीएल पुनिया



बाराबंकी।डा0 मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक भारत देश के प्रधानमंत्री रहे।उन्होने दो बार प्रधानमंत्री की शपथ ली।उनके कार्यकाल में भारत शिखर की ओर जा रहा था।उनका स्वभाव बोलने में कम काम करने में ज्यादा था।वह किसी भी कार्य को बड़ी कुशलता के साथ करते थे एवं कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान थे।वह एक कुशल प्रख्यात अर्थशास्त्री थे।जिस समय देश तंगी की ओर जा रहा था उस समय उन्होनें बड़ी कुशलता के साथ देश को आर्थिक स्थितियों से बचाया था।उक्त उद्गार ओबरी आवास स्थित सांसद आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने व्यक्त किये।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, इरफान कुरैशी, अजीत वर्मा, शेरू पाल, प्रमोद कुमार वर्मा, फरहान किदवाई, राजेन्द्र सोनी, तरून चावला, दानिश खान, संजीव मिश्रा, सुधीर पाण्डेय, प्रवेश यादव आदि मौजूद थे।

## कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षार्थियों को वितरित किये गये प्रमाण पत्र



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती वंदिता श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।यह मिशन युवाओं को तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में उपस्थित कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक श्री आलोक कुमार मौर्य ने मिशन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षार्थियों को प्राप्त कौशल का सही एवं व्यावहारिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।वहीं जिला कौशल प्रबंधक श्री कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रदाता विनायक टेक्निकल एजुकेशनल सोसाइटी के प्रदेश समन्वयक इंजीनियर रिजवान अहमद ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी साझा की।कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव साझा किए गए तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में केंद्र प्रबंधक साबीर अंसारी, स्टाफ सदस्य अमन श्रीवास्तव, शालिनी मैम सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# मां सरकारी कर्मचारी, पुत्र ने पिता की मौत को बनाया नौकरी का हथियार

कुशीनगर। सरकारी नियमों की हत्या और नैतिकता का गला घोटकर मृतक आश्रित कोटे का बेशर्म दुरुपयोग सामने आया है। सबब यह है कि मां पहले से सरकारी नौकरी में कार्यरत रही, इसके बावजूद पिता की मृत्यु के बाद पुत्र ने मृतक आश्रित कोटे में तत्थ गोपन कर फर्जी तरीके से नौकरी हासिल कर ली।यह न केवल नियमों की धज्जियां उड़ाने का मामला है,

- कागजों में नियम, हकीकत में लूट: मृतक आश्रित कोटे की शर्मनाक कहानी
- मृतक आश्रित योजना का मजाक: एक घर में दो-दो सरकारी नौकरी
- मृतक कोटे का शर्मनाक खेल

बल्कि व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा भी है मामला कुशीनगर जनपद के कसया विकास अन्तर्गत सखवनिया स्थित महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कालेज का है जहां अविनाश गुप्ता नामक व्यक्ति नियम-कानून की हत्या कर फर्जी तरीके से मृतक आश्रित कोटे मे बेखौफ नौकरी कर रहा है और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय धृतराष्ट्र बना बना बैठा। विशेषज्ञो का कहना है कि सरकारी सेवा में कार्यरत माँ के रहते हुए अविनाश गुप्ता द्वारा मृतक आश्रित कोटे में नौकरी हथियाना खुलेआम धोखाधड़ी, कागजी खेल और सिस्टम की दलाली का एक नमूना है।

बतादे कि मृतक आश्रित योजना का उद्देश्य उन परिवारों को सहारा देना है, जिनकी आजीविका का एकमात्र साधन छिन जाता है। लेकिन यहां तो परिवार पहले से सुरक्षित है, मां को नियमित वेतन मिल रहा है, फिर भी बाबूओ से साठगांठ, झूठे दस्तावेज और अधिकारियों के मिलीभगत के सहारे अविनाश ने सरकारी नौकरी पर कब्जा जमा लिया।

सवाल यह उठता है कि जब घर में माँ पहले से सरकारी नौकरी कर रही थी तो अविनाश गुप्ता को यह नौकरी किस शासनादेश और किस अधिकारी के निर्देश पर में दी गई ?यह मामला प्रशासन की घोर लापरवाही या फिर जानबूझकर आंख मूंदने की ओर इशारा करता है।क्योकि बिना समुचित जांच-पड़ताल के नियुक्ति कैसे हो गई ? किन अधिकारियों ने नियमों को रौंदते हुए फाइल आगे बढ़ाई ? जिन अधिकारियों ने इस अवैध नियुक्ति पर दस्तखत किए है, वे भी इस अपराध के साझीदार हैं।यह सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि वास्तविक जरूरतमंदों के हक पर की गई सरेआम डकैती है ।सबसे घटिया सच्चाई यह है कि ऐसे मामलों में गरीब विधवाएं और अनाथ बच्चे दफ्तरों के चक्कर काटते रह जाते हैं, और यहां रसूखदार परिवार योजनाओं को निजी जागीर समझकर निगल रहे हैं जो सिस्टम की सड़ी हुई घटिया नीति को बेनकाब करता है।

### अविनाश के पिता खड्डा में थे शिक्षक

कहना ना होगा कि माँ द्वारा सरकारी नौकरी मे कार्यरत रहते हुए फर्जी तरीके से मृतक आश्रित कोटे मे नौकरी हथियाने वाला अविनाश गुप्ता के पिता खड्डा तहसील क्षेत्र के गांधी इंटरमीडिएट कालेज में शिक्षक थे। नौकरी में रहते हुए वर्ष 2004 में अविनाश के पिता की मृत्यु हो गयी उस समय अविनाश की माँ स्वास्थ्य विभाग मे कार्यरत थी।

शासनादेश व सरकारी नियम के अनुसार परिवार का कोई भी सदस्य पहले से सरकारी नौकरी में कार्यरत है तो मृतक आश्रित योजना का लाभ पूरी तरह से प्रतिबंधित है।इसके बावजूद नियमो को रौंदते हुए, सच्चाई छिपाकर और दस्तावेजों से खिलवाड़ करके अविनाश गुप्ता ने वर्ष 2006 में कसया विकास खण्ड क्षेत्र के सखवनिया स्थित महात्मा गाधी इंटरमीडिएट कालेज मे परिचारक की सरकारी नौकरी हासिल कर लिया। इतना ही नही वर्तमान में पदोन्नति लेकर सहायक लिपिक बना बैठा है।

### क्या कहते विशेषज्ञ

जानकारों का कहना है कि इस प्रकरण को विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए, कोई लीपापोती नहीं, बल्कि कठोर कार्रवाई करते हुए इस अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द करना चाहिए, झूठे दस्तावेजों पर एफआईआर दर्ज होना चाहिए, जिम्मेदार अफसरों पर निलंबन और विभागीय कार्रवाई होनी चाहिए।अगर इस मामले मे भी शासन-प्रशासन चुप्पी साध लेती है, तो संदेश साफ है योगी सरकार में नियम नहीं, सेटिंग चलती है हक नहीं, हथियाने की ताकत मायने रखती है।

### प्रधानाचार्य बोले

इस संबध में महात्मा गांधी इंटरमीडिएट कालेज सखवनिया के प्रधानाचार्य अमर बहादुर से बातचीत करने पर उन्होंने कहा कि मामला उनके कार्यकाल नहीं है यह सच है कि अविनाश की नियुक्ति मृतक कोटे में हुई है बाकी विभागीय जांच का विषय है।

## जिला एकीकरण समिति की बैठक 30 दिसंबर को

देवरिया ।*जनपद देवरिया में वित्तीय वर्ष 2025झ26 के अंतर्गत जिला एकीकरण समिति की बैठक का आयोजन 30 दिसंबर को किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा की जाएगी।यह बैठक पूर्वाह्न 12 बजे गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में आयोजित होगी।मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बैठक में स्थानीय समाज में आपसी एकता की भावना को सुदृढ़ करने, सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने से संबंधित विषयों पर चर्चा कर आवश्यक सुझावों पर निर्णय लिया जाएगा।

## प्रदेश भर के महापौरों का जमावड़ा आज, सम्मेलन कल

अयोध्या।रामनगरी में शनिवार को प्रदेश के सभी 17 नगर निगम के महापौर का जमावड़ा होगा। दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए आ रहे सभी महापौर अयोध्या का भ्रमण कर दर्शन-पूजन करेंगे और नवाचारों को देखेंगे। यहां आने वाले महापौरों के स्वागत को लेकर नगर निगम ने व्यापक इंतजाम किए हैं। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर नगर डॉ. नागेंद्र नाथ एवं अन्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधित तैयारी का जायजा लिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इच्छा के अनुरूप अयोध्या में महापौर सम्मेलन कर नगरीय विकास के साथ स्वच्छ नगर बनाने के लिए नवाचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। महापौर सम्मेलन के लिए पार्षदों की 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। मीडिया की जिम्मेदारी पार्षद सलमान हैदर को सौंप गई है ।नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि 27 दिसंबर को सभी महापौर सायंकाल 4:00 बजे पंचशील होटल पहुंचेंगे, जहां उनका स्वागत किया जाएगा।

## डीएम ने राजस्व विभाग की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण एजेंडा बिंदुओं पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कृषि, आवास, मत्स्य पालन एवं कुम्हारी कला से संबंधित आवंटनों की स्थिति, सीमा स्तंभों की प्रगति, आर.सी. वसूली, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं, फास्ट ट्रैक प्रमाणपत्र निर्गमन, पेंशन, जीपीएफ, ग्रेच्युटी तथा जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई ।जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं सेवाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने विशेष रूप से जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का तत्काल एवं प्रभावी निस्तारण करने पर बल दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली आमजन के जीवन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आपसी समन्वय बढ़ाकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने तथा जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

समीक्षा दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि अपने तहसील क्षेत्रा अंतर्गत अभियान चलाकर राजस्व ग्रामों में चकरोड का सीमांकन कराकर खाली कराएं तथा प्रत्येक लेखपाल से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि किसी भी राजस्व ग्रामो के अंतर्गत समस्त चकरोड/चकमार्ग को सीमांकन कर अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है।

संक्षेप

## अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। नयागांव निवासी प्रेमी (45) पुत्र अज्ञात किसी काम से सड़क किनारे जा रहा था, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उपचार के दौरान प्रेमी ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की, जिसके बाद परिवार में मातम छा गया। प्रेमी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था और उसकी अचानक मौत से परिजन बदहवास हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि फरार चालक की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जा सके।

## चप्पल विवाद बना शोरूम प्रबंधक के लिए मुसीबत

सीतापुर। शहर कोतवाली इलाके में उपभोक्ता अधिकारों से जुड़ा एक मामला अब बड़ा कानूनी संकट बन गया है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने लिबर्टी शोरूम के प्रबंधक मोहम्मद उस्मान के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई फोरम के आदेश की अवहेलना करने पर की गई है। मामला वर्ष 2022 का है। बट्सगंज निवासी आरिफ ने 17 मई 2022 को ट्रांसपोर्ट चौराहे स्थित लिबर्टी शोरूम से 1700 रुपये की चप्पल खरीदी थी। शोरूम प्रबंधक ने छह माह की वारंटी का आश्वासन दिया था, लेकिन आरोप है कि मात्र एक माह में ही चप्पल टूटने लगी। शिकायत करने पर शोरूम प्रबंधन ने चप्पल तो रख ली, लेकिन न तो नई चप्पल दी और न ही रुपये वापस किए। परेशान होकर पीड़ित ने 17 अक्टूबर 2022 को जिला उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया। कई नोटिसों के बावजूद शोरूम प्रबंधक पेश नहीं हुए। इसके बाद 8 जनवरी 2024 को फोरम ने आदेश दिया कि चप्पल की कीमत के साथ मानसिक उत्पीड़न के लिए 2500 रुपये और वाद व्यय 5000 रुपये सहित कुल 9200 रुपये का भुगतान किया जाए। आदेश का पालन न होने पर धारा 72 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। फोरम ने एसपी सीतापुर को निर्देश दिया है कि 2 जनवरी 2026 तक हर हाल में वारंट तामील कराते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पेश किया जाए। यह मामला व्यापारियों के लिए कड़ी चेतावनी माना जा रहा है।

## मशीन में फंसकर बच्ची की मौत

सीतापुर। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के ग्राम बूढ़नापुर में गुरुवार को दर्दनाक हादसे में आठ वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में मातमी सन्नाटा फैल गया। जानकारी के अनुसार नईम की पुत्री सैयदा खेलते-खेलते चम्मच बनाने वाली फैक्ट्री में पहुंच गई, जहां चल रही मशीन के पट्टे में फंसकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन तत्काल उसे सीएचसी बिसवां लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की विधिक जांच में जुटी है।

## संदना ज्वैलर्स से दो लाख के जेवर उड़ा ले गए चोर

सीतापुर। संदना थाना परिसर के ठीक पास बुधवार रात बेखौफ चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर करीब दो लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। हैरानी की बात यह रही कि चोर लगभग 20 मिनट तक शटर से जूझते रहे, लेकिन कथित रात्रि गश्त कर रही पुलिस को भनक तक नहीं लगी। पीड़ित दुकानदार विमल कुमार सोनी ने तुरंत तहरीर दी, पर व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। उनका कहना है कि जब थाने के पास की दुकानें सुरक्षित नहीं हैं तो बाजारों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसी इलाके में पहले भी ज्वैलर्स को निशाना बनाकर 10 लाख की लूट हो चुकी है, जिसका अब तक खुलासा नहीं हुआ। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को मजबूर होंगे। पुलिस ने जांच शुरू करने की बात कही है।

# लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें : डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजागणपति आर. की



अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नामान्तरण, वरासत, सीमांकन, भू-अधिग्रहण, भूमि विवाद निस्तारण, राजस्व वसूली और जनशिकायतों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई।

डीएम ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी तहसीलों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को संतोषजनक समाधान उपलब्ध कराया जाए। राजस्व वसूली की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग कर लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने के निर्देश भी दिए गए। भूमि विवादों और जनशिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को जनता से संवाद बढ़ाने व मौके पर जाकर समस्या समाधान करने को कहा गया। डीएम ने उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने न्यायालयों में नियमित बैठने तथा एक वर्ष से अधिक लंबित वादों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कार्रवाई, तालाबों का पट्टा मानकों के अनुरूप आवंटन, पट्टाधारकों को कब्जा दिलाने तथा शत्रु सम्पत्ति पर प्रभावी कार्रवाई के आदेश दिए गए। साथ ही चेताया कि गरीबों को अनावश्यक परेशान करने पर सख्त कार्रवाई होगी। आईजीआरएस शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देते हुए डीएम ने आख्या स्पष्ट, जांचयुक्त और शिकायतकर्ता से संवाद के साथ लगाने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित सभी उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने निरीक्षण के दौरान लापरवाही पर रेडियोलॉजिस्ट का तबादला

सीतापुर। जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान गंभीर खामियां सामने आने पर डीएम ने कड़ी कार्यवाही करते हुए रेडियोलॉजिस्ट का तबादला, मुख्य फार्मासिस्ट के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि और वेतन कटौती तथा एक स्टाफ नर्स पर अनुशासनात्मक कार्यवाई के आदेश दिए।

निरीक्षण में पाया गया कि रेडियोलॉजिस्ट डॉ. पवन कुमार की तैनाती के बावजूद सीएचसी में एक्स-रे अथवा अल्ट्रासाउंड जैसी कोई भी मशीन उपलब्ध नहीं है। जिससे मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल डॉ. पवन कुमार के स्थानांतरण के आदेश जारी कर दिए। पीएमसी वार्ड में भोजन मेन्यू



प्रदर्शित न होने पर डीएम ने मेन्यू प्रिंट कर दीवार पर चस्पा कराने के निर्देश दिए। एनबीएसयू प्रोटोकॉल को भी अस्पताल परिसर में प्रमुख स्थान पर लगाने को कहा गया। अभिलेखीय संधारण में लापरवाही मिलने पर बर्थ रजिस्ट्रेशन आईडी और सीआरएस नंबर सही ढंग से दर्ज करने के निर्देश दिए गए। स्टोर रूम में दवाओं का अव्यवस्थित रख-रखाव और नियर एक्सपायरी दवाओं को अलग न रखने पर मुख्य फार्मासिस्ट अखिलेश कुमार सोलंकी के खिलाफ प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज कर एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए गए। वार्ड में अनियमितता पाए जाने पर स्टाफ नर्स श्वेता गुप्ता का 15 दिन का वेतन काटते हुए चेतावनी दी गई। डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी मरीज को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए और उपलब्ध संसाधनों से बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## महाराजा बिजली पासी जयंती पर 75 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



फतेहपुर । आज पासी कल्याण समिति के तत्वाधान में महाराजा बिजली पासी चौराहा पक्का तालाब-फतेहपुर में महाराजा बिजली पासी की जयंती के शुभअवसर पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेंधावी 75छात्र/ छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत समिति के अध्यक्ष बासुदेव पासी ने महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया।मुख्य अतिथि के रूप में कृष्णा पासवान विधायक खागा व विशिष्ट अतिथि के रूप में विकास पासवान ब्लाक प्रमुख हसवा मौजूद रहे वही समाजसेवी सुशील पटेल दोषी ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन समिति के महासचिव प्रदीप पासवान ने किया तथा विभिन्न वक्ताओं ने महाराजा बिजली पासी के इतिहास पर प्रकाश डाला और पासी समाज के गौरवपूर्ण इतिहास को बताया साथ ही बच्चों को जीवन के विकास में शिक्षा के महत्व को बताया इस अवसर पर हाईस्कूल की 94.83 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्रा काजल देवी व इंटरमीडिएट की 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त छात्रा रिचा सिंह को साइकिल, घड़ी, टिफिन व द्वितीय स्थान प्राप्त अभिषेक व आइशा सिंह के सिलाई मशीन, घड़ी, टिफिन,बैग इसतरह से 75छात्र/ छात्राओं को वाटर कूलर, बैग,पानी बोतल, टिफिन इत्यादि पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर महासचिव प्रदीप पासवान, उपाध्यक्ष रमेशचंद्र, संतोष कैथल, उपसचिव शिवराम कोषाध्यक्ष रामदीन, हेमेंद्र, मुकेश, अशोक, राजेश, डां,अतुल ,अरुण, धन्नजय, इत्यादि हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

## क्रिसमस पर सीतापुर में गूंजे शांति व भाईचारे के संदेश



सीतापुर।क्रिसमस के पावन अवसर पर श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सिविल लाइन स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जहां विष्णुपप ई.के. सिंह ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन और उनके संदेशों का पाठ किया। चर्च परिसर को आकर्षक बिजली की झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रार्थना सभा के उपरांत सभी धर्मों के लोगों ने कैंडल जलाकर विश्व शांति, भाईचारे और मानव कल्याण की कामना की। चर्च के समीप क्रिसमस के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन भी हुआ, जहां खाद्य सामग्री, कॉस्मेटिक सामान और बच्चों के लिए झूले सहित कई दुकानें सजी रहीं। बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित मेले में पहुंचे और पर्व का आनंद लिया। वहीं सेक्रेड हार्ट हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल फादर ग्लेडियस के नेतृत्व में विद्यालय परिसर स्थित चर्च में भी भव्य प्रार्थना सभा आयोजित की गई। यहां प्रभु यीशु के जन्म से जुड़ी सुंदर झांकियां सजाई गईं। क्रिसमस ट्री के पास सैंटा क्लॉज बच्चों को उपहार देते नजर आए, जिससे बच्चों में खासा उत्साह रहा। लोग मोबाइल से सेल्फी लेकर इन यादगार पलों को सहेजते दिखे। इस मौके पर फादर ग्लेडियस ने प्रेम, त्याग और भाईचारे के मार्ग पर चलने की अपील की।

## अवैध शराब सहित महिला गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। अवैध शराब की बिक्री व निष्कर्षण को लेकर थाना बिहार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को ग्राम केदारखेड़ा की रामवती पत्नी धनीराम को एस आई वीरेंद्र सिंह व महिला आरक्षी पूजा ने संदिग्ध अवस्था में गांव के बाहर केदारखेड़ा पूर्व तिराहे पर गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से एक डिब्बा में 10 लीटर अवैध कच्ची शराब पाई गई। पुलिस ने गिरफ्तार महिला को एक्साइज एक्ट की धारा में निरुद्ध कर कानूनी कार्यवाही की है।

## जरूरतमंदों को बांटे कंबल



हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। मौरावा आदर्श मौरावां नगर पंचायत में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के लिए राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं।इसी क्रम में एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी एवं लेखपाल निशांत वर्मा ने नगर पंचायत पहुंचकर गरीब और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए।कंबल वितरण के दौरान बिटाना, महेश, रंजन, बाबा, नारायण, विमला, कमला वती, राजवती सहित लगभग 45 जरूरतमंदों को स्वयं कंबल ओढ़ाकर राहत दी गई।इसके साथ ही मोतेश्वर मंदिर में पुजारियों को भी ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए गए।एसडीएम पुरवा द्वारा ठंड और कोहरे को देखते हुए नगर क्षेत्र में बने रेन बसेरा का भी निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया। वहीं नगर अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ एवं अधिशासी अधिकारी संतोष चतुर्वेदी लगातार अलाव की व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं, ताकि राहगीरों और जरूरतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## अखबार पढ़ने से बच्चों में निखरती भाषा और विचारशक्तिः डॉ. रचना

उन्नाव। अखबार पढ़ने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों का ज्ञान और उनकी समझ बढ़ती है।माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से शासनादेश जारी कर कक्षा 6 से 12 तक के बेसिक व माध्यमिक स्कूलों में हिंदी और अंग्रेजी के अखबारों की उपलब्धता अनिवार्य की गई है। इसी आदेश के क्रम में विकास खण्ड सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट में कक्षा 6 से 8 के बच्चों ने सहायक शिक्षिका डा. रचना सिंह के मार्गदर्शन में अखबार पढ़कर अपना ज्ञान बढ़ाया।बच्चों ने अखबार पढ़कर मुख्य खबरों को अपने दोस्तों के साथ साझा किया तथा उनमें आए नए शब्दों को चिन्हित कर उनपर चर्चा की तथा उनके अर्थों को जाना।विद्यालय की शिक्षिका



तथा जनपद की एस आर जी डॉ रचना सिंह ने बताया कि रोजाना अखबार पढ़ने से बच्चों में पढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ेगी।

अखबार हमें हमारे आस -पास से लेकर देश दुनिया की खबरों के प्रति जागरूक करते हैं।भाषा सीखने के कौशलों में पढ़ना एक कौशल है। अखबार पढ़ने से बच्चों के शब्दकोश में वृद्धि होगी ,उनका ज्ञान बढ़ेगा,उनका संवाद बेहतर होगा और इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। अखबार के माध्यम से छात्रों को राजनीति, विज्ञान, खेल, संस्कृति और अंतराष्ट्रीय घटनाओं के बारे में जानकारी मिलती है जिससे वे जागरूक नागरिक बनते हैं। अखबार पढ़ने से एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है।अखबार पढ़ने से बच्चे वास्तविक दुनिया से जुड़े रहते हैं।अखबार पढ़ने की आदत बच्चों को स्क्रीन टाइम से राहत देती है। डॉ रचना सिंह ने बताया कि अखबार पढ़ने में बच्चों ने बहुत रुचि ली।बच्चों ने कठिन शब्दों को खोजा उनका अर्थ समझा तथा लेखन अभ्यास किया।उन्होंने बताया कि आगे संपादकीय आलेख पर एक दिन ग्रुप डिस्कशन कराया जाएगा। बच्चे विज्ञान,पर्यावरण और खेल से अपनी रुचि के आधार पर समाचारों की कटिंग से एक स्क्रैपबुक तैयार करेंगे।

## निरीक्षण में मिली गंदगी का अंबार, दवाओं का टोटा व खराब व्यवस्था देख भड़के सचिव



उन्नाव। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के दावों के बीच शुक्रवार को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव और 1994 बैच के आईएएस अधिकारी अमित कुमार घोष ने अचानक जिला अस्पताल परिसर में कदम रखा, तो वहां हड़कंप मच गया। सफेद एप्रन पहने डॉक्टर गलियों में भागते नजर आए।

आनन-फानन में फाइलों को दुरुस्त किया जाने लगा। लेकिन अस्पताल की बदहाली प्रमुख सचिव की पारखी नजरों से बच नही सकी। प्रमुख सचिव जैसे ही ओपीडी पहुंचे वहां भारी भीड़ और धक्का-मुक्की देखकर वह दंग रह गए। मरीजों को नियंत्रित करने के लिए न तो कोई क्यू-सिस्टम काम कर रहा था। न ही अस्पताल प्रबंधन की कोई संवेदनशीलता नजर आई। मरीज घंटों खड़े रहने को मजबूर थे। प्रमुख सचिव ने अस्पताल प्रबंधन से सीधा सवाल किया क्या मरीज इसी तरह इलाज के लिए तरसेंगे। प्रमुख सचिव अमित घोष ने अस्पताल के हर कोने की पड़ताल की, जहां आम आदमी रोज जिल्लत झेलता है। निरीक्षण के दौरान जो खामियां मिलीं वे केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ जैसी प्रतीत हुई। अस्पताल वार्डों में साफ-सफाई की स्थिति इतनी भयावह मिली कि स्वस्थ व्यक्ति भी वहां बीमार पड़ जाए। बेडशीट चादरें पीली पड़ चुकी थी और उन्हें हफ्तों से बदला नहीं गया था कोनो में लगा कचरे के ढेर और शौचालय से आती दुर्गंध पर प्रमुख सचिव ने सफाई कर्मचारियों को मौके पर जमकर फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक कहा कि अगर सफाई नहीं हो सकती, तो जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग इस्तीफा दे दें। अस्पताल की पैथोलॉजी लैब की स्थिति भी दयनीय पाई गई। जांच रिपोर्ट समय पर न मिलने के कारण मरीजों का इलाज लटका रहता है। प्रमुख सचिव ने इस पर गहरी चिंता जताई। और इसे मरीजों के मौलिक अधिकार का हनन बताया। निरीक्षण के बाद प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष ने जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ एक बंद कमरे में मैराथन बैठक की सूत्रों के अनुसार बैठक का स्वर काफी कड़ा था। घोष ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी। सरकारी अस्पताल गरीबों की रीढ़ है उसे व्यापार का केंद्र न बनाएं बाहर की दवाइयां लिखने वाले डॉक्टरों की लिस्ट तैयार की जाए और उन पर विभागीय कार्रवाई हो अगले निरीक्षण तक यदि बेडशीट, सफाई और दवाईयों की व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो कार्रवाई के लिए तैयार रहने जैसे सख्त निर्देश दिए गए।

## वीर बाल दिवस पर बाल अधिकार नवाचार विषय पर जागरुकता फैलाई

उन्नाव (वीओएल)। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार वीर बाल दिवस के अवसर पर विकास खंड औरास स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गढ़ौवा में व्यापक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में साहस, आत्मविश्वास, बाल अधिकारों की समझ तथा सामाजिक दायित्वबोध को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुई। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं ने बेटियों की सुरक्षा एवं सम्मान विषय पर आधारित एक प्रभावशाली रोल प्ले प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित अतिथियों, ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने सराहा। वीर बाल दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए बच्चों ने चित्रकला, पोस्टर निर्माण एवं संवादात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय सहभागिता की। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य द्वारा विद्यालय परिसर एवं कक्षाओं का गहन निरीक्षण किया गया। उन्होंने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, अनुशासन, नवाचारों तथा शैक्षिक उपलब्धियों को अत्यंत सराहनीय बताया। विद्यालय में संधारित शैक्षिक अभिलेखों एवं नवाचारात्मक प्रयासों का सूक्ष्म अवलोकन कर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने गुरु गोविंद सिंह की जीवनी से परिचित करवाते हुए बच्चों को देश सेवा की प्रेरणा दी। बच्चों से संवाद के दौरान उन्हें बाल अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका के प्रति सजग होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मनोज कुमार ने बच्चों को खेल की बारीकियां समझाई। वीर बाल दिवस के अवसर पर शिक्षक संजीव संखवार द्वारा छात्राओं खुशी एवं उपासना को खेल प्रोत्साहन स्वरूप ट्रैक शूट भेंट किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित बाल संरक्षण आयोजिंग के सदस्य ने बच्चों और शिक्षकों की शानदार प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में संजीव संखवार, मनोज कुमार, इंद्रपाल, एआरपी हसनगंज अर्पित मिश्र सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बांग्लादेश हिंदू अत्याचार के खिलाफ महिला परिषद का प्रदर्शन

फतेहपुर । यूपी के फतेहपुर जिले में बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अनुसांगिक संगठन राष्ट्रीय महिला परिषद ने चित्रकूट विभाग की अध्यक्ष गुड़िया सिंह चौहान के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया।महिला कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर तक मार्च किया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शन के दौरान संगठन की महिलाओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, उनके धार्मिक स्थलों, घरों और महिलाओं पर हमले हो रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं उठाया जा रहा है।राष्ट्रीय महिला परिषद की पदाधिकारियों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि वहां की सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से मांग की कि बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को तत्काल रोका जाए।महिला परिषद ने चेतावनी दी कि यदि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो देशभर में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।फिलहाल ज्ञापन सौंपकर संगठन ने प्रशासन से इस मुद्दे को केंद्र सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने की मांग की है। इस मौके पर विजय लक्ष्मी, मनोज कुमार, प्रीती, रागनी, कीर्ति दीक्षित, शांति विमलेश, रामा मीना समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रही ।

## 50 किसान अंतरराज्यीय जी प्रशिक्षण भ्रमण पर रवाना

फतेहपुर । कृषि विभाग के तत्वाधान में प्रज्ञा ग्रामोत्थान सेवा समिति द्वारा सात दिवसीय अन्तर राज्यीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण हेतु जबलपुर म०प्र० स्थित आई.सी.ए.आर. खरपतवार अनुसंधान संस्थान व जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, एवं नाना जी देशमुख पशु चिकित्सा विश्व विद्यालय तथा नागपुर महाराष्ट्र स्थित आई.सी.ए.ई.सी.ए. आर. आर. केन्द्रीय के. नींबू संतरा अनुसंधान संस्थान एवं मृदा सर्वेक्षण संस्थान में भ्रमण एवं अध्ययन हेतु जनपद के 50 किसानों के भ्रमण दल को जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने कहा कि कृषि संस्थानों में खेती की आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक हासिल करें भ्रमण में किसानों को फसल उत्पादन तकनीक एवं मृदा सुधार हेतु जानकारी एवं नीबू, संतरा तथा मुसम्मी की खेती की जानकारी मिलेगी, जिससे किसान अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं।जिला कृषि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग किसान करें इसके साथ ही मृदा में कार्बनिक स्तर में वृद्धि के लिए हरी खाद, कम्पोस्ट तथा देशी गाय आधारित जीवामृत का प्रयोग कर जमीन की उर्वरता में वृद्धि कर सकते हैं तभी टिकाऊ खेती होगी।भ्रमण दल का संचालन कर रहे संस्था सचिव उमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसानों को इन संस्थानों में उन्नतिशील बीजों, फसल सुरक्षा तथा बागवानी एवं मूल्य संवर्द्धन तकनीक की जानकारी दिलायी जायेगी।भ्रमण दल में दलजीत सिंह, बजरंग सिंह, पंथू सिंह पटेल, भानुप्रताप सिह, राम सिंह पटेल, रमेश प्रसाद त्रिवेदी, बीरेन्द्र सिंह, अरूणन्जय सिंह तथा राधा देवी एवं विमलेश देवी हैं।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने महिला को कुचला, जिला अस्पताल में मौत

सीतापुर।बिसवा कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक हृदयविदारक सड़क हादसे में 35 वर्षीय महिला की जान चली गई। मधवापुर के पास सड़क किनारे खड़ी रूबी पत्नी तेजी, निवासी गणेशपुर थाना बिसवा, अपने पति के साथ साइकिल से बाजार आई थी। वह चप्पल खरीदने के लिए सड़क किनारे रुकी ही थी कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने संतुलन खो दिया और उसे रौंदते हुए निकल गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से रूबी को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उपचार शुरू किया, लेकिन शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पत्नी को अपनी आंखों के सामने खो देने से पति बदहवास है और परिवार में कोहराम मचा है। सूचना मिलते ही बिसवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मुकुल वर्मा ने बताया कि फरार चालक की तलाश की जा रही है और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अग्रवाल सभा की बैठक में विवाह समारोह की तैयारियों पर हुई विस्तृत चर्चा




सीतापुर। अग्रवाल सभा द्वारा आगामी 10 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले शुभ कन्या विवाह समारोह की तैयारियों को लेकर रविवार को मधुरसा होटल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर-वधू को दिए जाने वाले गृहस्थी के सामान, विवाह में आने वाले अतिथियों के स्वागत, भोजन व्यवस्था तथा कार्यक्रम की समग्र रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में यह तय किया गया कि जरूरतमंद कन्याओं को दिए जाने वाले सामान की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा तथा विवाह समारोह को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। साथ ही समाज के अधिक से अधिक लोगों से सहयोग लेने और सेवा भावना के साथ आयोजन को भव्य बनाने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महामंत्री अंकित अग्रवाल, अरविंद जिंदल, अंकुर गोयंका, नीरज अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, शिवकुमार अग्रवाल, डॉ. प्रवीण गुप्ता, पवन बंसल, संदीप भरतिया, विकास अग्रवाल, बसंत गोयल, युवा मंडल अध्यक्ष वैभव बंसल, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, महामंत्री कृष्ण अग्रवाल, यश अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, प्राणशूल अग्रवाल, शिवम मोदी, महिला मंडल अध्यक्ष मंजू मुरारका, विनीता अग्रवाल, कामिनी अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, मिथिला सर्राफ, सुनीता अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, युवा महिला मंडल अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, रितिका अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, ज्योति गोयल, प्रज्ञा अग्रवाल, अदिति अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।सभी सदस्यों ने एकमत से इस सामाजिक कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया और आयोजन को समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनाने पर सहमति व्यक्त की।

## संविधान की बात, युवाओं के साथ

सीतापुर। संविधानिक मूल्यों की समझ को मजबूत करने के उद्देश्य से यूपी यूथ प्रोजेक्ट के तहत मन्नत लॉन में जोशे युवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंस्पायरिंग यूथ फाउंडेशन से जुड़े करीब 300 से अधिक युवाओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इसमें सहभागिता की। कार्यक्रम में युवाओं ने संविधानिक मूल्यों को लेकर अपनी अब तक की सोच, अनुभव और समझ पर खुलकर सामूहिक चर्चा की। संवाद सत्र के बाद कार्यक्रम ने उत्सव का रूप ले लिया, जहां शायरी, सिंगिंग, ब्लॉगिंग, मेहंदी, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी, नाटक और फोटो गैलरी जैसी रचनात्मक गतिविधियों ने सभी का ध्यान खींचा। हर गतिविधि में विजेता और उपविजेता को सम्मानित किया गया, वहीं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। इस अवसर पर लखनऊ से यस फाउंडेशन के जीशान सिद्दीकी, मिश्रिख से शाश्वत सहभागी संस्थान के शुभम शुक्ला, काजी कमालपुर से अरिशा फाउंडेशन के मुख्तार अंसारी और जिले के चर्चित युवा शायर सलमान सीतापुरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ा दी। युवाओं ने इसे संविधान से जुड़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का यादगार मंच बताया।

संक्षेप

## अज्ञात बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** ललितपुर में एक सड़क हादसे में 45 वर्षीय किसान की मौत हो गई। वह अपने बड़े भाई को देखने मेडिकल कॉलेज जा रहा था, तभी महरौनी मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार ने की आशंका परिजनों ने जताई है। चिकित्सकों ने उसे परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। यह घटना शुक्रवार सुबह की है। महरौनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिलावन निवासी कैलाश अहिरवार (45) पुत्र रघुवर सुबह करीब 6 बजे ललितपुर के लिए घर से बाइक से निकले थे। ग्राम खितवांस के पास वह सड़क पर घायल अवस्था में मिले, उनकी बाइक भी पास ही पड़ी थी। ग्रामीणों ने उन्हें घायल देखकर 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से कैलाश को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई श्रीराम ने बताया कि कैलाश कि ललितपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती उन्हें देखने के लिए जा रहा था। आशंका जताई है कि रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। श्रीराम ने यह भी बताया कि कैलाश खेती-किसानी करते थे और तीन भाई-एक बहन में सबसे छोटे थे। महरौनी कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक ने की कुएं में कूदकर आत्महत्या

**बांदा।** थाना चिल्ला क्षेत्र के अतरहट गांव में युवक ने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार को अंकित पुत्र शिव भगवान सिंह 24 ने गांव से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित अपने ही कुएं में कूदकर घटना को अंजाम दिया। परिजन जब दोपहर लगभग 1 बजे वहां पहुंचे तब उन्हे घटना की जानकारी हुई। आत्महत्या की जानकारी थाना चिल्ला पुलिस को दी गयी। मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थाना प्रभारी अनूप कुमार दुबे ने युवक को कुएं से बाहर निकलवाया और घटना की जानकारी के बाद आगे की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि अंकित सिंह अविवाहित है तथा इंटर तक पढ़ाई की है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विपक्षी पार्टियां वोट कटने से भयभीतः साध्वी निरंजन

बांदा। अटल जन्म शताब्दी समारोह कार्यशाला कालेश्वर मंदिर खप्टिहा में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि एसआईआर से विपक्षी पार्टियों को वोट कटने का डर सता रहा है। प्रदेश में तमाम घुसपैठिए अपना नाम गलत ढंग से वोटर लिस्ट में चढ़वाकर विपक्षी पार्टियों को वोट देने काम कर रहे थे। उन्हे एसआईआर में निकालकर बाहर यहां से खदेड़ दिया जाएगा। कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथों में जाना होगा तभी पार्टी मजबूत होगी। उन्होने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। उनसे हमें सीख लेनी चाहिए। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अनेकों लोगों ने बलिदान दे दिया। सरदार भगत सिंह, गुरू गोविंद सिंह के शहजादों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि एसआईआर का पहला चरण समाप्त हो गया है अब इस अभियान में जो गलत तरीके से जुड़ गये हों उनके नाम कटवाने का काम करना है। विशिष्ट अतिथि अवधेश गुप्ता ने कहा कि सभी को अटल के पदचिन्हो पर चलकर पार्टी को मजबूत करने का काम करना होगा। जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को सक्रियता के साथ योगदान करना होगा। इस दौरान एसआईआर के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना, बलराम सिंह, सुधीर सिंह, राकेश सिंह, मंडल अध्यक्ष पाल, अनूप सिंह, चारों मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिपाठी व मंडल अध्यक्ष साहिब सिंह ने किया।

## करंट से युवक की मौत

अयोध्या। नगर को कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार को एक युवक करेंट की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है।

कोतवाली क्षेत्र के मुगलपुरा मोतीबाग निवासी 25 वर्षीय अफजाल पुत्र आजम खान निवासी कोतवाली नगर को गंभीर हाल में उसका भाई शारुख लेकर जिला अस्पताल आया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर आशीष पाठक ने परीक्षण के बाद उसको मृत घोषित कर दिया।

# मण्डलायुक्त ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जनपद के विकास कार्यों की जानी हकीकत



**ललितपुर।** मण्डलायुक्त झांसी मण्डल/नोडल अधिकारी बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ आज शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुसार आपके परफॉरमेंस और डिलिवरी में भिन्नता नहीं होनी चाहिए, इसके लिए विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति के साथ साथ कार्यालय में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का संतुष्टि भी जरुरी है। इसके साथ ही

**● 26 जनवरी तक सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा लेने का दिया अल्टीमेटम**

प्रत्येक अधिकारी अपने मोबाइल में आईजीआरएस पोर्टल एप डाउनलोड कर प्रतिदिन शिकायतों का स्वयं संज्ञान लें, ताकि जनशिकायतों का प्रभावी निस्तारण किया जा सके। मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि अगली समीक्षा बैठक को स्लॉट्स में आयोजित करायें, जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों से उनके विभाग के पोर्टल खुलवाकर देखे जायें कि वे उनका संचालन कर पा रहे हैं या नहीं। अधिकारियों द्वारा बतायी गई स्थिति और क्षेत्र की वास्तविक स्थिति क्षेत्र की जनता व वहां के जनप्रतिनिधियों से जानी जाए।इसके उपरान्त उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा की, जिसमें विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान जनपद के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में हो रही आपूर्ति पर मण्डलायुक्त ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि वे प्रतिदिन क्षेत्र में की जा रही आपूर्ति, वोल्टेज और ट्रांसफार्मर बदले जाने के कार्यों की निगरानी करें और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से उनका सत्यापन भी करायें।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने विगत एक माह की समाचार पत्रों की निगेटिव कटिंग दिखाते हुए प्राचार्य मेडिकल कॉलेज और मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी 26 जनवरी तक का अल्टीमेटम देते हुए निर्देश दिये कि जिले की सभी चिक्त्सिा इकाईयों पर चिकित्सा, बिजली, पानी, सफाई सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करा ली जाए, 26 जनवरी को सभी चिकित्सा इकाईयों पर पूरी भव्यता के साथ गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित जिले की सभी चिकित्सा इकाईयों पर फीडबैक सिस्टम लगवाया जाए, ताकि लोग फीडबैक के जरिए बता सकें कि उन्हें यहां आने पर कैसा लगा, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार के लिए यह जानना बेहद जरुरी है कि जनता हमारे बारे में क्या सोचती है।मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि जिला स्तरीय अधिकारियों की एक टीम बनाकर 26 जनवरी तक कम से कम 04-04 बार चिकित्सा इकाईयों का निरीक्षण करायें और व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट प्रेषित करें।कृषि विभाग की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि फसल बीमा के प्रकरणों में बिना टीए और लेखपाल के हस्ताक्षर के कोई भी क्लेम पास नहीं होना चाहिए, यदि ऐसा मामला संज्ञान में आया तो सम्बंधित बैंक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के पूर्व मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ एनएच आई 44 पर कैलगुवॉ रोड तिराहे पर निमार्णाधीन ऑवरब्रिज का निरीक्षण किया, जहां कार्य में धीमी गति पायी जाने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि 15 जनवरी तक इस ऑवरब्रिज पर अपनी गाड़ी के साथ हमारी गाड़ी भी पास करानी होगी, अन्यथा की दशा में ठेकेदार के साथ ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी के प्राजेक्ट मैनेजर पर भी होगी कार्यवाही।बैठक में ज्वाइंट कमिश्नर, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, डीआईओएस, बीएसए, डीआईओ, डीपीओ सहित अन्य सभी विभाओं के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक

बहराइच । अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व विभाग समोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन आदि है।

## प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर वीणापाणि संगीत विद्यालय ने बढ़ाया जनपद का गौरव




महोबा। वीणापाणि संगीत विद्यालय महोबा के कलाकारों ने सामूहिक लोकगीत में बुंदेलखंड की लोकविधाएं लेद, लमटेरा एवं फाग का शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य युवा उत्सव 2025/26 में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले एवं मंडल का नाम रोशन किया। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग लखनऊ द्वारा राज्य युवा उत्सव का आयोजन 22 दिसंबर से 24 दिसंबर तक इंद्रा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में किया गया था। जिसमें प्रदेश के 18 मंडलों ने विभिन्न विधाओं में प्रतिभाग किया। उक्त प्रतियोगिता में चित्रकूट मंडल से जनपद महोबा के वीणा पाणि संगीत विद्यालय के दुष्यंत, राहुल अनुरागी, अनुराग, राधारमण, उदयप्रकाश, निखिल, वैभव नारायण सिंह, तान्या गुप्ता, चांदनी रैकवार, सृष्टि द्विवेदी ने वरिष्ठ संगीताचार्य अबोध सोनी के नेतृत्व में सामूहिक लोकगीत प्रतियोगिता में बुंदेलखंड की लोकविधा लेद, लमटेरा एवं फाग का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बता दें कि संगीत संगीतज्ञ अबोध सोनी के नेतृत्व में कलाकार लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त कर रहे है। 2021 में राज्य से विजयी होकर राष्ट्रीय युवा उत्सव में सिल्वर मेडल और 2023 में हुबली कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले एवं उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। 2024 के राष्ट्रीय युवा उत्सव में एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम के अंतर्गत थीमेटिक कार्यक्रम में अपनी अलग पहचान बनाई। टीम संयोजन के रूप में रामश्री महाविद्यालय के संगीत विभागाध्यक्ष सुमेंद्र कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का उद्घाटन गिरीश कुमार यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सचिव/महानिदेशक सुहास एल वाई, संयुक्त निदेशक अशोक कुमार कनौजिया, उपनिदेशक मुख्यालय आदित्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रबोध, रचनात्मक पत्रकारिता की साधना के चलते स्वदेश से जुटे अटल जी



**बांदा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गये और अटल वाटिका में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये। भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने फीता काटकर किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी का व्यक्तित्व जितना व्यापक राजनीति में था उतना ही गहरा एवं आत्मीय रिश्ता साहित्य और पत्रकारिता में था। वह उन राजनेताओं में थे जिनकी वाणी में कविता और लेखनी में विचार थे। उनका स्वदेश से जुड़ना महज एक सम्पादकीय दायित्व नही, बल्कि वैचारिक, प्रतिबद्धता, राष्ट्रबोध और रचनात्मक पत्रकारिता की साधना थी। उनकी कविताओं में दृढ़ संकल्प, हार न मानना, राष्ट्र प्रेम और एकता मानवीय संवेदनाओं का समावेश था। जलशक्ति राज्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी लोकतांत्रिक नेतृत्व के आदर्श पुरूष थे और उनका व्यक्तित्व अनूठा था। राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता, क्षेत्रीय सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव व जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने उनके आदर्शों पर चलने का संदेश देते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री 1967 में पहली बार संसद पहुंचे एवं 2004 तक वह 10 बार लोकसभा तथा दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। वह भारत को विश्व गुरू ही नही बल्कि विश्व मित्र के रूप में स्थापित करना चाहते थे। कार्यक्रम में जगराम सिंह, प्रेमनारायण द्विवेदी, संतू गुप्ता, उत्तम सक्सेना, ममता मिश्रा, वंदना गुप्ता, अखिलेश नाथ दीक्षित, प्रभा गुप्ता, पंकज रैकवार, लखन सिंह राजपूत, जागृति वर्मा, अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाला ठग गिरफ्तार

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मेडिकल कॉलेज में नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े सात लाख रुपये लेकर तीन लाख रुपये और वसूलने के लिए कनपटी पर तमंचा सटाने और आत्महत्या करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुये अवैध वसूली करने का आरोप लगाया गया था। प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। एफआईआर दर्ज होने के महज

**● पीड़ित ने लगाया था आत्महत्या की धमकी देकर ब्लैकमेल व वसूली करने का आरोप**

चौबीस घण्टे के अंदर ही कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी व एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ सिटी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस ने थाने में दर्ज एफआईआर सं. 1478/2025 की धारा 316(2), 352, 351(3), 126(2), 308(5), 226 बीएनएस में नामजद थाना जखौरा के ग्राम करमुहारा व हाल मोहल्ला पिसनारी निवासी सत्यभान उर्फ गोलू यादव पुत्र रणवीर सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गये गोलू यादव उर्फ सत्यभान ने पूछने पर बताया कि उसकी जान पहचान कई विभागों के अधिकारियों के साथ थी, जिसका मैं अन्य लोगों में अपनी जान पहचान का प्रचार-प्रसार करके अवैध रुप से फायदा उठाता था।

किसी विभाग में नौकरी लगवाने या किसी प्रकरण के अभियुक्त को गैरकानूनी तरीके से मदद कराने के लिए उनसे सम्बंधित डेटा को विभिन्न माध्यमों जैसे पंचायत ऐप, यू.पी. कॉप ऐप आदि से प्राप्त कर, सम्बंधित व्यक्तियों से सम्पर्क कर उनका काम कराने के नाम पर उन लोगों से पैसे की वसूली करता था।

उसके द्वारा स्वास्थ्य विभाग में भूपेन्द्र तिवारी की नौकरी लगवाने के नाम पर अपने साथियों के साथ मिलकर 10 लाख रुपये की मांग की गई थी। भूपेन्द्र तिवारी से उसने कुल 7.5 लाख रुपए नौकरी लगवाने के नाम पर लिए थे।

## उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण होःआयुक्त



**बांदा।** मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक हुई। आयुक्त ने अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में पानी की उपलब्धता के सम्बन्ध में क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीसीडा को पानी की समस्या के लिए तैयार किये गये आगणन 258 लाख को संशोधित कर शीघ्र स्वीकृत कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में अतिरिक्त प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य दो माह के अन्दर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबन्धक को दिये।

भूरागढ में स्वतंत्र विद्युत फीडर से विद्युत आपूर्ति किये जाने का कार्य 15 जनवरी, 2026 तक पूर्ण करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिये। राष्ट्रीय राजमार्ग कबरई से महोबा एवं कबरई से बॉदा की सड़क में बडे-बडे गड्ढों की शीघ्र मरम्मत कराये जाने के लिए परियोजना निदेशक एनएचएआई छतरपुर को निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाए, इसकी जांच भी करायी जायेगी। उन्होंने शीघ्र राजमार्ग की टूटी लाइटों को ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ में रिक्त पडी भूमि पर कॉम्पलेक्स, मॉल सृजित करने के सम्बन्ध में यूपीसीडा कार्यालय से शीघ्र अनुमोदन प्राप्त करने के निर्देश दिये। ग्राम पिपरहरी तहसील बॉदा में पुलिया निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो गया है, जिसे आरईएस को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये। उद्यमियों ने लोक निर्माण विभाग से गवई नाले का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने तथा औद्योगिक अस्थान सिविल लाइन में नाला निर्माण कार्य गुणवत्ता की जांच कराये जाने का अनुरोध किया। उद्यमियों ने संकट मोचन विद्युत सब स्टेशन से भूरागढ औद्योगिक क्षेत्र को जोडने की मांग की तथा आउटर रिंग रोड के कार्य को पूर्ण कराये जाने का अनुरोध किया। बैठक में जिलाधिकारी जे0 रीभा, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, संयुक्त आयुक्त उद्योग, उद्यमी संतोष गुप्ता, राज कुमार राज, अशोक गुप्ता, मनोज जैन, मनोज शिवहरे व अन्य उद्यमी मौजूद रहे।

## गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को किया याद




**बांदा।** सिखों के दसवें गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के असाधारण साहस, बलिदान को याद किया गया। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम की शुरूआत जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम के दौरान वीर बाल दिवस के अवसर पर 18 से 25 दिसम्बर के बीच जिले के स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों के साहस, सेवा, राष्ट्रप्रम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक नागरिकता के मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से चित्रकला, पेंटिंग, कहानी, श्लोगन, नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता व समूह चर्चा कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 36 बच्चों को सम्मानित किया गया। जिले व राज्य स्तर की अनेक प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में बच्चों को वीर बाल दिवस के महत्व एवं इसके इतिहास के बारे में जानकारी देने के साथ ही मौजूद अधिकारी, कर्मचारी एवं बच्चों को बाल विवाह के विरूद्ध शपथ दिलाई गयी। इस दौरान मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारी चाइल्ड हेल्पलाइन और हब फॉर इनपॉवरमेंट के कर्मचारी मौजूद रहे।

## उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों को महत्व देते थे अटल बिहारी बाजपेयी



**ललितपुर।** भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मेडीकल कॉलेज ललितपुर में उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिंह की अध्यक्षता में मनायी गयी। उप प्रधानाचार्य डा0 श्रुति सिंह, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा बताया गया कि अटल बिहारी बाजपेयी जी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से इन्हे सम्मानित किया गया था। इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में भी जाना जाता है। यह राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। वह राजनीति विज्ञान एवं विधि के छात्र थे एवं कॉलेज के दिनों में ही उनकी रूचि विदेशी मामलों के प्रति

**● मेडिकल कॉलेज में मनायी गयी अटल बिहारी बाजपेयी जयंती**

बड़ी। उनकी यह रूचि वर्षों तक बनी रही एवं विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुये उन्होने अपने इस कौशल का परिचय दिया। उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉ. रविकान्त वर्मा द्वारा किया गया।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 गजेन्द्र सिंह ने बताया कि अटल बिहारी बाजपेयी ने अपना करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया था। सन 1951 में भारतीय जन संघ में शामिल होने के बाद उन्होने पत्रकारिता छोड़ दी। आज की भारतीय जनता पार्टी को जन संघ के नाम से जाना जाता था, जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अभिन्न अंग है। उन्होनें कई कविताएं भी लिखी जिसे समीक्षको द्वारा सहाया गया। निजी जीवन में प्राप्त सफलता उनके राजनीतिक कौशल और भारतीय लोकतंत्र की देन है। पिछले कई दशकों में वह एक ऐसे नेता के रूप में उभरे जो विश्व के प्रति उदारवादी सोच और लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता को महत्व देते थे।

डा0 अभिजात कुलश्रेष्ठ, सह आचार्य ने बताया कि अटल जी भारत के प्रति उनके निस्वार्थ समर्पण और समाज की सेवा करने के लिए भारत का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद विभूषण दिया गया। उन्हे भारत का सर्वश्रेष्ठ सांसद चुना गया। वह अपने नाम के ही समान एक प्रतिष्ठित राष्ट्रय नेता, प्रखर राजनीतिज्ञ, निःस्वार्थ समाजिक कार्यकर्ता, सशक्त वक्ता, कवि, साहित्यकार, पत्रकार और बहुआयामी व्यक्तित्व वाले थे। उक्त कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डा0 राजेश आर्या, डा0 मधुरेन्द्र सिंह राजपूत, डा0 डा0 पवन सूद, डा0 घनश्याम दास, डा0 अभिजात कुलश्रेष्ठ, डा0 सौरभ साहू, डा0 एम0सी0 गुप्ता, डा0 मनोज कुमार, डा0 संध्या, डा0 पूजा गुप्ता, डा0 रजनी रतमेले, डा0 देशनिधि, डा0 योगेन्द्र, डा0 उत्कर्ष लाहौरिया, डा0 अंकुर सोनी, श्री नंदलाल यादव हॉस्पिटल क्वालिटी मैनेजर, श्री महेन्द्र पटेल, श्री चन्द्रशेखर, अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## चौपाल के माध्यम से जनसमस्याओं का समाधान

ललितपुर। जनसंवाद के क्रम में प्रति शुक्रवार की भांति विधानसभा क्षेत्र 226, सदर ललितपुर के अंतर्गत विकास खण्ड तालबेहट की ग्राम पंचायत खांदी के मजरा करीला में ग्राम चौपाल गांव की समस्या, गांव में समाधान, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चैपाल में विधायक सदर रामरतन कुशवाहा ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष तालबेहट नीरज पटेरिया, खंड विकास अधिकारी तालबेहट सौरभ बरनवाल, राजू चैबे, मनोज त्रिपाठी, ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन कुशवाहा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपचंद कुशवाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर सड़क, पेयजल, विद्युत, आवास, पेंशन, राशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इसी क्रम में ग्राम पंचायत खांदी के मजरा करीला स्थित सहरिया बस्ती में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2025-26 के अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवासों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा गया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध कराना है। योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनमानस ने सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विकास कार्यों को और गति देने की अपेक्षा जताई।

## लक्ष्य निर्धारित कर तब तक प्रयास करें जब तक मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं हो जातीः यादवेन्द्र सिंह



**ललितपुर।** ठाकुर रघुवीर सिंह इण्टर कॉलेज सजनाम तिराहा ललितपुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वहीं हास्य, देशभक्ति, जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम सराहे गये। कार्यक्रम के समाप्ति उपरांत विद्यालय के प्रबंधक यादवेन्द्र सिंह गौर ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप एकाग्र चित्त होकर पढ़ाई करें और अपना लक्ष्य साधते हुये तब तक प्रयास जारी रखें जब तक आपको मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं हो जाती। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पढाई के साथ-साथ कौशल विकास, बात-संवाद, खेलकूद आदि विधाओं में भी आगे आने को कहा। इस अवसर पर प्रबंधक यादवेन्द्र सिंह एवं प्रधानाचार्य के0के0 सोनी द्वारा कार्यक्रम में आये हुये अतिथियों को बैज एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। अतिथियों में मंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ, भाजपा नेता निखिल तिवारी, पूर्व प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, किसान इंटर कालेज बिरधा के प्रधानाचार्य के0पी0 बुन्देला, अजय नायक, वीरेन्द्र सिंह परमार, इंद्रपाल सिंह सोलंकी, आशीष तिवारी, राजकुमार नायक, राघवेन्द्र पटैरिया, बच्चूलाल, प्रकाश नारायण त्रिपाठी, बृजभान पटेल, राजाराम गौर, कुंजन सिंह, कैलाश नारायण नायक, जगदीष नारायण पुरोहित, प्रदीप चतुवेर्दी सहित विद्यालय परिवार के थान सिंह, रोहित, राजेश तिवारी, कल्याण सिंह, सत्यनारायण, लल्लूराम क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं, शिक्षक गण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र शुक्ला ने किया एवं आभार प्रधानाचार्य के0के0 सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।

## जीजा से उधार लिये थे एक लाख रुपये, ब्याज सहित तीन लाख लौटाये

ललितपुर। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला नेहरू नगर निवासी देशराज पुत्र गोरेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रामदेवी उसकी बहन व गौरीशंकर उसका जीजा है। बताया कि गौरीशंकर बाल सम्प्रेक्षण गृह के पास नेहरू नगर में रहता है। गौरीशंकर से उसने करीब पांच साल पहले उससे एक लाख रुपये उधार लिये थे, जिसके बदले में 5 वर्ष में वह करीब 3 लाख रुपये दे चुका है। बावजूद इसके बहन रामदेवी, जीजा गौरीशंकर व उसका पुत्र समेत परिजन आये दिन घर आकर रुपयों के लिए प्रताड़ित करते हैं। पीड़ित ने बताया कि 18 दिसम्बर को अपराह्न करीब 12 बजे उसकी बहन रामदेवी को उसने घर बुलाया, जहां गौरीशंकर भी आ गया। आरोप है कि दोनों ने उसकी पत्नी को मारपीट करते हुये जलील किया और जान से मारने की धमकी दी। यह भी आरोप है कि प्रताड ?ा से आजिज आकर उसकी पत्नी रामदेवी ने घर में ही जहर खा लिया। जानकारी होने पर साले संजय ने डायल 112 पर फोन डायल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एम्ब्युलेंस के जरिए सीमा को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे झांसी रेफर कर दिया गया। झांसी मेडीकल कॉलेज में उपचार के दौरान 19 दिसम्बर को उसकी पत्नी को छुट्टी दे दी गयी।

## बी-पैक्स का उद्घाटन, किसानों को मिलेंगी सुविधाएं

**बांदा।** भारत सरकार के निदेशों के चलते शुक्रवार को नवगठित वी-पैक्स बेंदा का उद्घाटन हुआ। ब्लाक तिंदवारी की ग्राम सभा बेंदा में उद्घाटन के साथ ही समिति के जरिए यूरिया खाद के वितरण की शुरूआत की गयी। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने बताया कि भारत सरकार ने प्रत्येक ग्रामसभा में सहकारी समिति गठित किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। इसी के चलते ग्राम सभा बेंदा में सहकारी समिति का गठन कर इसका उद्घाटन किया गया ताकि ग्राम स्तर पर सहकारी तंत्र को मजबूत किया जा सके। नवगठित समिति के माध्यम से किसानों को स्थानीय स्तर पर उर्वरक की सहज उपलब्धता, ऋण वितरण एवं अन्य सहकारी सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी। इसके अलावा सहकार से समृद्धि योजना के तहत ई बी-पैक्स में जन सुविधा केन्द्र, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केन्द्र तथा अन्य जन उपयोगी सेवाएं भी उपलब्ध कराए जाने की योजना है। जिससे गांव के लोगों को अनेक जरूरी सेवाएं एक ही स्थान पर मिल सकें।


**जिला कार्यालय-यू.पी. को आपरेटिव फेडरेशन लि., चन्दौली**

पत्रांकः पी.सी.एफ./धान खरीद 2025-26 एवं गेहूं खरीद 26-27 हैण्डलिंग टेण्डर/1434 दिनांकः-24.12.2025

**प्रेस विज्ञप्ति-निविदा ई-टेण्डरिंग की सूचना**

मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद वर्ष 2025-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2026-27 में पी.सी.एफ. द्वारा चन्दौली में स्थापित धान/गेहूं क्रय केन्द्रो पर हैण्डलिंग कार्य हेतु हैण्डलिंग ठेकेदारो की नियुक्ति के सम्बन्ध में निविदायें यू.पी. ई-टेण्डर बेवसाईट http://etender.up.nic.in से डाऊनलोड कर दिनांक 30.12.2025 की अपराहन 01:30 बजे तक अपलोड की जायेगी। निविदा प्रपत्र एवं समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपरोक्त बेवसाईट पर उपलब्ध है। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार टेण्डर कमेटी के पास सुरक्षित रहेगा।

(जयश्री प्रसाद)
जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ.-चन्दौली

मो.नं.- 9151084623 - dschan.pcf@gmail.com

# अरावली को बचायें

देश की राजधानी दिल्ली पहले से ही गंभीर पर्यावरणीय खतरे से जूझ रही है। गर्मी में अत्यधिक गर्मी और सर्दी के दिनों में फिजां धुंआ और धूल का प्रदूषण इतना घना हो जाता है कि जीना मुश्किल हो जाता है। दिल्ली का गैस चैम्बर बनना अब अदालती टिप्पणी तक सीमित नहीं है बल्कि वास्तव में दिल्ली में सर्दी के दिनों में प्रायः गैस चैम्बर का अहसास कराती है। ऐसे में अगर अरावली की पहाड़ियां नष्ट कर दी जायेंगी तो थार के रेगिस्तान से सीधे धूल और लपट दिल्ली तक आयेगी। रेगिस्तान का प्रसार भी बढ़ सकता है। ऐसे में अरावली की पहाड़ियों को बचाना जन-जीवन के लिए अपरिहार्य है। पर्वतमालाएं किसी भी देश की प्रहरी और सुरक्षा-कवच होती हैं। उन्हें क्यों खोदा और छीला जाये? खनिज माफिया कहीं और खुदाई करके मुनाफा कमा सकता हैं। कमोबेश उसे तो छोड़ दिया जाये, जो इंसानी अस्तित्व के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सर्वोच्च अदालत ने अरावली पर्वतमाला पर समिति की अनुशंसाएं मानते हुए जो फैसला सुनाया था, उसे ब्रह्म-वाक्य नहीं माना जा सकता। सर्वोच्च अदालत अपने फैसलों पर पुनर्विचार करती आई है, लिहाजा अरावली पहाड़ियों की 100 मीटर ऊंचाई के मानदंड पर भी पुनर्विचार किया जा सकता है। जिस पहाड़ी की ऊंचाई 100 या अधिक मीटर है, वह अरावली है, शेष पहाड़ियां लावारिस हैं। यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है? संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को सुरक्षित और संरक्षित किया जाना चाहिए। आज अरावली का नंबर है, कल हिमालय को भी खंडित किया जा सकता है। अरावली पर्वतमाला राजधानी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात में 692 किमी लंबी है। इसमें से अधिकांश हिस्सा राजस्थान के तहत आता है। यह देश की सबसे प्राचीन और अरबों साल पुरानी धरोहर है। अरावली को बचाने के



लिए जन-आंदोलन सिर्फ राजस्थान में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में होना चाहिए। यह पर्वतमाला हमारे अस्तित्व से जुड़ी है। जब ये पहाड़ियां नहीं रहेंगी, तो देश की राजधानी दिल्ली समेत मैदानी इलाकों में कितनी भयावह, गरम और मरुस्थलीय स्थितियां होंगी, यह सोच कर भी दहशत होने लगती है। यदि लगातार खनन के बाद अरावली पर्वतमाला शेष नहीं रही, तो राजधानी दिल्ली समेत उत्तरी भारत गरम और रेतीली हवाओं में घिर जाएंगे। धीरे-धीरे रेत के पहाड़ आकार लेंगे और रेगिस्तान दिल्ली, हरियाणा, गुजरात तक भी फैल जाएगा। राजस्थान का काफी हिस्सा आज ही मरुस्थल है। खनन और वनों की कटाई बढ़ी, तो दिल्ली-एनसीआर में पीएम 10 और पीएम 2.5 सरीखे प्रदूषण के कण बहुत तेजी से बढ़ेंगे। नतीजतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शाश्वत रूप से गंभीर या अत्यंत खतरनाक श्रेणी में ही रहेंगे। आज राजधानी क्षेत्र के निवासी गर्मियों में 48-50 डिग्री सेल्सियस तापमान झेल कर ही बिलबिलाने लगते हैं। मरुस्थलीय स्थितियों में तापमान बढ़ेगा और प्राकृतिक ठंडक खत्म हो जाएगी, तो क्या होगा? राजधानी क्षेत्र हमेशा धुंध-कोहरे में घिरा रहेगा, तो कैसा महसूस करेंगे? अरावली पर्वतमाला अपनी ऊंचाई के कारण प्राकृतिक रूप से धूल-अवरोधक है, जो थार मरुस्थल और उत्तरी भारत के उपजाऊ मैदानों के बीच एक प्राकृतिक दीवार का काम करती है। मानसून की हवाओं को रोक कर बारिश कराती है, लिहाजा पर्वतमाला को छिन्न-भिन्न करने से हरियाणा और राजस्थान में अकाल की नौबत भी आ सकती है। वह दिल्ली-एनसीआर और गुजरात में भी खाद्य-संकट पैदा कर सकती है। तो अरावली में खनन, खुदाई क्यों की जाये। हालांकि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का बयान है कि खनन अरावली पर्वतमाला के पूरे क्षेत्र के मात्र 0.19 फीसदी भाग में ही होता है। राजधानी दिल्ली में खनन की कोई भी अनुमति नहीं है, लेकिन स्थितियां इसके ठीक विपरीत हैं। पहाड़ों को वैध-अवैध रूप से काटने के लिए तमाम क्रसर चल रहे हैं। यह भी कि सरकार जितना अनुमति देती है, माफिया उससे अधिक खनन कर पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं।

विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते।

-टॉलस्टॉय.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

जो मनुष्य जिस कार्य के भार को अपने ऊपर उठाने का हृदय से प्रयास करता है, उस कार्य में देव उसकी सहायता अवश्यक करता है।

-महाभारत.

# बुलंदियों पर भारत का अंतरिक्ष अभियान



विजय कपूर



इसरो (इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाइजेशन) ने वर्ष 2025 का समापन एक और त्रुटिहीन हैवी-लिफ्ट वक्तव्य से किया। श्रीहरिकोटा में 24 दिसम्बर 2025 की सुबह 8:55 का समय था, अंतरिक्ष मलबे से बचने के लिए 1 मिनट की देरी कर दी गई थी, बाहुबली यानी एलवीएम3-एम6 राकेट तैयार था, अमेरिका की कमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को निम्न पृथ्वी की निचली कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट या एलईओ) में ले जाने के लिए। पंद्रह मिनट बाद सटीक सफलता हासिल हुई, बाहुबली ने 6,100 किलो के उपग्रह को लगभग गोल कक्षा में स्थापित कर दिया और भारत के ह्यूमन-रेटिड लांचर के इतिहास में एक अन्य कामयाब अध्याय जुड़ गया। भारत की धरती से लांच किया गया यह आज तक का सबसे भारी स्पेसक्राफ्ट है। यह एलवीएम3-एम6 की लगातार 9वीं सफलता है- इस मील के पत्थर से गगनयान मानव स्पेसक्राफ्ट कार्यक्रम के लिए जबरदस्त आत्मविश्वास मिलता है और यह स्पष्ट संकेत है कि भारत वैश्विक एलईओ कम्युनिकेशंस बाजार के कुलीन क्लब में एक गंभीर खिलाड़ी के रूप में शामिल हो गया है।

> इसरो अब तक 34 देशों के लिए 434 सैटेलाइट लांच कर चुका है। एलवीएम3 अपने शानदार ट्रैक रिकॉर्ड को निरंतरता के साथ प्रदर्शित कर रहा है कि ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट से पहले वह चन्द्रयान-2, चन्द्रयान-3, वनवेब मिशंस, सीएमएस-3 आदि को लांच कर चुका है।

गौरतलब है कि एलईओ पृथ्वी की सतह से तकरीबन 160 से 2,000 किमी की ऊंचाई तक का वह क्षेत्र है, जहां अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस और कई उपग्रह जैसे जीपीएस, संचार उपग्रह) परिक्रमा करते हैं, क्योंकि यहां कम ऊर्जा और कम सिग्नल देरी (लेटेंसी) के साथ संचार संभव है, जिससे इमेजिंग और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए यह बहुत उपयोगी है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सबसे बड़ी कमर्शियल कम्युनिकेशंस सैटेलाइट है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह अंतरिक्ष-आधारित सेलुलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सीधे स्टैण्डर्ड मोबाइल स्मार्टफोनों को प्रदान करेगी। एलवीएम3-एम6 मिशन की लिफ्ट-ऑफ श्रीहरिकोटा, आंध्रप्रदेश में सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी एसएचएआर) के दूसरे लांच पैड से हुई, जो अमेरिका स्थित एएसटी स्पेस मोबाइल के ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को एलईओ में लेकर गया। यह मिशन पूर्णतः कमर्शियल था। चूंकि यह कम्युनिकेशन सैटेलाइट भारत की धरती से लांच होने वाला सबसे भारी पेलोड है, इसलिए इसने पिछले माह लांच की गई सीएमएस-03 सैटेलाइट का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जो बहुत ही कम समय के लिए रहा। यह काबिलेगौर और तारीफ है कि मात्र 52 दिनों में दो एलवीएम3 मिशन लांच किये गये। जैसा कि ऊपर बताया गया, यह एलवीएम 3-एम6 मिशन इसरो का लगातार नवां सफल लांच है अति भरोसेमंद थ्री-स्टेज हैवी लांच व्हीकल का प्रयोग करते हुए और यह तीसरा अवसर है जब एलवीएम3 मिशन को अंतर्राष्ट्रीय पार्टनर्स के सहयोग से अंजाम दिया गया। इसरो अब 45 वर्षों में 34 देशों के लिए 434 सैटेलाइट लांच कर चुका है। एलवीएम3 अपने शानदार ट्रैक रिकॉर्ड को निरंतरता के साथ प्रदर्शित कर रहा है कि ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट से पहले वह चन्द्रयान-2, चन्द्रयान-3, वनवेब मिशंस, सीएमएस-3 आदि को लांच कर चुका है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सैटेलाइट को लांच करना आसान नहीं था। इसमें जबरदस्त प्रयास और विभिन्न टीमों के बीच करीबी समन्वय की आवश्यकता थी। ऐसा इसरो के प्रमुख वी नारायणन का कहना है। उनके अनुसार यह अनेक कारणों से एकदम अलग उड़ान रही। लांचर ने 1.5 किमी से कम की कक्षीय सटीकता हासिल की, ब्लूबर्ड को 520 किमी पर रखने का लक्ष्य था और उसे 518.9 किमी पर रखा गया, जोकि भारतीय राकेट का आज तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। ध्यान रहे कि कक्षीय कट-ऑफ 15 किमी की होती है यानी लक्ष्य से 15 किमी के फासले पर भी सैटेलाइट रख दी जाये तो मिशन कामयाब मान लिया जाता है। यहां तो अंतर लक्ष्य से मात्र 2 किमी से भी कम का था, इसलिए इसे बहुत सफल मिशन कहा जा सकता है। नारायणन के मुताबिक, 'लगातार 9 सफल एलवीएम3 लांच की वजह से गगनयान मिशन में हमारा विश्वास बहुत अधिक बढ़ गया है।' गौरतलब है कि गगनयान मिशन के लिए एलवीएम3 राकेट में 9,500 किलो पेलोड ले जाने की क्षमता की जरूरत है। अब इसकी क्षमता 8,000 किलो की रेंज में पहुंच गई है। इसका अर्थ है कि यह धीरे धीरे आवश्यक भार क्षमता के निकट पहुंचता जा रहा है। ताजे मिशन के दौरान मोटर्स पर स्टेज वन स्ट्रैप में नये इलेक्ट्रो-मैकेनिकल अक्टुटर्स ने भी पेलोड की क्षमता को 100-150 किलो बढ़ाने में मदद की यानी तकनीकी अपग्रेड ने राकेट की क्षमता में इजाफा किया है। इसरो के वैज्ञानिकों के बढ़ते यकीन की यही मुख्य वजह है, विशेषकर इसलिए भी कि एलवीएम3 का प्रयोग करके इस एजेंसी को निरंतर सफलता हासिल हो रही है। यह बात दोहराने की शायद जरूरत नहीं है कि भार व सटीकता से इतर इस नवीनतम लांच में ऐतिहासिक वजन ले जाया गया। जाहिर है इस सबसे इसरो व उसके लांचर की ख्याति में निरंतर वृद्धि हो रही है, कमर्शियल क्षेत्र में।

## ब्लूबर्ड ब्लॉक का सफल प्रक्षेपण

बहरहाल, यह सफल लांच उस समय आया है जब इसरो अगले कुछ माह के दौरान लांच की बढ़ती हुई पाइपलाइन की तरफ देख रहा है, जिनमें गगनयान की मानवरहित टेस्ट फ्लाइट्स और इलेक्ट्रिक सैटेलाइट्स व क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन जैसे अति विकसित तकनीकी प्रदर्शन भी शामिल हैं। चन्द्रयान 4, जोकि चांद की ओर चैथा मिशन होगा ओर जिसका उद्देश्य चांद के रॉक सैंपल लाना है, भी अच्छी प्रगति देख रहा है। भारत ने उच्चस्तरीय परिपक्वता के साथ अनेक बार महत्वपूर्ण स्पेस डॉकिंग प्रयोग किये हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत इस मिशन के लांच लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एकदम सही दिशा में है। इस बीच एसडीएससी एसएचएआर के निदेशक पद्म कुमार ईएस ने कहा है कि तीसरे लांच पैड के लिए प्रारम्भिक डिजाइन मुकम्मल हो गया है और उनका सेंटर वेंडर्स की पहचान कर रहा है सामान हासिल करने के चरण के लिए।

गौरतलब है कि नवम्बर 1963 में जब थुम्बा, तिरुवनंतपुरम से पहला अमेरिकी निर्मित नाइक-अपाचे साउंडिंग राकेट लिफ्ट हुआ था, तब से भारत का स्पेस कार्यक्रम सरकार की ही जिम्मेदारी रहा है और इसे ऐसा रखने में बहुत अधिक सावधानी बरती गई है। लेकिन अब भारतीय स्पेस सेक्टर प्रवाह की स्थिति में है और स्पेस पॉलिसी 2023 उसे प्राइवेट खिलाड़ियों के लिए खोल रही है। हाई-प्रोफाइल मिशन की सीरीज पर भी काम हो रहा है, जैसे गगनयान मानव स्पेसफ्लाइट कार्यक्रम, चन्द्रयान-4 चांद मिशन, भारत के अपने स्पेस स्टेशन भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का विकास, 2040 तक चांद पर किसी भारतीय को उतारना, आदि। ग्लोबल स्पेस इकोसिस्टम न सिर्फ तेजी से बदल रहा है बल्कि प्रतिस्पर्धात्मक भी है। इसरो के पास यह अतिरिक्त जिम्मेदारी भी है कि वह भारतीय स्पेस-टेक स्टार्टअप्स को साथ लेकर चले और उद्योग को इसमें शामिल भी करे। इसरो के चेयरमैन के रूप में नारायणन के समक्ष यह चुनौती है कि वह इस स्पेस एजेंसी को तेजी से बदलते ग्लोबल परिदृश्य में आगे लेकर जाएं और वह लेकर जा भी रहे हैं। नारायणन के कुशल नेतृत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसरो में रहते हुए उन्होंने अनेक प्रमुख मिशन व प्रोजेक्ट्स में अपना योगदान दिया है, जिनमें चंद्रयान सीरीज और जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल (जीएसएलवी) के लिए सफलतापूर्वक क्रायोजेनिक अपर स्टेज का विकास शामिल हैं।

सोशल मीडिया



वीर बाल दिवस के मौके पर आज लखनऊ स्थिति सरकारी आवास पर पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का स्वागत करने एवं उसके समक्ष शीश नवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। सीएम योगी.

# संतों की संगति

**मनुष्य** की मानसिक शक्तियां अत्यंत प्रबल होती हैं लेकिन इनसे सकारात्मक दिशा में सृजन तभी होता है जबकि बिखरी हुई शक्तियों को जोड़कर योग की दिशा में प्रेरित किया जाये। यद्यपि योग एक बड़ा गूढ़ और कठिन विषय माना जाता है पर जैसा गीता में कहा गया है आत्मज्ञान प्राप्त करने के सभी साधन योग से संबंध रखते हैं और इस दृष्टि से प्रत्येक सच्च आत्मज्ञानी योगी भी कहा जायेगा। इसलिए आत्मज्ञान के इच्छुक को योग मार्ग का परिचय होना आवश्यक है और उसमें से अपने अनुकूल विधियों से लाभ भी उठाना उचित है। मानवी चेतना सापेक्ष चेतना है। इसकी सापेक्षता को विनष्ट कर देना ही सारे योगों का एक मात्र लक्ष्य है। जब मन की उपाधि का तिरोधान हो जाता है तभी चेतना अपनी परमावस्था को प्राप्त करती है। जहां किसी वस्तु का अस्तित्व नहीं रहता वरन अस्तित्व का ही अस्ति तत्व रहता है। सांसारिक मनुष्यों के लिए आत्मोद्धार के अनेक मार्ग बतलाये गये हैं, जैसे जप तप योग तीर्थ दान, परोपकार, यज्ञ आदि। ये सभी कार्य यदि उचित रीति से किये जायें तो मनुष्य को आत्मोन्नति की सीढ़ियों पर चढ़ाने वाले और परमात्मा के निकट पहुंचाने वाले हैं। पर इन सब धर्म कार्यों के लिए सत्संग का होना आवश्यक है। बिना सत्संग के मनुष्य की रुचि इन कार्यों की तरफ चली जाये ऐसा बहुत कम देखने में आता है। अधिकांश मनुष्य किसी न किसी निकटवर्ती या दूरदर्शी संत पुरुष के उपदेश की प्रेरणा से ही आत्मोन्नति के मार्ग की तरफ आकर्षित होते हैं। इसलिए योग वशिष्ट में कहा गया है- याः स्नातः शीत शितिया साधु संगति गंगया, किं तस्य दानैः कि तमोभिः किमध्वरैः योगवा। जो व्यक्ति साधु संगति रूपी शीतल निर्मल गंगा में स्नान करता है उसे फिर किसी तीर्थ, तप, दान और यज्ञ, योग आदि की क्या आवश्यकता है। मनुष्य का सर्वप्रथम कर्तव्य संसार में यही है कि स्वयं को और अपने प्रिय जनों को सत्संगति की तरफ प्रेरित करें। आप अपनी संतान को सुखी जीवन व्यतीत करने के लिए विद्या, बुद्धि, बल आदि प्राप्त करने का उपदेश देते हो, उसके लिए हर तरह के साधन जुटाते हो, जो कुछ सम्भव होता है प्रत्येक प्रत्यन करते हो। पर इन बातों के साथ तुमने उनको सत्संग की प्रेरणा नहीं दी। उनको नीच वृत्ति वाले लोगों का संग करने दिया तो अन्य समस्त सफलताएं व्यर्थ हो जायेंगी। सत्संग ही वह प्रेरक शक्ति है जो अन्य प्रकार की शक्तियों को उपयोगी और हितकारी मार्ग पर चलाती है। मनुष्य को जो लाभ योग से प्राप्त होता है उसका मूल आधार मानसिक शक्तियों का विकास और नियंत्रण ही होता है। अतएव जो मनुष्य योग को बहुत बड़ी चीज समझकर उससे घबराते हों उनके लिये मानसिक शक्तियों के विकास पर ध्यान देना ही सर्वोत्तम है।

अंतर्दृष्टि

# महिला क्रिकेट को मिली नयी उड़ान

**भारत की पुरुष टीम ने भी इस साल अच्छी उपलब्धियां हासिल कीं कि 9 मार्च 2025 को दुबई में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी एकदिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल में अपना पहला अर्द्धशतक (76 रन) रिकॉर्ड किया और चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्रॉफी के 9 संस्करणों में ऐसा पहली बार हुआ कि किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे हुए यह ट्रॉफी जीती।**




परिदृश्य-2025 ● सारिम अन्ना

भारतीय महिला क्रिकेट को नयी परिभाषा देने वाला पल 2 नवम्बर 2025 को आया जब भारत ने आईसीसी ओडीआई विश्व कप (महिला) के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर पहली बार यह खिताब अपने नाम किया। यह सफलता भारत की क्रिकेट यात्रा में मील का पत्थर साबित हुई है, लेकिन जिस प्रकार भारत की बेटियों ने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया है वह किसी परी कथा से कम नहीं है। लीग स्टेज में तीन मैच हारने पर लग रहा था कि हमारी टीम सेमी फाइनल में भी नहीं पहुंच पायेगी, लेकिन उसके बाद जो टीम ने असाधारण जोश व जज्बे का परिचय दिया, विशेषकर सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 339 रन की रिकॉर्ड चेज के दौरान, उससे यह उम्मीद तो प्रबल हो गई थी कि भारत अपना पहला महिला विश्व कप खिताब उठा लेगा। यही हुआ। फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 52-रन के प्रभावी अंतर से पराजित करके अपने सपने को हकीकत का रूप दिया। दरअसल, इस कामयाबी की नींव उस समय ही रख दी गई थी जब इस साल के इंग्लैंड दौरे पर भारतीय लड़कियों ने पहली बार टी-20 श्रृंखला में इंग्लैंड को 3-2 से पराजित किया था।




भारत की पुरुष टीम ने भी इस साल अच्छी उपलब्धियां हासिल कीं कि 9 मार्च 2025 को दुबई में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी एकदिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल में अपना पहला अर्द्धशतक (76 रन) रिकॉर्ड किया और चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम कर ली। चैंपियंस ट्रॉफी के 9 संस्करणों में ऐसा पहली बार हुआ कि किसी टीम ने बिना कोई मैच हारे हुए यह ट्रॉफी जीती। भारत चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पांच बार पहुंचा है और इस बार वह लगातार तीसरी बार फाइनल में पहुंचा था। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का यह तीसरा खिताब था कि वह 2002 व 2013 में भी विजेता था। इसके अतिरिक्त भारत ने इंग्लैंड में इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट श्रृंखला को 2-2 की बराबरी से खेला, लेकिन अपने ही घर में स्पिन लेती पिचों पर दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट श्रृंखला 0-2 से हार गया।

नवम्बर 2025 में ही भारत की बेटियों ने कोलम्बो (श्रीलंका) में खेले गये पहले टी-20 वर्ल्ड कप (ब्लाइंड) को फाइनल में नेपाल को सात विकेट से हराकर जीता। अगर मुक्केबाजी की बात करें तो वर्ल्ड बॉक्सिंग कप (डब्लूबीसी) के फाइनल्स में भारत की कामयाबी की कहानी भी गर्ल पॉवर ने लिखी। ग्रेटर नोएडा में (14 से 20 नवम्बर 2025) आयोजित हुई सीजन के अंत की इस प्रतियोगिता में भारत ने पुरुषों व महिलाओं की सभी 20 भार श्रेणियों में अपने मुक्केबाज रिंग में उतारे थे और 20 पदक जीतकर परफेक्ट पदक रिकॉर्ड हासिल किया, जिनमें 9 स्वर्ण, 6 रजत और 5 कांस्य पदक रहे। नौ में से सात स्वर्ण पदक भारत की महिला मुक्केबाजों ने जीते, जबकि शेष दो स्वर्ण पदक हितेश गुलिया व सचिन सिवाच ने हासिल किये। बहरहाल, यह प्रतियोगिता इस लिहाज से विशेष रही कि भारत की प्रमुख मुक्केबाज, विशेषकर निकहत जरीन व प्रीती पंवार, जो पिछले कुछ समय से अपनी प्रतिभा, योग्यता व उम्मीदों के अनुरूप किसी न किसी कारण से प्रदर्शन नहीं कर पा रही थीं, उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर धमाकेदार वापसी की, जिससे यह आशा प्रबल हुई है कि अगले वर्ष के एशियन गेम्स में वह भारत की पदक संख्या में अच्छा इजाफा कर सकती हैं। इस लिहाज से देखा जाये तो यह साल भारत के लिए गर्ल पॉवर का रहा।

हालांकि इस साल गोवा में आयोजित शतरंज विश्व कप, जोकि शतरंज की सबसे कठिन प्रतियोगिता होती है, में गुकेश, प्रज्ञानंद या अर्जुन में से कोई भी सेमीफाइनल तक न पहुंच सका, लेकिन लड़कियों ने शतरंज में भी भारत का नाम ऊंचा किया। मसलन, नागपुर की इंटरनेशनल मास्टर (आईएम) दिव्या देशमुख ने ग्रैंडमास्टर (जीएम) बनने के लिए सबसे छोटे मार्ग का चयन किया। यूथ बनाम एक्सपीरियंस की जंग में 19-वर्षीय दिव्या ने बतुमी, जॉर्जिया में न सिर्फ अनुभवी कोनेरू हम्पी (विश्व रैंकिंग 5) को फाइनल में पराजित करके विश्व कप अपने नाम किया बल्कि ग्रैंडमास्टर का खिताब भी अपने नाम किया। विश्व कप में ऐसा पहली बार हुआ जब दोनों विजेता व उप-विजेता भारतीय लड़कियां रहीं। दूसरी ओर वैशाली लगातार दूसरी बार द्विवार्षिक ग्रैंड स्विस की विजेता बनीं। अब कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में भारत की कम से कम तीन खिलाड़ी होंगी; क्योंकि वैशाली से पहले महिला वर्ल्ड कप में विजेता व उप-विजेता होने के कारण क्रमशः दिव्या देशमुख व के हम्पी क्वालीफाई कर चुकी थीं।

जहां तक बैडमिंटन की बात है तो उसमें भी दो लड़कियां ही उभर कर आयीं -उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा। बीडब्लूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप इस साल गुवाहाटी, असम में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता के टीम इवेंट में भारत ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता, जिसमें उन्नति की प्रमुख भूमिका थी। तन्वी महिला वर्ग के एकल के फाइनल में पहुंची और वह 17 वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद साइना के कारनामे को दोहरा ही देतीं, लेकिन दुर्भाग्य से चूक गईं। तन्वी को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। गर्ल पॉवर की कहानी को आगे बढ़ाएं तो पैरा आर्चरी में शीतल देवी ने मात्र 18-वर्ष की आयु में इतिहास रचा। वह पहली हाथ-रहित महिला हैं, जिन्होंने कंपाउंड आर्चरी के व्यक्तिगत वर्ग में विश्व चैंपियनशिप का स्वर्ण पदक जीता है। यह कारनामा उन्होंने ग्वांगजू में आयोजित पैरा वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप्स में 27 सितम्बर 2025 को किया। जम्मू कश्मीर की यह तीरंदाज प्रतियोगिता में एकमात्र प्रतिस्पर्धी है, जिसके हाथ नहीं हैं और निशाना लगाने के लिए वह अपने पैरों व ठोड़ी का प्रयोग करती है।

गौरतलब है कि शीतल से पहले इस स्तर पर केवल एक हाथ-रहित आर्चर ने गोल्ड जीता है और वह अमेरिका के मैट शुटजमैन थे जो 2022 दुबई वर्ल्ड चैंपियनशिप्स में पोडियम के टॉप पर खड़े हुए थे। शीतल ने इतिहास पुस्तकों में एक नया अध्याय उस समय जोड़ा जब उन्होंने तुर्की की विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी ओज्नुर करे गिरदी को 146-143 से पराजित करके गोल्ड हासिल किया। इससे पहले शीतल ने मिश्रित टीम कंपाउंड में तोमन कुमार के साथ कांस्य पदक और महिला ओपन टीम मुकाबले में सरीता के साथ रजत पदक भी जीता था। ग्लोबल वुशु अखाड़े में भी भारतीय लड़कियों का प्रदर्शन अविश्वसनीय व ऐतिहासिक रहा। पहली बार भारत की तीन लड़कियां अपने-अपने भार वर्ग में ब्रासिलिया, ब्राजील में आयोजित वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप्स के गोल्ड मेडल राउंड में पहुंचीं। लेकिन अफसोस! तीनों ही महिला सांडा डिवीजन में परी कथा जैसा अंत हासिल न कर सकीं। करीना कौशिक, अपर्णा दहिया व शिवानी प्रजापति को रजत पदकों से ही संतोष करना पड़ा। यह 6 सितम्बर 2025 की बात है। भारत की वुशु एथलीट नम्रता बत्रा ने भी इस साल चेंगदू में आयोजित वर्ल्ड गेम्स में रजत पदक जीता था। वर्ल्ड गेम्स में वुशु स्पर्धा में भारत का यह पहला पदक है। बहरहाल, इन उपलब्धियों से यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर अधिकतर स्पधाओं में भारत का नाम रोशन करने में गर्ल पॉवर की भूमिका ही सबसे महत्वपूर्ण रही, वर्ष 2025 में।

## आप की बात

### चुनाव सुधार बहस

यह अच्छी बात है कि संसद ने चुनाव सुधारों पर बहस की। हालांकि बहस सकारात्मक के बजाय सियासी अधिक रही। देश चुनावों की अति हो गयी है। इससे विकास भी प्रभावित होत है, संसाधन भी बेकार होते हैं। इसलिए चुनाव सुधार के जरिए चुनावों की संख्या सीमित करनी चाहिए। अत्यधिक चुनाव देश के लिए बड़ी समस्या है। इसने हर गली-कूचे में पार्टियां तैयार कर दी हैं, क्षेत्रीय, जातीय, मजहबी, भाषाई आधार पर दलों की भरमार है। अत्यधिक चुनाव, अत्यधिक पार्टियां, दरअसल लोकतंत्र के आदर्श स्वरूप को निगल सकती हैं। इसलिए अगर हमे 'टू-मच डेमोक्रेसी' से बचना है, लोकतंत्र को राष्ट्रीय हितों के साथ आगे बढ़ाना है, तो चुनावों की संख्या को सीमित करने की जरूरत है। चुनावी मौके पर खैरात बांटने की होड़ पर भी विराम लगाना जरूरी है अन्यथा लोकतंत्र में लेबल प्लेइंग फील्ड खत्म हो जायेगी। राजनीति देश की कीमत पर, राष्ट्रीय संसाधनों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। सुशासन और विकास की राजनीति ही देशहित में है, लेकिन प्रायः देखा जाता है कि जनता चुनावी सौगातों पर अधिक आकर्षित होती है। यही कारण है कि चुनाव के समय पुरानी पेंशन, फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस यात्रा, युवाओं को नौकरी, महिलाओं को आर्थिक मदद, जैसे वायदे पार्टियां करती हैं। ऐसी योजनाओं से देश आर्थिक रूप से तबाह होगा। नब्बे के दशक की शुरूआत में भारत की स्थिति ठीक वैसी ही थी, जैसे आज पाकिस्तान एवं श्रीलंका की स्थिति है।

**सचिन कुमार सिंह, लखनऊ.**

### आतंकवाद का खात्मा

आतंकवाद का जड़ से खात्मा जरूरी है। इसके लिए जितने भी प्रयास करने हों, सरकार को करना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवाद पर प्रहार की छूट होनी चाहिए। पिछले महीने जिस तरह कई दिनों तक मुठभेड़ चली उसमें कई जवान शहीद हुई, लेकिन हमारे जवानों ने आतंकियों को छोड़ा नहीं। बस ऐसे ही संकल्प की जरूरत है। तभी आतंकवाद खत्म होगा। यह देश आतंकवाद को खत्म करने के अपने महाअभियान पर लगातार आगे बढ़ेगा और एक दिन जम्मू-कश्मीर से आतंक- वाद का पूरी तरह सफाया होगा और भारत को तोड़ने के उनके मंसूबे भी ध्वस्त होंगे। दरअसल बीते कुछ समय से आतंकवाद से निपटने के लिए देश ने अपनी रणनीति बदली है। एक दशक पहले तक आतंकवादियों पर एक्शन सेना तब लेती थी जब उन्होंने कोई हमला किया हो, लेकिन अब सेना प्रोएक्टिव है।

**राजीव कुमार सिंह, लखनऊ.**

# सामाजिक उत्थान के एक नये व प्रेरक अध्याय की साक्षी बन रही अयोध्याः राज्यपाल

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल जनपद अयोध्या स्थित श्री गणपति सच्चिदानन्द आश्रम की 104वीं शाखा का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यज्ञ में आहुति देकर विधिवत शुभारम्भ किया तथा तत्पश्चात मंचासीन रामदरबार की प्रतिमाओं का श्रद्धापूर्वक दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी गणपति सच्चिदानंद स्वामी द्वारा स्थापित यह आध्यात्मिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण के प्रति समर्पण अनुकरणीय है और अवधूत दत्त पीठम द्वारा इन क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का सकारात्मक प्रभाव आज देशभर में परिलक्षित हो रहा है, जिसमें अयोध्या भी इस पुण्य यात्रा की साक्षी बन रही है। राज्यपाल ने कहा कि प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या, जो सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक ऊर्जा और लोकमंगल की त्रिवेणी है, आज सामाजिक उत्थान के एक नए और प्रेरक अध्याय की साक्षी बन रही है।

- राज्यपाल ने श्री गणपति सच्चिदानन्द आश्रम की 104वीं शाखा का यज्ञ में आहुति देकर किया शुभारम्भ
- मंच पर विराजमान रामदरबार की प्रतिमाओं का किया दर्शन-पूजन



एवं सामाजिक पीठ भगवान दत्तात्रेय के दिव्य सिद्धांतों पर आधारित होकर आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ मानव सेवा, करुणा, संवेदना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त केंद्र है। अयोध्या जैसी पावन भूमि पर इस सेवा इकाई की स्थापना न केवल ऐतिहासिक और प्रेरणादायी है, बल्कि भारतीय सनातन परंपरा, ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्ण की भावना और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने का भी महत्वपूर्ण प्रयास है। स्वामी जी का मानव सेवा, प्रकृति संरक्षण, शिक्षा, उन्होंने बताया कि राजभवन की प्रेरक पहल से जनपद अयोध्या में लोककल्याण से जुड़े अनेक दूरगामी, परिवर्तनकारी और प्रभावशाली कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं, जिनका सीधा लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। राज्यपाल ने कहा कि मातृशक्ति और बालशक्ति के सशक्तीकरण को केंद्र में रखते हुए राजभवन की पहल से जनपद अयोध्या में अब तक लगभग 2400 आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया जा चुका है, जिससे जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्र पूर्णतः संतृप्त हो गए हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि अयोध्या धाम क्षेत्र में पूर्व में एक भी आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित नहीं था, किंतु इस सामाजिक रिक्तता को अवसर में परिवर्तित करते हुए उनकी पहल पर अयोध्या धाम में 70 नवसृजित आंगनबाड़ी केंद्रों का सृजन किया गया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह जैसे शैक्षणिक अवसरों पर सेवा और शिक्षा का समन्वय प्रस्तुत करते हुए आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया गया, साथ ही जनपद अयोध्या में 144 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, 338 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गैस कनेक्शन तथा 333 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आवश्यक बर्तनों का वितरण सुनिश्चित किया गया। प्रदेशभर में आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा-संपन्न बनाने के उद्देश्य से अब तक 1 अरब 50 करोड़ 29 लाख रुपये से अधिक की लागत से 50 हजार से अधिक आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया जा चुका है।

राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय राजभवन के बच्चों तथा भिक्षावृत्ति से शिक्षा की ओर उन्मुख बच्चों को अयोध्या का शैक्षिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण कराया गया। इन बच्चों ने मात्र एक माह के अल्पकालिक प्रशिक्षण के पश्चात राज्य की गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता करते हुए बैंड प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती, उसे केवल अवसर और विश्वास की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि राजभवन में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से गरीब एवं झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को प्राथमिक विद्यालय राजभवन में प्रवेश दिलाया गया तथा उनके लिए विद्यालय बस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। प्राथमिक विद्यालय राजभवन, जहां पूर्व में केवल कक्षा 8 तक शिक्षा दी जाती थी, अब उसे विस्तारित कर कक्षा 12 तक कर दिया गया है। विद्यालय को हरित भवन के रूप में विकसित करते हुए स्मार्ट क्लास, स्मार्ट लैब, रोबोटिक एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण तथा विविध सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ा गया है, जिससे आज वही बच्चे आत्मविश्वास के साथ अध्ययन कर रहे हैं और अपने भविष्य को स्वयं गढ़ने का साहस कर पा रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि हाल ही में भिक्षावृत्ति से शिक्षा की ओर उन्मुख 500 बच्चों के मध्य राजभवन में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही राजभवन में आयोजित परंपरागत खेल महोत्सव में इन बच्चों की सक्रिय सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि जब बच्चों को अवसर और विश्वास मिलता है, तो उनके जीवन की दिशा सकारात्मक रूप से परिवर्तित हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि राजभवन उत्तर प्रदेश की पहल पर विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिए गए ग्रामों में स्मार्ट क्लास की स्थापना की जा रही है, जहां शिक्षा अब केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए ज्ञान के नए द्वार खुल रहे हैं। यह प्रयास शिक्षा में समानता और समावेशन के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल ने सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर परम पूज्य संस्थापक एवं पीठाधिपति, अवधूत दत्त पीठम, मैसूर गणपति सच्चिदानंद स्वामी , उत्तराधिकारी, अवधूत दत्त पीठम, श्री दत्त विजयानंद तीर्थ स्वामी, आमंत्रित संत समाज, गणमान्य अतिथिगण, मण्डलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# सांसद तनुज पुनिया ने पं.मदन मोहन मालवीय, सी राजगोपालाचारी को पुष्प अर्पित कर किया नमन



**बाराबंकी।** भारतरत्न पंडित मदन मोहन मालवीय, महाराजा बिजली पासी एव सी0 राजगोपालाचारी की जयंती एवं पुण्यतिथि पर काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने नमन करते हुये कहा कि देश की ये महान विभूतियों ने हमेशा एक नई दिशा देने का कार्य किया है। जिसमे पंडित मालवीय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 4 बार अध्यक्ष रहे। इन्होने छूआ-छूत के विरोध में आवाज उठाई और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम किया। बिजली पासी अपनी स्वतंत्रता के रक्षा के लिये कन्नौज के राजा जयचन्द और आल्हा उदल जैसे योद्धाओ के साथ संघर्ष किया। उन्हे पासी समाज के गौरव और दलित प्रतिरोध के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप जाना जाता है। श्री पुनिया ने कहा कि राजगोपालचारी भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी विद्वावन और स्वतंत्र भारत के अन्तिम गवर्नर जरनल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जिन्हे राजा जी के नाम से भी जाना जाता है। श्रद्धाजंलि सभा मे जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, अजीत वर्मा, विजय पाल गौतम, रामहरख रावत, मो0 इरफान कुरैशी, कमल भल्ला, सना चैधरी मौजूद रहे।

# महाराजा बिजली पासी ने अपना जीवन स्वतंत्रता और न्याय के लिए किया समर्पितः राकेश वर्मा



**जैदूपुर, बाराबंकी।** महाराजा बिजली पासी एक महान वीर और शासक थे। जिन्होंने 12वीं शताब्दी में लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में अपनी सत्ता स्थापित की थी। उनका जन्म पासी समुदाय में हुआ था और उन्होंने अपने जीवन को स्वतंत्रता और न्याय के लिए समर्पित किया था। उक्त विचार विधानसभा जैदपुर अंतर्गत विकासखंड सिद्धौर के ग्राम पारा इब्राहिम में महाराजा बिजली पासी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा ने व्यक्त किये। सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि महाराजा की जयंती हर साल मनाई जाती है, जिसमें पासी समुदाय के लोग उनकी वीरता और साहस को याद कर सके जिससे नई पीढ़ी को उनके गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी मिल सके। पूर्व प्रमुख सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि महाराजा बिजली पासी एक महान वीर और शासक थे। उनकी वीरता और साहस के कारण उन्हें ह्णपासी राजाह्ण के नाम से जाना जाता है। उक्त अवसर पर मोहम्मद उबैद, फारूक अहमद, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जितेंद्र वर्मा, अखिलेश यादव, जगतपाल रावत, अखिलेश यादव, पिंटू वर्मा राजन शुक्ला, वीरेंद्र सिंह वर्मा, ऋषि वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा अनिवार्यः अजय प्रकाश



**अयोध्या।** विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास जिससे होता है, वही शिक्षा है। ऐसे में शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो आत्मज्ञान कराए। योग, ध्यान, चेतना और अच्छी शिक्षा से आत्मज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। यह बात महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कही। वह महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में आयोजित उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के 47 वें प्रांतीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चेतना की सात अवस्थाएं होती हैं। जिसमें जागना, सपने देखना और सोना सभी के जीवन का अहम हिस्सा होता है। लेकिन उसके बाद के लिए ध्यान, धारणा और चेतना को आत्मसात करना पड़ता है। जिसमें योग सर्वश्रेष्ठ है। भावातीत ध्यान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, अनुशासनशीलता, रचनात्मक सहित सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्य से बच्चों को ध्यान और योग का अभ्यास कराने के लिए भी प्रेरित किया। कुलाधिपति ने कहा कि महर्षि ने वर्ष 1953- 56 में गुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के निर्देश पर ज्ञान का विस्तार करना शुरू किया था। गुरु ने निर्देशित किया था कि भारत के ज्ञान को पूरे विश्व में विस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा था कि योग में स्थित होकर कार्य करने से अप्रत्याशित सफलता मिलती है। उसी के बाद विश्वविद्यालय की अवधारणा तय हुई। अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार सिंह ने कहा कि ज्ञान, दान का कर्म सभी में श्रेष्ठ होता है और इस उत्तरदायित्व का प्रधानाचार्य पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर रहे हैं। जब ज्ञान श्रेष्ठ होता है तब वैचारिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का सहज ही संवर्धन होता है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय सम्मेलन प्रधानाचार्य के हितों की रक्षा के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। शैक्षिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि, पाठ्यक्रम सहित विद्यालयों के संरचना और संवर्धन में प्रधानाचार्य का अहम योगदान होता है। प्रांतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. भानु प्रताप सिंह ने कहा कि देश में श्रेष्ठ और सार्थक वातावरण बनाए रखने में शिक्षा का योगदान सर्वाधिक होता है। जिसके लिए महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय कर्तव्यनिष्ठा के साथ दिनरात लगा है। प्रांतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक श्रीनिवास शुक्ला, राजेंद्र कुमार बाजपेई और तेज प्रताप सिंह सहित जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या डॉ. पवन कुमार तिवारी ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष और आयोजन संयोजक डॉ.मणि शंकर तिवारी ने व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानाचार्य परिषद के आयोजित सम्मेलन के उद्देश्य, आवश्यकता और सार्थकता पर प्रकाश डाला।

# ओवरलोड गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बन रहीं हादसों का सबब



**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कस्बे से होकर गुजर रही ओवरलोड गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकती हैं। सुबह से लेकर देर रात तक कस्बे की प्रमुख सड़कों से गुजरने वाली इन ट्रॉलियों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में पड़ गई है।कस्बे के ठंडी सड़क, तेलियागढ़ चैराहा, भीटी चैराहा और कटरा बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम इलाकों से भारी मात्रा में गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां गुजरती हैं। अत्यधिक ओवरलोड होने के कारण ये ट्रॉलियां सड़क पर लहराती हुई चलती हैं और कई बार सड़क की पटरी से उतर जाती हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।सबसे गंभीर बात यह है कि इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के पीछे न तो रिफ्लेक्टर लगे होते हैं और न ही कोई बल्ब लगे है। घने कुहासे के कारण दृश्यता कम हो जाती है, ऐसे में पीछे से आने वाले वाहन चालकों को ये ट्रॉलियां दिखाई नहीं देतीं और अक्सर टक्कर हो जाती है। कस्बे के लोगो का आरोप है कि रात के समय कई ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में लापरवाही से वाहन चलाते हैं। ट्रॉलियों को इधर-उधर मोड़ते हुए चलने के कारण कई स्थानों पर दुकानों के बोर्ड, बिजली के केबल और अन्य सार्वजनिक संपत्ति क्षतिग्रस्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड होने के बावजूद न तो इन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का चालान किया जा रहा है और न ही पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। इससे वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

# महाराज सिंह इण्टर कालेज में सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित



**बहराइच ।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई जी की जन्म जयन्ती के अवसर पर सुषासन सप्ताह अन्तर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के तहत गुरूवार को महाराज सिंह इण्टर कालेज में आयोजित सहायक उपकरण वितरण षिविर के दौरान सांसद बहराइच डॉ आनन्द कुमार गोड़ ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी मुकेष चन्द्र व अन्य अतिथियों के साथ चिन्हित पात्र दिव्यांगजनों को 60 नग ट्राईसाइकिल, 60 जोड़ी बैषाखी, 20 नग व्हीलचेयर, 10 नग श्रवण यंत्र ( कान मशीन ) इत्यादि का वितरण किया। कार्यक्रम के अन्त में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज द्वारा सभी अतिथियों एवं दिव्यांगजन का आभार ज्ञापित किया गया।

# राष्ट्रपति ने बाल वैज्ञानिक पूजापाल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देकर किया सम्मानित

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** जनपद की प्रतिभाशाली बेटी पूजा पाल को धूल रहित थ्रेशर के अभिनव प्रयास के लिए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार देश का सर्वोच्च बाल सम्मान है, जो उन बच्चों को दिया

- बाल वैज्ञानिक पूजा पाल की उपलब्धि पर डीएम ने प्रसन्नता व्यक्त कर दी बधाई

जाता है जिन्होंने शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति, विज्ञान, समाज सेवा अथवा नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। इंस्पायर अवार्ड के अंतर्गत चयनित होकर होनहार छात्रा जापान की शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक यात्रा कर चुकी हैं। जहाँ उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया और अपने नवाचार को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने पूजा पाल की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पूजा पाल जनपद बाराबंकी का गौरव हैं। उनके द्वारा निर्मित धूल रहित थ्रेशर न केवल नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह किसानों के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान भी है। कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि जनपद की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा पाल की सफलता से जिले के अन्य छात्र-छात्राओं को भी विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

# अपर मुख्य वन संक्षरक मध्य क्षेत्र डॉ. रेणु सिंह ने रसूलपुर दरेहटा व रूपईडीहा क्षेत्र का किया भ्रमण



**बहराइच ।** अपर मुख्य वन संरक्षक मध्य क्षेत्र डॉ रेणु सिंह द्वारा मानव वन्य जीव संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान डॉ. सिंह ने फखरपुर ब्लॉक के रसूलपुर दरेहटा पहुंचकर पाँच दिन हिंसक वन्य जीव के हमले में मृतक अंश पुत्र राम मनोहर के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से भेंट कर ढाढस बंधाया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए कहा कि घर के अंदर सोए, बच्चों की विशेष रूप से निगरानी रखने तथा घरों में दरवाजे बंद कर सोने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन घरों में दरवाजे नहीं लगे हैं ऐसे लोग भी सुरक्षा के लिए अस्थाई प्रबंध जरूर कर लें। उन्होंने कहा कि वन विभाग लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रहा है शीघ्र ही बचे हुए भेड़ियों को भी रेस्क्यू कर लिया जायेगा। इसके पश्चात डॉ. सिंह ने पिछले 24 दिसम्बर को बाघ द्वारा किये गए हमलो से संबंधित प्रभावित क्षेत्र रूपईडीहा का भ्रमण कर बाघ के संभावित मूवमेंट क्षेत्र में पेट्रोलिंग, निगरानी और सतर्कता पर जोर देनें के निर्देश दिए गए। लोगों से अपील की गई की वह वन्य जीव के फोटो और वीडियो बनाने के लिए अपने को किसी प्रकार के खतरे में न डालें। घटना स्थल पर जब तक वन विभाग और पुलिस प्रशासन की टीम न आ जायें तब तक वन्य जीव से सुरक्षित दूरी बनाकर रखें और उसको छेड़ें नहीं। इस मौके पर वन संरक्षक, देवीपाटन मण्डल डॉ. सेम्मारन एम., डीएफओ बहराइच राम सिंह यादव, एसडीओ राशिद जमील व रेंजर कैसरगंज ओंकार नाथ यादव, रेंजर रुपईडीहा अतुल श्रीवास्तव, क्षेत्रीय ग्राम प्रधानगण, चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रमोद डालमिया अध्यक्ष, दूसरी बार निर्विरोध महामंत्री दुर्गेश पाण्डे चुने गए



**बहराइच ।** गल्ला उद्योग व्यापार मण्डल बहराइच का वार्षिक चुनाव व्यापार मण्डल कार्यालय गल्ला मंडी में चुनाव अधिकारी श्री अमरनाथ अग्रवाल जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ व्यापारी श्री प्रमोद डालमिया जी, महामंत्री पद पर श्री दुर्गेश पाण्डेय जी निर्विरोध दूसरी बार एवं कोषाध्यक्ष पद पर श्री सुरेश सुल्तानिया जी निर्वाचित हुए।

निर्वाचन प्रक्रिया में गल्ला उद्योग व्यापार मण्डल के सरदार मोहन सिंह, हरिशंकर पांडेय, अनूप डालमिया, पप्पू बालाजी, प्रकाश बंसल, अजय अग्रवाल, दिनेश जालान, ब्रह्मानंद साहू, नवीन भानीरामका, शकील मेकरानी, बबलू मलिक, सतीश पाण्डेय, बबलू मुश्ताक, राज कुमार साहू, संजय टंडन, राजेश तिवारी राधेश्याम गुप्ता, मनोज सुल्तानिया, संदीप अग्रवाल, विनय जालान, समीउल्लाह, हुकुम चौधरी अफजाल अहमद, इम्तियाज अहमद, विकाश मालानी, सीताराम कूड़ेभार, राजू सिद्दीकी सहित आदि भारी संख्या में गल्ला उद्योग व्यापार मण्डल के व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।।

# वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरो ने वेटलैंड सरायबरई में की बर्ड वाचिंगव और फोटोग्राफी



**बाराबंकी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मशताब्दी पर जनपद की प्रसिद्ध वेटलैंड सरायबरई में वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर नवीन बनौधा, महिला फोटोग्राफर अरुणा सिंह ने बर्ड वाचिंग और फोटोग्राफी की। वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर अरुणा सिंह ने बताया कि उन्होंने पूरी दुनिया में फोटोग्राफी की है। लेकिन इतने छोटे क्षेत्र में इतनी विविधता पहले नहीं देखी। पिछले 10 वर्ष से सराय बरई वेटलैंड आने वाले वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर श्री बनौधा ने बताया कि पहले की अपेक्षा पक्षियों की संख्या में कमी दिखी।

इसके पीछे कारण अवैज्ञानिक जलीय कृषि और किसानों में जागरूकता में कमी है। झारखंड के टाटानगर में टीचर रहे और बर्ड वाचर मिथलेश दत्त द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने ग्रे-लैग गूज, गडवाल, कॉटन पिग्मी गूज, येलो हेडेड लैपविंग, सिट्रिन वैगटेल, व्हाइट वैगटेल, पीला खंजन, लाल अंजन, भूरा अंजन, लिटिल इग्रेट, महान बगुला, जकाना, जंगली कौआ, रीड वार्बलर, प्लेन प्रीनिया, ब्राउन श्राइक, पाइड किंगफिशर, व्हाइट थ्रोटेड किंगफिश्शर, लिटिल ग्रेब, कॉमन सैंडपाइपर, ग्रीन सैंडपाइपर, ब्लैक काईट आदि 50 से अधिक प्रवासी स्थानीय पक्षी को देखा है।

यहां आने वाले प्रवासी पक्षी मंगोलिया, चीन, पश्चिमी यूरोप, साइबेरिया से भारत का रुख करते हैं और सर्दियों में अक्टूबर से लेकर के मार्च तक भारत में खासकर बाराबंकी में रहते हैं। कार्यक्रम मे प्राथमिक विद्यालय, खजुरी के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अशरफ, वन विभाग के डिप्टी रेंजर, रामसनेहीघाट अवनीश द्विवेदी, नवीन चंद्रा, विपिन वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सीपीआई के स्थापना दिवस पर संस्थापकों को पुष्प अर्पित कर किया नमन

**बाराबंकी।** 100 वर्ष पूर्व क्रांतिकारियों के संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी। उसी समय ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने अपनी हिफाजत के लिए मुखबिरी संगठन की भी स्थापना कराई थी। आजादी की लड़ाई में पार्टी का प्रत्येक सदस्य जेल यात्री था स्वतंत्रता संग्राम सेनानी था। तब हिन्दुवत्व वादी ताकते

- स्वतंत्रता संग्राम मे पार्टी का प्रत्येक सदस्य ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिकाः डॉ. रामचंद्र सरस
- स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी मे वक्ताओ ने रखे अपने विचार



अंग्रेजों की मुखबिरी कर रही थी। आज कम्युनिस्ट विचारों की कमी के कारण बेरोजगारी, भुखमरी का संकट बढ़ा है। और जनता की समस्याएं बढ़ी है। उक्त विचार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 100वे स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य डॉ0 रामचंद्र सरस ने व्यक्त किये। कार्यक्रम मे गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रोफेसर डॉ0 राजेश मल्ल ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी भूमिका के राजा, महाराजाओं, सामंतों के खिलाफ मजदूर किसान हितों के लिए संघर्ष कर रही थी। राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि वर्तमान सरकार कहती कुछ है, करती कुछ है, मुखौटा वादी सरकार है। जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि अरावली की पहाड़ियों से लेकर जल, जंगम जमीन अडानी को दिया जा रहा है। किसान सभा अध्यक्ष विनय कुमार सिंह साम्यवादी आंदोलन को आगे बढ़ाने के अलावा कोई अन्य उपाय नहीं है। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि मजदूरों को 12 घंटे काम करने के लिए तैयार रहना चाहिए। कार्यक्रम को मोहम्मद तारिक खान, शिवदर्शन वर्मा, मुनेश्वर आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम से पूर्व डॉ0 सरस ने केक काटकर एंव पार्टी संस्थापकों कार्ल मार्क्स, श्रीपद अमृत डांगे, मौलाना हसरत मोहानी, मुजफ्फर अहमद, मलयपुरम सिंगरावेलु चेटिटयार, ह्यूग लेस्टर हचिंसन, सच्चिदानंद विष्णु घाटे, गंगाधर अधिकारी, फिलिप स्प्रेट, कल्पना दंत महानायकों के चित्र पर माल्यार्पण कर बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहम्मद कादिर हसन ने की।

# हटेगा हाइवे किनारे का अतिक्रमण

**सोहावल-अयोध्या।** हाईवे 27 लखनऊ अयोध्या के किनारे दोनों पटरी पर किया गया अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा। एन एच ए आई की ओर से इसकी डुगडुगी बजाकर पैमाइश का काम शुरू कर दिया है। निशानदेही के बाद स्वतः अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध जुमार्ना और ध्वस्तिकरण की कार्रवाई करेगा। टोल प्लाजा रौनाही सहित राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों किनारे लोक निर्माण विभाग की भूमि में अवैध कब्जा कर दुकान मकान बनाए बैठे लोगों पर एन एच आई की गाज गिरने वाली है।

अपना अतिक्रमण स्वतः हटाने के लिए वृहस्पतिवार को विभाग ने मुनादी करा दी है।

हाईवे के किनारे पक्की रोड पर कब्जा कर खड़े होने वाले वाहनों से आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गत दिनों जिलाधिकारी समेत मुख्यमंत्री तक शिकायत दर्ज कराई गई है।

इस संबंध में पूछे जाने पर राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोलिंग प्रबंधक सावी मौर्य ने बताया मुनादी कराने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि का चिन्ह्यांकन कराया जा रहा है।

# एसपी ने फरियादियों की जनसमस्याएं सुना



**बहराइच ।** पुलिस अधीक्षक जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

# साइबर ठगी के दो मामलों में पुलिस ने वापस कराया पौने तीन लाख

**अयोध्या।** साइबर ठगी के दो मामलों में जिले की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कुल दो लाख 74 हजार 900 रुपए की रकम पीड़ितों के बैंक खातों में वापस कराई है। साइबर क्राइम थाना के प्रभारी निरीक्षक अरशद ने बताया कि थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में एक लाख अस्सी हजार रुपये और साइबर पोर्टल पर हुई शिकायत के मामले में 90 हजार 900 रुपए वापस कराया गया है। साइबर ठगी से बचने के लिए ओटीपी आने पर सतर्क होजाएं, किसी को शेयर न करें। अंजान की ओर से भेजे गए क्यू आर कोड को स्कैन न करें। क्रेडिट कार्ड के प्रयोग से बचें और लोन देने वाले एप पर बैंकिंग और व्यक्तिगत कागजात शेयर न करें। लॉटरी, केबीसी, आवास आदि के झांसे में न आएं।

संक्षेप

## संदिग्ध हालत में युवक की मौत

**गौरीगंज, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत पूरे रामदीन मजरे असैदापुर निवासी लालचंद 40 वर्ष पुत्र स्व. शिवराम की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने माने तो युवक शराब पिया था। गौरतलब हो कि ठंड अधिक होने के कारण शराब की बिक्री तेज हो जिससे शराब में मिलावट का खेल जारी है यहां तक कि शराब की दुकानों से खुली शराब बेचने का धंधा चल रहा है जो नियम के विरुद्ध है। इस बात से यह स्पष्ट है कि खुद आबकारी इंस्पेक्टर खुद बता रहे हैं कि मृतक युवक शराब की दुकान से आधी शीशी शराब मांग रहा था इससे स्पष्ट हो रहा कि जब दुकान से आधी शीशी शराब मिलती है तभी तो मृतक युवक शराब मांग रहा था। इस सम्बन्ध में आबकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक शराब पीता था लेकिन उसकी मौत ठंड से हुई है युवक का पंचनामा कराकर पीएम को भेज दिया गया है।

## सौरभ बने इंजीनियर परिजनों में खुशी



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्रामीण परिवेश में पले-बढ़े सौरभ दुबे ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भुवनेश्नर उड़ीसा में नियमित आधार इंजीनियर पद पर सफलता अर्जित किया। सौरभ की इस उपलब्धि से परिवार सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सौरभ दुबे मूलतः सारडीह गांव के निवासी हैं। उनके पिता रविन्द्र दुबे कस्बा चांदा में मोटर पार्ट के प्रतिष्ठित व्यवसाई हैं, जबकि माता श्रीमती कुसुम दुबे शिक्षा मित्र के रूप में गांव में कार्यरत हैं। पारिवारिक संस्कार और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल ने सौरभ की सफलता में अहम भूमिका निभाई। सौरभ को उनके मामा इंजीनियर ओंकार नाथ मिश्र का निरंतर मार्गदर्शन मिला, जिनके निर्देशन में उन्होंने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर तैयारी की और सफलता प्राप्त की। चयन की सूचना मिलते ही घर-परिवार में उत्सव का माहौल बन गया। इस अवसर पर माता श्रीमती कुसुम दुबे ने मिठाई बांटकर खुशी साझा की। सौरभ की सफलता को ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयाँ दी हैं।

## ईंट की दीवार गिरने से मजदूर की मौत

**गौरीगंज, अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र कस्बे के पुराना एआरटीओ के पास ईंट की दीवार गिरने से मजदूर परशुराम 42 वर्ष पुत्र शिवराम निवासी दादूपुर थाना मुंशीगंज कस्बा निवासी अरुण कुमार यादव पूर्व सभासद की जर्जर ईंट की दीवार गिरा रहा था कि अचानक पूरी दीवार भरभरा कर गिर गई जिसमें युवक दब गया। जेसीबी मशीन के द्वारा दबे युवक को ईंट से बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया है। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि मृतक युवक को पीएम के लिए भेजकर परिजनों को सूचित किया गया है जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# योगी सरकार को सौंपे पं.दीनदयाल के जरूरी सामान

## पहली दफा भाजपा के समारोह में सम्मिलित हुए पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** भाजपा से एक निश्चित-दूरी बनाए रखने वाले पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र एवं प्रख्यात न्यायविद् चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय आज पार्टी के एक भव्य-आयोजन में अपने अन्य परिजनों के साथ शामिल हुए। उनके साथ उनके परिजन महेन्द्र जोशी,रविन्द्र जोशी व हिमांशु भी थे, जहां मंच पर प्रधानमंत्री मोदी. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह. सीएम योगी व आनन्दीबेन पटेल मौजूद रहे जबकि चन्द्रशेखर मंच के ठीक सामने हजारों कार्यकताओं के बीच। मौका था लखनऊ में नवनिर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा-स्थल' के लोकार्पण का..विशाल 'राष्ट्र प्रेरणा-स्थल' में श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं अटलबिहारी वाजपेई की 65 फीट ऊंची प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। तीनों द्वारा अपने जीवनकाल में प्रयुक्त की गई रोजमर्रा की वस्तुओं को वहाँ अलग-अलग बनाए गए संग्रहालय में रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज संग्रहालय का भी विधिवत उद्घाटन कर उसे राष्ट्र को सौंपा। उत्तर-प्रदेश सरकार के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी कुछ दिन पहले ही योगी सरकार के आला-अधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र से सम्पर्क साधा था और उनसे पण्डित

- मंच व अभिनन्दन व सम्मान से रखा परहेज, दीनदयाल की सादगी का दिया हवाला
- योगी सरकार के आग्रह पर सौंपी पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रयुक्त की गई तमाम वस्तुएं
- लखनऊ के 'राष्ट्र प्रेरणा-स्थल' के नवनिर्मित संग्रहालय में रखे गये पं. दीनदयाल के सामान

दीनदयाल द्वारा अपने जीवनकाल में प्रयुक्त की गई तमाम वस्तुओं को सरकार को सौंपने का आग्रह किया था, जो उनके परिजनों द्वारा वर्षों से संरक्षित व संरक्षित रखी गई थीं। उत्तराखण्ड शासन में प्रमुख-सचिव स्तर के अधिकारी चन्द्रशेखर ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के बर्तन. दो चश्में. खुल्हड़, सूटकेस. पटिया. परिजनों को नेग में दिए गए सिक्के.मेज-कुर्सियां, अलमारी,घड़ी, पेन, उनके पिता व संघ के प्रचारक तथा भारतीय-जनसंघ के सबसे कम आयु के मंत्री रहे प्रोफेसर के.सी.उपाध्याय एडवोकेट को लिखा पत्र योगी सरकार को सौंप दिया। बताते चलें कि उनके युवा-पिता को आपातकाल में मीसा-बन्दी के दौरान जेल में धीमा-जहर दिया गया था जो अल्पायु में उनकी मृत्यु का कारण बना। इसके अलावा चन्द्रशेखर ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा भारतीय-जनसंघ के नेताओं को लिखे कुछ पत्र उनके कुछ आलेख व पुस्तकें भी योगी-सरकार को सौंपी।



पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के प्रपौत्र एवम् प्रख्यात न्यायविद् चन्द्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय ने कहा कि यह अतीव आनन्द का विषय है कि मेरे जिन बप्पा दादाजी एवं उनकी संस्था का नाम तक लेने से सरकारें और उनके मुलाजिम कांपते थे। आज सरकारें और उनके नौकरशाह उनके भव्य स्मारक बना रहे हैं। जीवनकाल में प्रयुक्त की गई रोजमर्रा की उनकी वस्तुओं को संग्रहालय में रखा जा रहा है।

उनकी आदमकद प्रतिमाएं स्थापित की जा रही हैं। मेरे परिवार द्वारा वर्षों से संरक्षित व सुरक्षित रखी गई उनकी अनेक धरोहरों को मैंने योगी आदित्यनाथसरकार को सौंप दिया है। इससे पहले भी भाऊदेवरस. नाना जी देशमुख,..रज्जू भैय्या..राजेन्द्र गुप्ता दादू..रामप्रकाश गुप्ता दादू व कल्याण सिंह समेत कुछ अन्य लोग भी उनकी निशानियों को हमारे परिवार से ले जाते रहे हैं। उनको देश के विविध-स्थानों पर रखा गया है लेकिन यह पहली बार है कि लखनऊ में नवनिर्मित 'राष्ट्र प्रेरणा-स्थल' पर बने संग्रहालय में हमारे परिवार का उल्लेख किया गया है। ताऊजी पं. राजेश्वर दयाल उपाध्याय का चित्र है। उनका उल्लेख है। मेरे समेत अन्य परिजनों का उल्लेख है। उनके चित्र हैं। मात्र यह सम्मान देने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजनीतिक-संस्था ने इतने दशक गंवा दिए। इस सम्मान के लिए नरेंद्र मोदी,..राजनाथ जी. आनन्दी बेन, योगी आदित्यनाथसमेत उनके अधिकारियों का बहुत-बहुत साधुवाद एवं आभार।

## हत्या मामले में शामिल 3 अभियुक्त मय आला कत्ल गिरफ्तार

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** बीते दिनों क्षेत्र के पिंडारा ठाकुर गांव में रंजिश के कारण 23 वर्षीय युवक रत्नेश मिश्रा की हत्या के मामले में स्थानीय कोतवाली पुलिस ने घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को मय आला कत्ल गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया। बीते मंगलवार की रात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पिंडारा ठाकुर गांव निवासी संतोष मिश्रा के 23 वर्षीय पुत्र रत्नेश मिश्रा उर्फ शिवा शौच के लिए नहर की पटरी पर गया था जहां पहले से घात लगा कर बैठे अभियुक्तों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर मरणासन्न कर दिया था।परिजन घायल युवक को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रत्नेश मिश्रा की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने शव को रख कर प्रदर्शन किया। मामले में उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप पर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अपर्णा रजत कौशिक एएसपी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सीओ अतुल सिंह ने परिजनों से मुलाकात कर शीघ्र कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाने का आश्वासन दिया था।मृतक के पिता संतोष मिश्रा की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। घटना के खुलासे के लिए पुलिस की अलग अलग टीमें नामजद आरोपियों की धर पकड़ के दबिश दे रही थी। इसी क्रम में सीओ अतुल सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह एस आई श्रवण कुमार श्रीवास्तव व गोपाल मणि मिश्रा के साथ मय हमराही गश्त पर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने टीम अभियुक्तों अंकित यादव उर्फ लालू यादव उम्र करीब 21 वर्ष पंकज यादव पुत्रगण शिव पूजन यादव व शिव पूजन यादव पुत्र रामेश्वर यादव उम्र 49 वर्ष निवासी पिंडारा ठाकुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की गिरफ्तार कर लिया। वही 2 नाबालिग अपचारियों को नियमानुसार निगरानी में लिया है। गिरफ्तार आरोपियों अंकित यादव व पंकज यादव की निशानदेही पर पिंडारा ठाकुर गांव के पास से 1 बांस का डंडा बरामद किया।

# समाजसेवी प्रेमलाल सिंह की स्मृति में जरूरतमंदों को बांटे गये कंबल



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार ब्लॉक की इरुल ग्राम सभा में समाजसेवी स्व. प्रेमलाल सिंह की स्मृति में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह के निज निवास पर आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के 350 जरूरतमंद महिला-पुरुषों को कड़ाके की ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कूरेभार नवनीत सिंह सोनू ने जरूरतमंदों को स्वयं कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में दर्जनों सम्भ्रांत लोगों को अमर सिंह व अभय सिंह ने अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान सदर बिधायक ने कहा कि वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड में गरीब व असहाय लोगों के लिए इस प्रकार के आयोजन अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह द्वारा किया गया यह कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे पुनीत कार्यों में सभी को आगे आना चाहिए। प्रेमलाल सिंह के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प सदर विधायक नेप्रेमलाल सिंह के सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाजसेवा में समर्पित किया। उन्हीं के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए आज उनके परिवार द्वारा जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के इस प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की।प्रधान प्रतिनिधि ने जताया आभार कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमर सिंह ने सभी आगंतुकों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा समाज सेवा की प्रेरणा उन्हें अपने पूज्य पिता प्रेमलाल सिंह से मिली है। उन्होंने कहा उनके पिता ने सदैव समाज के सुख-दुख में सहभागी बनने की सीख दी और उन्हीं के बताए मार्ग पर चलते हुए वे निरंतर समाजसेवा के कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में अभय सिंह, श्रेयांश सिंह ओम, शशांक सिंह अभय कुमार सिंह, शशांक सिंह, सुधीर सिंह मनोज सिंह, गुलाब सिंह, सभाजीत, राजकुमार सिंह, प्रेमकांत पांडेय, नमोशंकर पांडेय, दिवाकर सिंह, सीतला सिंह, सभाजीत सिंह, रामचंद्र, पंच बहादुर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे।

# दीपक बन जलता रहा भारत...

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हुआ कवि सम्मेलन

जिला संवाददाता

महोली/ सीतापुर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं भारतीय संस्थान सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेई जी के जन्म शताब्दीवर्ष समापन के अवसर पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोली के श्री बाबूराम गुप्त सभागार में किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। साहित्य भूषण से सम्मानित कवि कमलेश मौर्य 'मृदु' की अध्यक्षता और कवि सुनीत बाजपेई के संचालन में कवियों ने मनमोहक काव्यपाठ किया। विकास मौर्य ने वाणी वन्दना में कहा - हे ज्ञान की देवी शारदे मां, अंधकार मिटाने चली आईए, मैं अपने पथ से





भटका हूं मां, मुझे राह दिखाने चली आईए। इसके पश्चात सलमान सीतापुरी ने कविता पढ़ी - अटल की महिमा सबसे न्यारी अटल बिहारी अटल बिहारी, है जिनपे कुर्बां ये जां हमारी। वीर रस के विख्यात कवि रजनीश मिश्र ने कहा - सबको जाग्रत किया खुद सफर हो गए, भाजपा का अटल एक स्वर हो गए छोड़ कर इतने खुशहाल परिवार को काल के भाल पर लिख अमर हो गए। गीतकार राज कुमार तिवारी ने पढ़ा - दीपक बन जलता रहा, भारत - वीर ललाम, जब तक सूरज-चाँद हैं, अमर अटल का नाम। डा.रेनू सिंह ने रानी लक्ष्मीबाई पर ओजस्वी काव्यपाठ करते हुए कहा - वह प्रजा वत्सला मदार्नी, अति शौर्यवती रणघाती थी, झाँसी पर मरती-मिटती थी, झाँसी पर प्राण लुटाती थी। ओज के युवा कवि जगदीप शुक्ल 'अंचल' सुनीत बाजपेई ने भी शानदार काव्यपाठ किया।अंत में कवि कमलेश मौर्य मृदु ने अपने अध्यक्षीय काव्यपाठ में अटल बिहारी बाजपेई जी के संस्मरणों के द्वारा अटल जी को याद किया तत्पश्चात अपने अध्यक्षीय काव्यपाठ से सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया उन्होंने कहा - सत्य, धर्म के लिये अड़ा हो वो ही हिन्दू है, निजता से कर्तव्य बड़ा हो वो ही हिन्दू है, हिन्दू घर में मात्र जन्म लेना पर्याप्त नहीं, हिंदू हित के लिय खड़ा हो वो ही हिन्दू है। राजनीति के धुरंधर, साहित्य जगत के कीर्तिमान अटल जी की जयंती के अवसर पर कवि सम्मेलन के द्वारा सभी ने अटल जी को याद किया। इस अवसर पर जेएनयू के प्रोफेसर राम सागर मिश्रा जी, करुणा शंकर कटियार, राजेश तिवारी, सुरेन्द्र मिश्रा, अतन शुक्ला, बालगोविन्द द्विवेदी, विष्णुदत्त दीक्षित, स्वामीनाथ द्विवेदी, राजीव शुक्ल, डा.विनय मिश्र, बब्लू यादव, डा.सतीश चन्द्र वर्मा, प्रफुल्ल मिश्र, नीरज बाजपेई, अभिषेक शुक्ल, श्रोतागण उपस्थित रहे।कार्यक्रम संयोजक मोहित शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नोएडा में नर्स का शव घर में फंदे से लटका मिला

**नोएडा।** नोएडा में एक नर्स का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की खजूर कॉलोनी निवासी विद्या (22) के रूप में हुई है और वह सेक्टर-27 स्थित विनायक अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थी। थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि बृहस्पतिवार को विद्या का शव घर में पंखे से बंधे फंदे पर लटका मिला और घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। परिजनों के घर पहुंचने पर उन्हें घटना का पता चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामला दर्ज कर जांच जारी है।

## नवागत सीडीओ से अधिकारियों की शिष्टाचार भेंट

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के नवागत मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बिनय कुमार सिंह द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट-मुलाकात का क्रम जारी रहा। इसी क्रम में कूरेभार ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रकाश कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने नवागत सीडीओ से उनके कार्यालय में भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अधिकारियों ने सीडीओ को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर नवागत सीडीओ बिनय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि



शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना प्राथमिकता है। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर देने की बात कही। सीडीओ ने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण, स्वच्छता, जल जीवन मिशन, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए टीम भावना से काम करना आवश्यक है। शिष्टाचार भेंट के दौरान जनपद के अन्य विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। नवागत सीडीओ के पदभार ग्रहण के बाद प्रशासनिक हलकों में विकास कार्यों को लेकर नई ऊर्जा और सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

# अटल का जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा व सुशासन का प्रतीक

**रायबरेली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर आज एसजेएस पब्लिक स्कूल में मधुलता सिंह मेमोरियल बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।प्रतियोगिता से पहले एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई एक कुशल प्रशासक थे। एक बेहतरीन कवि और राजनेता थे जिन्होंने राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा और सुशासन का प्रतीक था। उन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई और राजनीति में शुचिता एवं संवाद की संस्कृति को मजबूत किया।

स्कूल की प्रधानाचार्य डॉ. बीना तिवारी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि जीवन में अनुशासन खेल के माध्यम से सीख सकते है। उन्होंने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।

खेल प्रतियोगिता में आज लड़कियों के एकल



और युगल मुकाबले खेले गए। गर्ल्स एकल मुकाबले में नंदिका सिंह और नैना सिंह ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। गर्ल्स एकल का फाइनल मैच नंदिका सिंह और नैना सिंह के बीच खेला जाएगा। गर्ल्स युगल मुकाबले में शाम्भवी जैन व एंजेलिना और आराध्या सिंह व प्रतीक्षा सिंह की जोड़ी ने फाइनल में जगह बनाई। शनिवार को बॉयज एकल और युगल मुकाबले खेले जाएंगे। वरिष्ठ खेल शिक्षक अजय सिंह ने सभी खिलाड़ियों को खेल के नियम से रूबरू कराया। खेल शिक्षक उमेश मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव व लाल बाबू ने टेक्निकल टेबल पर अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक सूरज सर ने किया। यह जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी श्री मनोज शर्मा ने दी।

## अटल बिहारी को दी गयी श्रद्धांजलि

**परशदेपुर, रायबरेली।** 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर डीह व छतोह ब्लाक के परिषदीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां शिक्षक और छात्र पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में शामिल हुए। पूर्व माध्यमिक विद्यालय परशदेपुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद फारुख खान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान सहायक अध्यापक उषा रानी ,प्रीति विश्वकर्मा, राजन, अनुदेशक अखिलेश सिंह ने अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जूनियर हाई स्कूल बारा में प्रधानाध्यापक शिवेंद्र श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## हत्या मामले में 24 साल बाद आया फैसला, तीन भाइयों को उम्रकैद

**आगरा।** स्थानीय अदालत ने जिले के फतेहाबाद क्षेत्र में एक युवक की हत्या के करीब 24 साल बाद तीन भाइयों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नरेन्द्र सिंह ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार महाजन ने इन तीनों भाइयों को पालिया गांव निवासी राज बहादुर के बेटे की 23 अप्रैल, 2001 को हत्या करने का दोषी पाया। इस घटना के बाद राज बहादुर ने इन आरोपियों के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। राज बहादुर के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अदालत ने करुआ उर्फ राधेश्याम, अरुण कुमार और उमेश कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और साथ ही इन पर कुल 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इन आरोपियों के खिलाफ दो अप्रैल, 2002 को आरोप तय किए गए थे। अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट, शिकायतकर्ता और अन्य गवाहों के बयान के आधार पर यह निर्णय सुनाया।

## ईदगाह के पास युवक का शव मिला, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**हरदोई।** जिले के कछौना थाना इलाके के एक गांव के बाहर स्थित ईदगाह के पास एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार कछौना थाना क्षेत्र के कामीपुर गांव के बाहर ईदगाह के पास बृहस्पतिवार की शाम को गांव के निवासी रियाज (30) का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों ने रियाज के खून से लथपथ शव को ईंट के ढेर पर पड़ा देखा। उसके सिर पर हमला करने के निशान थे। रियाज बुधवार देर शाम गांव के ही युवक के साथ निकला था, परिजन उसी पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी तो मृतक के माता-पिता व भाई मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भय प्रताप सिंह भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के उच्चाधिकारी और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी और साक्ष्य जुटाए। रियाज के भाई राज और उसकी मां शजरतुन ने गांव के ही एक युवक पर उसे घर से ले जाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक सुबोध गौतम ने बघौली के क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की और परिजनों से जानकारी ली। पुलिस के अनुसार मामले में विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस जीप में बैठकर रील बनाने वाला युवक गिरफ्तार

**एटा।** जिले की सकीट थाना पुलिस ने पुलिस जीप में बैठकर रील बनाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, इंस्टाग्राम पर वायरल हुई रील के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्वाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सकीट थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी अवनीश (28) के रूप में हुई, जिसने पुलिस की सरकारी जीप में बैठकर वीडियो बनाया और सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर किया। उसने बताया कि सरकारी जीप रास्ते में खराब स्थिति में खड़ी थी और चालक मरम्मत के लिए मैकेनिक को बुलाने गया हुआ था तभी युवक ने मौके का फायदा उठाते हुए जीप में बैठकर रील बनाई। रील में गाना सुनाई दे रहा है- हम ऐसे कुल में जन्मे जहां डरना नहीं सिखाया। रील पोस्ट होते ही तेजी से वायरल हो गई और यह पुलिस अधिकारियों तक पहुंच गई। उसने बताया कि जांच में पता चला कि यह जीप सकीट थाना पुलिस की है। मामले की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और पुलिस ने अवनीश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होने के बाद युवक ने अपनी गलती स्वीकार की और पुलिस से कहा कि भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करेगा व न ही किसी प्रकार के वीडियो रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर पोस्ट करेगा। थाना प्रभारी विदेश राठी ने बताया कि आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने बिना अनुमति सरकारी वाहन में बैठकर रील बनाई। युवक के खिलाफ विधिक कार्वाई की जा रही है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि सरकारी संपत्ति का गलत इस्तेमाल या छवि को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी गतिविधि पर कठोर कार्वाई की जाएगी।

## अवैध संबंधों के शक में गला घोंटकर पत्नी की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जिले के बेलघाट थाना इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अवैध संबंध के संदेह में पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी और उसके शव को घर के पिछले हिस्से में एक गड्ढे में दफना दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) दिनेश कुमार पुरी ने बताया, आरोपी अर्जुन को महिला के लापता होने के चार दिन बाद बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अर्जुन ने 21 दिसंबर की रात को परिवार के अन्य सदस्यों के सोते समय पत्नी खुशबू (25) की हत्या कर दी, कथित तौर पर रात करीब 11 बजे घर के पीछे छह फुट गहरा गड्ढा खोदा और शव दफना दिया। सबूत मिटाने के लिए उसने शव को मिट्टी, सूखी घास से ढक दिया। पुलिस ने बताया कि वारदात के समय अर्जुन के पिता श्याम नारायण काम के सिलसिले में उरुवा गए हुए थे, जबकि मां और छोटा भाई घर में मौजूद थे, लेकिन उन्हें अपराध की जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार कई दिन तक खुशबू के लापता रहने के बाद, अर्जुन ने कथित तौर पर परिवार वालों को गुमराह करते हुए कहा कि झगड़े के बाद वह अपने मायके चली गई है। गांव में अफवाहें फैलने पर, स्थानीय निवासियों ने परिवार को पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। पुलिस ने बताया कि अर्जुन ने टालमटोल भरे जवाब दिए और बाद में लगातार पूछताछ के दौरान उसने जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद गड्ढे से शव बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, लुधियाना से हाल ही में लौटा मजदूर अर्जुन अपनी पत्नी के किसी दूसरे व्यक्ति के साथ कथित करीबी संबंधों को लेकर आशंकित था, जिसके कारण उनके बीच अक्सर झगड़े होते थे। पुरी ने बताया, आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच जारी है।

## कार से कुचल कर स्कूली छात्र की मौत

**कुशीनगर।** जिले में शुक्रवार दोपहर छह वर्षीय स्कूली छात्र की सड़क पार करते समय कार से कुचलकर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार घटना रामकोला थाना क्षेत्र के लक्ष्मीगंज मार्केट के पास अपराह्न करीब तीन बजे हुई। पुलिस ने कहा कि स्कूल वाहन से उतरने के बाद सड़क पार कर रहे बच्चे को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चे को पहले रामकोला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, और गंभीर हालत को देखते हुए उसे कुशीनगर मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान अंश कुमार (6) के रूप में हुई है, जो चंद्रपुर गोबरही में आधुनिक शिक्षा अकादमी का यूकेजी छात्र था, वह लाला छपरा गांव के चिखुरी टोला निवासी योगेंद्र कुमार का इकलौता बेटा था। पुलिस ने बताया कि अंश अपनी मां के साथ स्कूल वाहन में अपने गांव के पास लक्ष्मीगंज क्षेत्र में पहुंचा था, बच्चा मां से पहले बस से उतरकर सड़क पार करने लगा, तभी लक्ष्मीगंज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने कहा कि कार चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और दोषी चालक की पहचान और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

## घरेलू विवाद के कारण दामाद ने गोली मारकर सास की हत्या की

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में घरेलू विवाद के चलते एक व्यक्ति ने शुक्रवार शाम अपनी सास की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। डीसीपी (नगर) मनीष शांडिल्य ने बताया कि शुक्रवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि करेली थाना की आदर्श नगर चौकी के पास एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। शांडिल्य ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि पारिवारिक विवाद के चलते महिला के दामाद इरफान ने उसे गोली मारी है। उन्होंने बताया कि महिला की पहचान अर्शिया बेगम (55) के रूप में हुई है और उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं अभियुक्त इरफान को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम तैनात की गई हैं।

संक्षेप

## जंगल में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**चौमुहां।** थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत जंगल में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रायस किए। मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। थाना जैंत क्षेत्र अंतर्गत अल्लैहपुर जंगल में करीब 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। राहगीर छरौरा निवासी बीबी गौतम ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में कर शिनाख्त के प्रयास किए। मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस भिजवा दिया है।

## नववर्ष से पहले प्रशासन सख्त

**वृन्दावन।** नववर्ष के उपलक्ष्य में कान्हा की नगरी में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर निगम प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों पर जोरदार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान मथुरा गेट पुलिस चैकी से शुरू होकर वार्ड संख्या 9 तक चलाया गया। इस दौरान टीम ने सड़कों और फुटपाथों से अतिक्रमण हटवाया। नगर निगम की इस अचानक हुई कार्रवाई से दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार स्वयं ही अपना सामान समेटते नजर आए। अपर नगर आयुक्त सी.पी. पाठक ने चेतावनी देते हुए कहा कि नववर्ष पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु वृंदावन पहुंचेंगे। ऐसे में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी दुकानदार ने दोबारा सड़क पर अतिक्रमण किया, तो अगली बार न केवल भारी जुमार्ना लगाया जाएगा, बल्कि सामान को भी स्थायी रूप से जब्त कर लिया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ बेलगाम दौड़ रहे ई-रिक्शाओं और उनके कारण लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशों के बाद शुक्रवार को क्राइम इंस्पेक्टर के नेतृत्व में नगर निगम चैराहे पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और बिना पंजीकरण के सड़कों पर फर्राटा भर रहे दर्जनों ई-रिक्शाओं को सीज कर दिया गया।

## चार लाख अवैध शराब की जब्त, दो गिरफ्तार

**मथुरा।** फरह थाना पुलिस ने फतिहा रेलवे पुल के पास से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 397 लीटर 570 मिलीलीटर हरियाणा मार्का अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये बताई जा रही है। तस्करी में इस्तेमाल की गई एक कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। शुक्रवार सुबह करीब 5:45 बजे मथुरा से आगरा जाने वाले एनएच-19 पर फतिहा रेलवे पुल के पास थाना फरह प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकी सिंह अपनी टीम के साथ चैकिंग कर रहे थे। पुलिस ने कार संख्या यूपी 53 डीके 7686 को रोककर तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। मौके से गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान गिरीश पुत्र राम प्यारे, निवासी ग्राम मोहनपुर और थाना बेलघाट, जनपद गोरखपुर, और आर्यन पुत्र सत्यप्रकाश, निवासी ग्राम परसादीपुर उर्फ मिश्रोली तथा थाना गगहा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है।

# अटल जी को किया गया याद

## संस्कृति विवि में हुई काउंसिल



**मथुरा।** संस्कृति विवि के सभागार में संस्कृति स्टूडेंट काउंसिल द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं और भाषणों द्वारा अटलजी के द्वारा स्थापित सुशासन, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों विस्तार से बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अटलजी सर्वाधिक लोकप्रिय राजनीतिज्ञों में एक थे, उन्हें विपक्षी भी हमेशा सम्मान देते थे। भाषण प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अटलजी को एक दूरदर्शी नेता, पूर्व प्रधानमंत्री और एक जाने-माने कवि के रूप में याद किया। विद्यार्थी वक्ताओं ने कहा कि अटलजी के विचार पीढ़ियों को प्रेरित कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया और अटल जी की विचारधारा और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को दशार्ते हुए शक्तिशाली भाषणों और भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में विवि के जन संपर्क अधिकारी किशन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में यश श्रीवास्तव ने पहला पुरस्कार, छात्रा ओजस्वी ने दूसरा व छात्रा वंशिका को तीसरा स्थान मिला। वहीं कविता प्रतियोगिता में नेहा ने पहला, प्रिंस राज कौशिक दूसरा और विनायक ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहाँ विजेताओं को सम्मानित किया गया और उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छवि शर्मा ने सुचारू रूप से किया।

## 2 जनवरी तक बाहरी वाहनों का प्रवेश बंद

**वृन्दावन।** नए साल के आगमन से पहले ही मंदिरों की नगरी वृन्दावन में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा है। शुक्रवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर और निधिवन राज सहित प्रमुख देवालयों में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने कमर कस ली है और शहर की यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए गए हैं। शुक्रवार सुबह से ही बांके बिहारी मंदिर की ओर जाने वाली गलियों और रास्तों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। भीड़ का दबाव इतना अधिक था कि मंदिर की ओर जाने वाले सभी रास्ते पूरी तरह जाम हो गए। निधिवन में भी दर्शनार्थियों की भारी भीड़ दिखाई दी। प्रशासनिक अनुमान के अनुसार नववर्ष के उपलक्ष्य में आगामी दिनों में करीब 10 लाख श्रद्धालुओं के वृन्दावन पहुँचने की संभावना है। इसे देखते हुए नगर के अधिकांश होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं 2 जनवरी तक के लिए बुकिंग हो चुकी हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि नववर्ष को लेकर वृन्दावन में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। नगर में जाम की समस्या से बचाने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। 02 जनवरी तक वृन्दावन के भीतर बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## स्कूल जा रहे भाई-बहन को ट्रैक्टर ने रौंदा, छात्रा की मौत, भाई गंभीर

**फिरोजाबाद।** जनपद के सिरसागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंराव खुर्द में शुक्रवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना घटी। स्कूल जा रहे साइकिल सवार भाई बहन को एक बेकाबू ट्रैक्टर ने रौंद दिया। इस भीषण हादसे में लगभग 18 वर्षीय छात्रा हेमलता उर्फ हेमा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसका छोटा भाई मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद से गांव में भारी आक्रोश पैदा हो गया और परिजनों और ग्रामीणों ने 3 घंटे तक हेमलता के शव को नही उठने दिया और गांव की सड़क को जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अंराव खुर्द निवासी देवेंद्र सिंह की पुत्री हेमलता और पुत्र मोहित शुक्रवार सुबह साइकिल से सिरसागंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल जा रहे थे। हेमलता कक्षा 10वीं की छात्रा थी और मोहित 8वीं में पढ़ता है। जैसे ही वह गांव की मुख्य सड़क पर पहुंचे, पास के ही एक ईंट भट्ठे पर लगे ट्रैक्टर और मिट्टी मिक्सचर मशीन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने मृतका के शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और करीब तीन घंटे तक पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि ईंट भट्ठा स्वामी को तुरंत मौके पर बुलाया जाए और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। घटना की सूचना मिलते ही सिरसागंज थाना पुलिस के अलावा अन्य थानों का पुलिस फोर्स और सीओ जसराना प्रेम प्रकाश पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायल मोहित को तत्काल फिरोजाबाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। मृतका के चाचा अभिलाख ने बताया हमारे भतीजे और भतीजी साइकिल से स्कूल जा रहे थे। तभी ईंट भट्ठे के मिट्टी बनाने वाले ट्रैक्टर (मिक्सर मशीन) ने उन्हें टक्कर मार दी। भतीजी हेमलता की मौके पर ही मौत हो गई और भतीजा मोहित गंभीर रूप से घायल है।

सीओ जसराना प्रेम प्रकाश पांडेय ने बतायाथाना सिरसागंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अंराव खुर्द एक दुखद घटना हुई है। दो बच्चे, मोहित और उसकी बहन हेमलता उर्फ रौनक, जो देवेंद्र सिंह के पुत्र-पुत्री हैं, स्कूल जा रहे थे। इसी दौरान मिट्टी से लदे एक ट्रैक्टर-मिक्सर का हाइड्रोलिक अचानक टूट गया, जिससे बच्चे उसकी चपेट में आ गए।

## हेरोइन तस्करी मामले में नाइजीरियाई सप्लायर एएनटीएफ ने दिल्ली से किया गिरफ्तार

**मथुरा/आगरा।** उप्र पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आगरा जोन की एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट ने इस मामले में नाइजीरिया के नागरिक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है, जो मथुरा सहित कई जिलों में हेरोइन की सप्लाई कर रहा था। ज्ञात रहे कि इस पूरे मामले की शुरुआत 8 अक्टूबर 2025 को मथुरा के थाना नौहझील क्षेत्र से हुई थी। नौहझील पुलिस द्वारा बाजना कट के पास चैकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों वकार और फैजल को करब एक किलो हेरोइन के साथ पकड़ा था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और आगे की विवेचना एएनटीएफ आगरा जोन को सौंपी गई। विवेचना के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें हेरोइन की सप्लाई एक नाइजीरियाई नागरिक द्वारा की जाती थी, जो दिल्ली में रहकर पूरे नेटवर्क का संचालन कर रहा था। एएनटीएफ टीम ने तकनीकी सर्विलांस, मोबाइल डेटा विश्लेषण और अन्य भौतिक साक्ष्यों के आधार पर मुख्य सप्लायर की पहचान की। मुख्य आरोपी की पहचान इके प्रिंस (41) पुत्र इके चुकु निवासी लागोस (नाइजीरिया) के रूप में हुई। आरोपी वर्तमान में दिल्ली के फतेहपुर बेरी, असोला क्षेत्र में रह रहा था। 25 दिसंबर को एएनटीएफ आगरा जोन की टीम ने उसे दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी नाइजीरियाई नागरिक अवैध रूप से भारत में रह रहा था। उसके पास न तो वैध पासपोर्ट था और न ही वीजा। इस कारण एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई के साथ विदेशी अधिनियम के अंतर्गत भी उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। जाँच में यह ज्ञात हुआ कि अभियुक्त आईके प्रिंस एक विदेशी नागरिक है और वह बिना किसी वैध पासपोर्ट अथवा वीजा के अवैध रूप से भारत में निवास कर रहा था। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम में हवेंद्र मिश्रा टीम प्रभारी, उ.नि. गौरव शर्मा एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा जोन आगरा। मु.आ. सुधीर कुमार एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा जोन आगरा। मु०आ० अजीत सिंह एएनटीएफ ऑपरेशनल यूनिट आगरा जोन आगरा आदि शामिल रहे।

# वीर बाल दिवस पर निकला पथ संचलन

## चारों साहिबजादों का बलिदान अद्वितीय : अजीत महापात्र



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बलराम भाग के विद्यार्थी कार्य विभाग द्वारा वीर बाल दिवस पर पथसंचलन निकाला गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गौ संवर्धन प्रमुख एवं अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत महापात्र रहे।

कार्यक्रम मुख्य वक्ता द्वारा वीरबाल दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरुगोविंद सिंह के चारों पुत्रों ने देश धर्म के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया, जिसमें दो तो भी युवक थे पर छोटे वाले दोनों साहिबजादे तो नन्हे मुन्ने ही थे पर फिर भी हंसते हंसते बलिदान हो गए। इन छोटे छोटे बालकों से सीख लेकर युवाओ को भी इस देश और समाज के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देने के लिए तैयार रहना चाहिए, दोनों बड़े साहिबजादे बड़ी वीरता के साथ युद्ध लड़ते हुए चमकौर की लड़ाई में शहीद हुए थे उनसे सीख लेकर बच्चो को अपने विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ साथ बल का भी सामर्थ्य स्थापित करना चाइए विद्याथियो को अपने जीवन में सभी पहलुओं पर विचार करके देश को सबसे पहली कसौटी पर रखना चाहिए इस कार्यक्रम में भाग के संघचालक राकेश शर्मा महानगर विद्यार्थी प्रचारक अजय महानगर सह विद्यार्थी प्रमुख मोहन दास भाग प्रचारक रोहितास कृष्ण भाग विद्यार्थी प्रमुख निशांत, मयंक, आकाश, सुबोध, आकाश शर्मा, कृष्ण सुदर्शन, प्रणव, अनुराग आदि स्वयंसेवक कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में 247 स्वयंसेवकों ने भाग लिया बाल पथ संचलन श्रीजी बाबा विद्या मंदिर से होते हुए गोवर्धन चैराहा से वापसी होकर पुनः श्रीजी बाबा विद्या मंदिर में आकर समाप्त हुआ।

## 25 हजार का साइबर अपराधी गिरफ्तार

**मथुरा।** बीतीरात गोवर्धन पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद 25 हजार के इनामी साइबर अपराधी कैफ को गिरफ्तार किया। जवाबी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। गिरफ्तार आरोपी कैफ, पुत्र हन्नी निवासी देवसेरस (गोवर्धन), एक शातिर साइबर अपराधी है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह देवसेरस के जंगलों व खेतों में छिपकर फर्जी सिम कार्ड का उपयोग कर देश के विभिन्न राज्यों के लोगों को निशाना बनाता था। ठग कभी अधिकारी बनकर, कभी परिचित बनकर लोगों के बैंक खातों में सेंध लगाते थे। एसएसपी मथुरा के निर्देश पर चलाए गए पिछले अभियानों में कई साइबर अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है।

# टूंडला प्रेस क्लब पत्रकारों के सम्मान सुरक्षा व अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध



**टूंडला।** टूंडला प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक स्टेशन रोड स्थित होटल जे.एस में क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय की उपस्थिति व अध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पत्रकारों की समस्याओं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने अपने विचार खुलकर रखे और आपसी सहयोग पर बल दिया। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि टूंडला प्रेस क्लब प्रत्येक पदाधिकारी के सम्मान सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। संगठन पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि टूंडला प्रेस क्लब एक पंजीकृत पत्रकार संगठन है, जिसकी पंजीयन संख्या एफआइआर 00209/2023/2024 है। जिसके वरिष्ठ पत्रकार राजू उपाध्याय संस्थापक हैं, टूंडला प्रेस क्लब सदैव पत्रकार हित में निरंतर कार्य कर रहा है और स्वतंत्र रूप से कार्य करता रहेगा। टूंडला प्रेस क्लब का अन्य किसी प्रेस संगठन से कोई संबंध नहीं है। बैठक में कुछ नए पत्रकार क्लब से जुड़े जिन्हें अध्यक्ष सोमेंद्र पोनिया ने सम्मान सहित टूंडला प्रेस क्लब में शामिल किया। बैठक में महेश ठेनुआ विमल किशोर, विवेक शर्मा, देवेंद्र प्रताप सिंह राकेश गौतम अजय मिश्रा संतोष शर्मा कपिल देव जाविद अली योगेंद्र सिंह धीरज बघेल रामप्रकाश गौतम कुलदीप उपाध्याय रविन्द्र गौतम, उपेंद्र यादव जगदीश भारद्वाज आदि क्लब के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## कोल्ड स्टोरेज में मारपीट, चलीं ताबड़तोड़ गोलियां, कर्मचारियों में मची अफरातफरी

**आगरा।** मारपीट में ठेकेदार जावेद और अनीश घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना खंदौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। देर रात तक किसी भी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी। खंदौली के ग्राम पीलीपोखर के समीप ग्रीन स्टार कोल्ड स्टोरेज में बृहस्पतिवार की शाम लेनदेन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग भी की गई। गोलियां चलने से अफरातफरी मच गई। घटना में दो ठेकेदार घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। कमला नगर निवासी मुकेश गुप्ता का पीलीपोखर क्षेत्र में ग्रीन स्टार नाम से कोल्ड स्टोरेज है। इसी परिसर में आलू की मशीन व थ्रेशर बनाने का कार्य चल रहा था। पुलिस के मुताबिक बृहस्पतिवार की शाम करीब पांच बजे सादाबाद के रहने वाले 20-25 लोग गाड़ियों में सवार होकर कोल्ड स्टोरेज पहुंचे। यहां आलू की मशीन बनाने वाले ठेकेदार जावेद और अनीश से पुराने लेनदेन के कारण इनका विवाद हो गया। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। देखते ही देखते दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग की गई। गोलियों की आवाज से मजदूरों व कर्मचारियों में दहशत फैल गई। मारपीट में ठेकेदार जावेद और अनीश घायल हो गए। सूचना पर पहुंची थाना खंदौली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। देर रात तक किसी भी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी। थाना प्रभारी ने बताया कि घायल ठेकेदार पूर्व में सादाबाद के किसी अन्य कारखाने में कार्य करता था। वहीं से काम छोड़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच लेनदेन को लेकर विवाद चला आ रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोल्ड स्टोर मे लगे सीसीटीवी कैमरो को चेक किया जा रहा है।

# सर्दी से राहत देने के लिए एसडीएम ने बांटे कंबल



**टूंडला।** सर्दियों के मौसम में सरकार की मंशा है कि ठंड से बचाव को हर गरीब असहाय को कंबल वितरण हो, जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना के तहत प्रशासन को शासन की तरफ से हर पात्र व्यक्ति को कंबल वितरण के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कोई भी गरीब असहाय ठंड में न ठिठुरे, शासन की मंशा के अनुरूप तहसील टूंडला में भी प्रशासन द्वारा गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किए जा रहे हैं। भीषण ठंड को देखते हुए प्रशासन द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के गांव नागऊ में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान गांव में रहने वाले बेसहारा वृद्ध एवं जरूरतमंद लोगों को उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा ने कंबल वितरित किए। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने बताया कि ठंड के दौरान किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, इसके लिए लगातार शासन की मंशा के अनुरूप राहत कार्य किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कंबल वितरण से गरीबों को ठंड से काफी राहत मिलेगी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## घर के बाहर बुजुर्ग को पीटा, अस्पताल में तोड़ दिया दम, गांव में तनाव की स्थिति

**आगरा।** पड़ोसी ने बुजुर्ग किसान से मारपीट कर दी। घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से परिजनों में आक्रोश है। थाना शमसाबाद के गांव जारौली में घर के बाहर ताश खेल रहे लोगों को न टोकने पर गांव के एक परिवार ने 66 वर्षीय किसान अतर सिंह की पिटाई कर दी। बचाने आए परिजन को भी पीटा। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई। घायल किसान को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान बुधवार रात को किसान की मौत हो गई। घटना से गांव में तनाव है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की पुष्टि हुई है। घटना मंगलवार सुबह की है। गांव जारौली निवासी अतर सिंह किसान थे। बेटे अनिल और जैकी ने बताया कि घर के बाहर अक्सर गांव के लोग आकर ताश खेलने लगते हैं। चबूतरे और चारपाई बिछाकर बैठ जाते हैं। इससे पड़ोसी विवाद करता है। घटना वाले दिन पिता घर के बाहर चबूतरे पर बैठे हुए थे। तभी पड़ोसी आया और पिता से उलझ गया। कहा कि घर के बाहर ताश क्यों खिलाते हो।' पिता ने कहा कि वह किसी को बैठने के लिए नहीं कहते हैं। अगर आपको परेशान हो रही है तो मना कर दो। इस बात पर आरोपी ने गाली-गलौज की। विरोध पर पिता को पीटना शुरू कर दिया। परिवार के लोग बचाने आए तो आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया और सभी के साथ मारपीट की। पिटाई से अतर सिंह घायल हो गए। घटना के बाद हमलावर भाग गए। अतर सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया, बुधवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से परिजन में आक्रोश है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन ने अभी तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसान की हार्टअटैक से मौत की पुष्टि हुई है। अभिषेक अग्रवाल डीसीपी पूर्वी ने कहा कि अभी तक परिजन ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## आगरा में 5 बदमाशों ने व्यापारी से लूटी चांदी बोरे नहीं उठे तो स्कूटर सहित ले गये

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने व्यापारी से 5 लाख रुपये की चांदी का स्क्रैप लूट लिया। वारदात बृहस्पतिवार रात नुनिहाई रोड पर हुई, जब व्यापारी मोहसिन और उनका कारीगर फरहान स्कूटी से घर लौट रहे थे। बदमाशों ने उन्हें रोककर पिटाई की और तमंचे की बट से मारा। इसके बाद स्कूटी और दो बोरों में रखे माल को लेकर फरार हो गए। मोहसिन ने बताया कि वह कोतवाली बाजार के चांदी कारोबारियों का स्क्रैप खरीदते हैं और उसे शाहदरा में गलाई कारखाने में लाते हैं। बुधवार को उन्होंने 50 किलो माल खरीदा था, जिसे बृहस्पतिवार शाम को वह फरहान के साथ स्कूटी से घर ले जा रहे थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और लूटपाट की। वारदात के बाद मोहसिन और फरहान थाना एत्माद्दौला पहुंचे और पुलिस को आपबीती बताई। पुलिस ने तीन टीमों को बदमाशों की धरपकड़ में लगाया है और तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसओजी-सर्विलांस टीम को भी लगाया गया है। पीड़ित ने बताया कि बदमाश दोनों बोरों को लेकर जाना चाहते थे दो बदमाशों ने बोरों को उठाने का प्रयास किया लेकिन उठा नहीं सके इस पर स्कूटर को स्टार्ट करके ले गए, वह जिस रास्ते से आए थे उसी रास्ते की तरफ भाग गए

## भाजपाइयों ने जोरावर सिंह व फतेह सिंह के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया



**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों द्वारा टूंडला नगर के गुरुद्वारा सभा में धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले गुरु गोविंद सिंह के वीर साहबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के बलिदान दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया गुरुद्वारा सभा में सकीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष फिरोजाबाद प्रभारी बृज बहादुर भारद्वाज एवं जिला अध्यक्ष भाजपा उदय प्रताप सिंह रहे प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि औरंगजेब ने वीर साहबजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह को धर्म परिवर्तन के लिए कहा लेकिन वीर बालकों ने धर्म परिवर्तन से साफ मना कर दिया अत 26 दिसंबर 1705 को औरंगजेब ने दोनों बालकों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर 2022 से इस दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की आज इस दिवस को मनाने के लिए हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के दोनों शहजादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह ने अत्याचार के सामने झुकने के बजाय अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया सिख समुदाय की महान गाथा उनका अमर बलिदान देश के बच्चों को यह सीख देता है कि उम्र कोई मायने नहीं रखती 7 एवं 9 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपने धर्म के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए कार्यक्रम के उपरांत गुरुद्वारा सभा एवं लायंस क्लब टूंडला की ओर से रक्तदान शिविर भी लगाया गया जिसमें 107 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष टूंडला दिनेश गुप्ता गुरुद्वारा सभा प्रधान मनप्रीत सिंह मनु सरदार मनमोहन सिंह काके शिव शंकर शर्मा सुशील चक आकाश शर्मा विष्णु तिवारी मुकेश धाम विवेक वर्मा बलवीर सिंह यशपाल सिंह गुरप्रीत सिंह कुलविंदर सिंह इंद्रपाल सिंह मनविंदर सिंह सनी बजाज गुरमुख लीना मदान राजीव जैन महेंद्र झा विनोद बाबू कौशल तिवारी सुनील पाठक देवांशु उपाध्यक्ष हरीश चंदानी पवन चक विनोद चौहान गौरव सिसोदिया अग्रज जैन दिलीप गौड प्रितपाल सिंह सरदार सोनू कश्यप शैंकी सरदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मंत्री का फर्जी पत्र लगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**आगरा।** कॉन्वेंट स्कूलों में प्रवेश दिलाने के नाम पर रकम ऐंठने का मामला सामने आया है। हरीपर्वत थाना क्षेत्र में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य का फर्जी पत्र बनाकर स्कूलों में दबाव बनाया था। डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि मंत्री बेबी रानी मौर्य के नाम से दो बच्चों के दाखिले के लिए स्कूलों में सिफारिशी पत्र भेजे गए थे, जो फर्जी पाए गए। पुलिस ने तरुण बनर्जी और जैद अहमद को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य आरोपी शेर सिंह और मलिक फरार हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मोहम्मद इकबाल और अमन के बच्चों का दाखिला कराने के लिए 50-50 हजार में ठेका लिया था। उन्होंने मंत्री के फर्जी हस्ताक्षर कर पत्र बनवाए और स्कूलों में जमा कर दिए। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है। थाना प्रभारी का कहना है कि तरुण बनर्जी बिल्डिंग ठेकेदार है वह रिपेयरिंग का काम करता है वहीं जेड की सदर में टेलर की दुकान है उनके पड़ोस में ही मालिक भी रहता है जेड और मालिक ने बच्चों के अभिभावकों से बात की थी वही तरुण सिंह ने शेर सिंह की मदद से पत्र छपाई थे इसके बाद तरुण स्कूल में पत्र लगाने गया था अब पुलिस यह पता कर रही है कि पत्र कहां पर छुपाए गए यह शेर सिंह की गिरफ्तारी के बाद ही पता चलेगा। मोहम्मद इकबाल और अमन ने स्कूल में प्रवेश के लिए बात की थी। एक ने अपने बच्चों का नर्सरी में प्रवेश के लिए सेंट फेलिक्स स्कूल तो दूसरे ने अपनी बच्ची का कक्षा एक में सेंड पैट्रिक्स में प्रवेश के लिए फॉर्म भरा था। दोनों एजेंटों के झांसे में आ गए थे वह यह सोच रहे थे की प्रवेश मिल जाएगा। पुलिस ने दोनों अभिभावकों से भी बात की।

# विप्रा उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन ने संभाला पदभार

- अतिक्रमण और भूमाफियाओं पर होगी सख्त कार्रवाई

**मथुरा (मधुसूदन शर्मा)।** अतिक्रमण और भूमाफियाओं के खिलाफ मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण सख्त कार्यवाही करेगा। यमुना की खादर में बनने वाले निमार्णों को सख्ती से रोका जायेगा और जो निर्माण पूर्व में हो चुके हैं उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर उन्हें हटाया जायेगा, जिससे यमुना के बाढग्रस्त होने पर लोगों को परेशानी न हो। उन्होने कहा कि अवैध निर्माण की सूची तैयार कर नियमानुसार ध्वस्तीकरण और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन बिल्डरों और संस्थाओं पर प्राधिकरण का बकाया है, उसकी वसूली को भी प्राथमिकता दी जाएगी। यह बात आज मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की नवागत उपाध्यक्ष आईएएस लक्ष्मी एन ने कही।



राजकीय संग्रहालय परिसर स्थित मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण कार्यालय सभागार में शुक्रवार को मीडिया से संवाद करते हुए उपाध्यक्ष लक्ष्मी नागपन ने कहा कि मथुरा केवल एक शहर नहीं बल्कि एक जीवंत आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर है। यहां कार्य करने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। यह क्षेत्र संवेदनशील होने के साथ साथ विशेष महत्व भी रखता है इसलिए विकास कार्यों में विरासत संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विकास और विरासत की बात पर कहा कि एमवीडीए के बाईलॉज में भी हेरिटेज का बहुत कुछ है। बिना इसकी छेड़छाड़ किए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी एमवीडीए की है। वर्ष 2031 तक का मेगा प्लान बना है उसे पूर्ण रूप से नियमानुसार पालन कराऐंगी। बिल्डरों पर करोड़ों रुपए ईडीसी बकाया के वसूली के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि अभी तो उन्हें एक ही दिन हुआ है, तो वह नोटिस देकर कार्यवाही करायेंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विकास परियोजनाओं में तेजी देखने को मिलेगी। विकास प्राधिकरण का सीधा संबंध आमजन से होता है इसलिए जनता से जुड़े सभी कार्य तय समय सीमा में पूरे किए जाएंगे। कार्यों में लापरवाही या अनावश्यक परेशान करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि अवैध निर्माणए अवैध कॉलोनियों और खादर क्षेत्र में हो रहे निमार्णों का गंभीरता से अध्ययन कराया जाएगा। ऐसे सभी गतिविधियों को पूरी तरह रोका जाएगा। साथ ही जिन बिल्डरों या संस्थाओं पर विकास प्राधिकरण का बकाया हैए उसकी वसूली भी सुनिश्चित की जाएगी। यमुना खादरों में बन रहे होटल भवन एवं गेस्ट हाउस आदि अवैध कालोनियों के प्रश्न पर उपाध्यक्ष ने कहा कि अवैध कालोनियों के विरूद्ध टाइम बाउंड अभियान चलाया जाएगा। लिस्ट बनाकर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करेंगी। सरकार की मंशा भू.माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाने की है। उसे शत प्रतिशत पूरा किया जाएगा। कालोनी विकसित करने में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाएगा। इस कार्य को वह स्वयं देखेंगी। पत्रकार वार्ता में विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### टाटा ईवी ने 250000 ईवी बिक्री का आंकड़ा पार किया

मुंबई। टाटा मोटर्स ने आज भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। सड़क पर 250,000 से अधिक टाटा ईवी वाहनों की मौजूदगी के साथ कंपनी ने भारत के बढ़ते इलेक्ट्रिक पैसेंजर वाहन सेगमेंट में अग्रणी और मार्केट लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।यह उपलब्धि ऐसे समय में आई है जब इलेक्ट्रिक मोबिलिटी भारतीय ऑटोमोटिव बाजार के हाशिए से निकलकर मेनस्ट्रीम की ओर मजबूती से बढ़ रही है—एक ऐसा डेवलपमेंट है जिसे आकार देने में टाटा मोटर्स ने केंद्रीय भूमिका निभाई है।2020 में अपनी पहली मुख्यधारा की इलेक्ट्रिक कार नेक्सन ईवी के लॉन्च के बाद से, टाटा ईवी ने लगातार बाजार का नेतृत्व किया है।

### बिरला ओपस रिप्ले ने रंगों की पसंदों को उजागर किया

नयी दिल्ली। बिरला ओपस पेंट्स ने पहली बार बिरला ओपस रिप्ले शुरू किया है।यह वर्ष 2025 में भारत में लोगों ने कौन-से रंग चुने और उन्हें कैसे महसूस किया, इसकी आसान और साफ झलक देता है। उत्तर भारत में मौसम बदलता रहता है और यहाँ पुराने यहाँ पुराने इलाकों के साथ-साथ नए शहर भी बढ़ रहे हैं। इसलिए लोग ऐसे रंग चुनते हैं जो पूरे साल अच्छे और सुंदर लगें। यहाँ घरों को फैशन के हिसाब से नहीं, बल्कि सादा और सौम्य रखा जाता है।बिरला ओपस रिप्ले के अनुसार, वर्ष 2025 में उत्तर भारत में हल्के और साधारण रंग सबसे ज्यादा पसंद किए गए।मिट्टी जैसे शांत और हल्के रंग लोगों को अच्छे लगे। फोर्ट कोची रंग सबसे पसंदीदा रहा, जो दिखाता है कि यहाँ लोग ऐसे रंग चाहते हैं जो लंबे समय तक अपनी शोभा बरकरार रहते हैं।

### स्टोवक्राफ्ट ने की 15वें संस्करण की घोषणा

बेंगलुरु। स्टोवक्राफ्ट ने अपनी लोकप्रिय दिसंबर सेल के 15वें संस्करण का एलान किया है। इस दौरान अनूठे कॉम्बे ऑफर मिलेंगे।इस सेल में प्रेशर कुकर व इंडक्शन कुकटॉप कॉम्बो, ब्रेकफास्ट कॉम्बो (केतली, वाटर बोतल, पॉप अप टोस्टर) और एलपीजी गैस स्टोव एवं कुकवेयर कॉम्बो समेत कई शानदार कॉम्बो ग्राहकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। इन कॉम्बो को देशभर में पीजन के करीब 1,25,000 रिटेल स्टोर, मॉडर्न ट्रेड आउटलेट और पीजन के एक्सक्लूसिव स्टोर्स के अलावा रीजनल रिटेल स्टोर्स से प्राप्त किया जा सकता है। कुकवेयर और अन्य अप्लायंस को किफायती दाम में उपलब्ध कराया जाता है।2012 में शुरूआत के बाद से पीजन की सालाना दिसंबर सेल अपनी श्रेणी में सबसे आइकॉनिक मार्केटिंग इवेंट्स में शुमार हो गई है।

### टीटीके प्रेस्टीज ने लॉन्च किया न्यू ईयर बोनांजा 2025

नयी दिल्ली। इस फेस्टिव सीजन और नए साल की खुशियों को और बढ़ाने के लिए, टीटीके प्रेस्टीज ने अपने बहुप्रतीक्षित कैंपेन न्यू ईयर बोनांजा 2025 की शुरूआत की है। इस विशेष अभियान के तहत, कंपनी अपने किचनवेयर और किचन अप्लायंसेज की विस्तृत रेंज पर अविश्वसनीय छूट और आकर्षक उपहार पेश कर रही है। ये ऑफर्स टीटीके प्रेस्टीज के आधुनिक और बेहतरीन प्रदर्शन वाले किचन प्रोडक्ट्स को अब ग्राहकों के लिए और भी किफायती बना देंगे। यह विशेष पहल टीटीके प्रेस्टीज की गौरवशाली विरासत का जश्न मनाने के साथ-साथ भारतीय परिवारों को बेहतरीन वैल्यू और आधुनिक किचन सॉल्यूशंस प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। इस 'न्यूईयर बोनांजा' में हमारे वफादार ग्राहकों के साथ-साथ नए ग्राहक भी बड़ी बचत और एक्सक्लूसिव फायदों का लाभ उठा सकते हैं।

### एक्स मास्टर्स के पहले एडिशन के विजेताओं की घोषणा

नयी दिल्ली।एक्स मास्टर्स के पहले एडिशन के विजेताओं की घोषणा की है।एक्स मास्टर्स एक नेशनल बारटेंडिंग प्लेटफॉर्म है, जिसे भारत के मेट्रो सिटीज से बाहर के उभरते टैलेंट्स को डियाजियो वर्ल्ड क्लास इकोसिस्टम से जोड़ने के लिए बनाया है।डियाजियो बार एकेडमी के सहयोग से संचालित होने वाले इस अनोखे पहल के अंतर्गत लर्निंग, मेंटरशिप और लाइव कंपटीशन को साथ लाया गया है जिससे लोकल बार्स के टैलेंट को नेशनल और ग्लोबल स्टेज तक जाने का रास्ता तैयार किया जा सके। आठ शहरों में आयोजित मल्टी-सिटी चयन प्रक्रिया के बाद, जयपुर के 1932 ट्रेवी से माही राजपूत और इंदौर के एटेलियर वी से करण ढाणेलिया को शीर्ष दो बारटेंडर्स के रूप में चुना गया।

# सेंसेक्स में 367 अंकों की गिरावट




मुंबई। विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू स्तर पर किसी बड़े सकारात्मक संकेत के अभाव में शुक्रवार को स्थानीय मानक बीएसई सेंसेक्स 367 अंक गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी 100 अंकों के नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 367.25 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 85,041.45 अंक पर बंद हुआ जो इसकी गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। कमजोर कारोबार के बीच एक समय यह 470.88 अंक टूटकर 84,937.82 के स्तर तक आ गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 26,042.30 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी लगातार दूसरे दिन नुकसान के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इटर्नल और सन फार्मा के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, टाइटन, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। भारतीय शेयर बाजारों ने कुल मिलाकर सतर्क रुख के साथ कारोबार किया। किसी मजबूत वैश्विक संकेत के अभाव और विदेशी निवेशकों की निकासी जारी रहने से साल के अंतिम दिनों में शेयर कारोबार की संख्या सीमित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इस परिवेश में निवेशकों ने आईटी, रियल एस्टेट और ऊर्जा खंडों में चुनिंदा मुनाफावसूली की जबकि कुछ बैंकों एवं धातु शेयरों ने अपनी मजबूती दिखायी। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.34 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.18 प्रतिशत की सुस्ती रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में फोकस आईटी खंड में 1.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि आईटी खंड में 0.89 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 0.59 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड में 0.54 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.54 प्रतिशत की गिरावट रही। क्रिसमस की छुट्टी के कारण इस सप्ताह कारोबारी गतिविधियां सीमित रहीं। इस सप्ताह सेंसेक्स में कुल 112.09 अंक यानी 0.13 प्रतिशत और निफ्टी में 75.9 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की तेजी रही। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को l,721.26 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2,381.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

# रुपया 15 पैसे कमजोर होकर 89.86 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निकासी के दबाव में रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 15 पैसे टूटकर 89.86 (अस्थायी) के भाव पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में सुधार, आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग आने और व्यापार समझौते से जुड़ी अनिश्चितताओं के बीच जोखिम से बचने की प्रवृत्ति ने निवेशक धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.84 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान एक समय 89.94 के निचले स्तर तक चला गया। हालांकि कारोबारी सत्र के अंत में रुपया कुछ नुकसान की भरपाई करते हुए 89.86 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो इसके पिछले बंद भाव से 15 पैसे कम है। बुधवार को रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर डॉलर के मुकाबले आठ पैसे टूटकर 89.71 पर बंद हुआ था। क्रिसमस के अवसर पर बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा और शेयर बाजार बंद रहे थे। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि नए साल की छुट्टियों से पहले विदेशी निवेशकों की तरफ से लगातार पूंजी निकासी किए जाने से भी रुपये पर दबाव बना रहा। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत बढ़कर 98.07 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 62.41 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 367.25 अंक गिरकर 85,041.45 पर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी 99.80 अंक टूटकर 26,042.30 पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को l,721.26 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की थी।

# छोटे उद्योगों को दिया गया कुल कर्ज 46 लाख करोड़

नयी दिल्ली। छोटे उद्योगों पर बकाया कुल कर्ज बढ़कर 46 लाख करोड़ रुपये हो गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक 30 सितंबर तक इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सीआरआईएफ हाई मार्क - सिडबी की रिपोर्ट में कहा गया कि सक्रिय ऋण खातों की संख्या 11.8 प्रतिशत बढ़कर 7.3 करोड़ हो गई है। नीतिगत समर्थन और एमएसएमई (छोटे एवं मझोले उद्यम) के लिए सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं ने इस गति को बनाए रखने में मदद की है रिपोर्ट में कहा गया कि विभिन्न श्रेणियों में पोर्टफोलियो की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। ऐसे में 91 से 180 दिनों तक की देरी वाले ऋण सितंबर 2025 तक घटकर लगभग 1.4 प्रतिशत रह गए, जो सितंबर 2023 में 1.7 प्रतिशत थे। उद्यमों का जोखिम प्रोफाइल लगातार कम बना हुआ है। एकल स्वामित्व वाले कारोबारों में भी स्थिर सुधार देखा गया है और सितंबर 2023 से सितंबर 2025 के बीच बहुत कम और कम जोखिम वाले उधारकर्ताओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया कि एकल स्वामित्व वाले कारोबार का कुल कर्ज में अधिक हिस्सा है। कुल कर्ज का लगभग 80 प्रतिशत और उधारकर्ताओं का करीब 90 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं का है। सितंबर 2025 तक 23.3 प्रतिशत उधारकर्ता नये थे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.36 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि 19 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.368 अरब डॉलर बढ़कर 693.318 अरब डॉलर हो गया।

इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार में 1.69 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार 19 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 1.64 अरब डॉलर बढ़कर 559.43 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 2.62 अरब डॉलर बढ़कर 110.36 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) आठ करोड़ डॉलर बढ़कर 18.74 अरब डॉलर हो गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ भारत की आरक्षित स्थिति भी इस सप्ताह 9.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.78 अरब डॉलर हो गई।

# दिल्ली में चांदी 9350 रुपये बढ़कर 2.36 लाख रुपये किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत शुक्रवार को 9,350 रुपये बढ़कर 2,36,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

बुधवार को चांदी की कीमत 2,27,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही थी। पिछले चार कारोबारी सत्रों में चांदी की कीमत 32,250 रुपये यानी 15.8 प्रतिशत बढ़ी है। यह 19 दिसंबर को 2,04,100 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इस साल चांदी की कीमत 31 दिसंबर, 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी और तब से इसमें l,46,650 रुपये यानी 163.5 प्रतिशत की तेजी आई है। इस बीच, सोने की कीमतों ने स्थानीय सर्राफा बाजार में अपनी तेजी बरकरार रखी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत l,500 रुपये बढ़कर l,42,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह पिछले कारोबारी सत्र में l,40,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। इस साल अब तक, सोने की कीमतों में 31 दिसंबर, 2024 को दर्ज 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से 63,350 रुपये यानी 80.24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भी कीमती धातुओं की तेजी जारी रही, जिसमें सोना और चांदी एक बार फिर नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए।

# 2026 में परिवहन मंत्रालय के एजेंडे में सड़क सुरक्षा शीर्ष पर



नयी दिल्ली। देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध, बाधारहित टोलिंग को लागू करना और एक नया सड़क सुरक्षा विधेयक पारित कराना 2026 में सड़क परिवहन मंत्रालय की शीर्ष प्राथमिकताएं होंगी।

मंत्रालय सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने पर खासतौर से जोर दे रहा है। इस समय सड़क दुर्घटनाओं में हर साल लगभग 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। सड़क परिवहन मंत्रालय ने अगले साल उद्घाटन के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे की एक प्रभावशाली सूची तैयार की है। इनमें लंबे समय से लंबित l,362 किलोमीटर लंबा दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे (नवंबर 2026 तक पूरा होगा), अमृतसर-जामनगर राजमार्ग (दिसंबर 2026 तक), बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे (जून 2026 तक), अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेसवे (मार्च 2026 तक), इंदौर-हैदराबाद राजमार्ग (मई 2026 तक) और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे (जनवरी 2026 तक) शामिल हैं। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक साक्षात्कार में कहा, हम देशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध, बाधारहित टोलिंग प्रणालियां स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। शुरुआती तौर पर इसके लिए हमने 10 निविदाएं निकाली हैं। टोल संग्रह की लागत वर्तमान में कुल टोल संग्रह के लगभग 15 प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत तक आ जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर सालाना 5060 हजार करोड़ रुपये का टोल संग्रह होता है, तो साल में लगभग 8,000 करोड़ रुपये तक की बचत हो सकती है। इससे खामियां भी दूर होंगी और टोल प्लाजा पर प्रतीक्षा समय भी घटेगा। यह नई प्रणाली एकीकृत प्रौद्योगिकियों के उपयोग से बाधारहित टोलिंग को बढ़ावा देती है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित विश्लेषण के साथ स्वचालित नंबर प्लेट पहचान और आरएफआईडी आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली फास्टैग शामिल है। सड़क सुरक्षा के बारे में गडकरी ने कहा कि मंत्रालय एक नया सड़क सुरक्षा विधेयक तैयार करेगा, जिसे संसद के अगले सत्र में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम लगातार सड़क सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसमें कई समस्याएं हैं। हम फिर से प्रयास करेंगे और एक नया सड़क सुरक्षा विधेयक लाएंगे, और हमारा प्रयास रहेगा कि इसे अगले ही सत्र में संसद के समक्ष रखा जाए। 13 किलोमीटर लंबी जोजिला सुरंग परियोजना, जो एशिया की सबसे लंबी सुरंग बनने जा रही है, का उद्घाटन भी अगले वर्ष अप्रैल में किया जाएगा।

# सरकार का इस्पात उत्पादन बढ़ाने कच्चे माल की सुरक्षा पर होगा जोर

नयी दिल्ली। सरकार आने वाले वर्ष में इस्पात उत्पादन बढ़ाने और कच्चे माल की सुरक्षा को प्राथमिकता देती रहेगी, क्योंकि भारत 2030 तक 30 करोड़ टन की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता हासिल करने के अंतिम पांच वर्षों में प्रवेश कर चुका है। क्षमता विस्तार के साथ ही कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाने, हरित इस्पात क्षमता को बढाने और घरेलू उद्योगों तथा निर्यात बाजारों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष और उच्च-स्तरीय इस्पात के उत्पादन पर जोर बना रहेगा।

इस्पात मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा इस्पात उत्पादक है और सरकार की विभिन्न नीतियों के कारण इस्पात की मांग को लगातार समर्थन मिल रहा है। हालांकि उद्योग के सामने चुनौतियां भी हैं, जिनमें बढ़ता आयात, कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताएं शामिल हैं। पहले से लागू सुरक्षा और एंटी-डंपिंग उपायों के बावजूद एशियाई बाजारों से आयात, घरेलू उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सरकार ने मई 2017 में महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय इस्पात नीति पेश की थी, जिसका लक्ष्य लगभग 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 20 करोड़ टन से अधिक इस्पात निर्माण क्षमता जोड़ना है। शोध फर्म बिगमिंट के अनुसार नवंबर 2025 तक भारत की स्थापित इस्पात विनिर्माण क्षमता 23.5 करोड़ टन थी और वित्त वर्ष 2025-26 तक इसके लगभग इसी स्तर पर बने रहने का अनुमान है। उत्पादन 11 करोड़ टन के मौजूदा स्तर के मुकाबले 16.7 करोड़ टन रहने का अनुमान है। मार्च 2026 तक प्रति व्यक्ति इस्पात खपत 107 किलोग्राम रहने का अनुमान है, जबकि इस समय यह 105 किलोग्राम है। इस्पात मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि सरकार ने घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें चीन और वियतनाम जैसे देशों से फ्लैट इस्पात उत्पादों के आयात पर सुरक्षा शुल्क और एंटी-डंपिंग शुल्क लगाना शामिल है। मूल्यवर्धित इस्पात को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना लागू की है।

## पेज एक का शेष

### वैभव सूर्यवंशी

के खिलाफ बिहार की ओर से 84 गेंद में 190 रन की विस्फोटक पारी खेली थी जिसमें 16 चौके और 15 छक्के जड़े थे। वह इस पारी के साथ ही लिस्ट ए क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष क्रिकेटर बन गए। उन्होंने महज 14 साल और 272 दिन की उम्र में 36 गेंद में शतक पूरा किया। बिहार ने सूर्यवंशी की ऐतिहासिक बल्लेबाजी की बदौलत छह विकेट पर 574 रन का स्कोर खड़ा किया जो लिस्ट ए क्रिकेट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर भी है।
इससे पहले सूर्यवंशी इस साल जयपुर में राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 गेंद में 101 रन बनाकर पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने वाले खिलाड़ी बन गए थे। उन्होंने 35 गेंद में यह शतक जड़ा था जो आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज सैकड़ा था। भारत की अंडर-19 टीम के इस क्रिकेटर ने इस साल ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ चार दिवसीय मैच में भी शतक जड़ा था।
वहीं गुजरात के सूरत की रहने वाली लक्ष्मी प्रग्निका ने सर्बिया में 2025 फिडे विश्व स्कूल्स शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-7 बालिका खिताब जीता था जिसमें उन्होंने नौ में से नौ अंक हासिल किए थे। कर्नाटक की तैराक धिनिधि देसिंघु ने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था और वह इस महाकुंभ में भाग लेने वाली भारत की सबसे कम उम्र की एथलीट बनीं।

### राष्ट्र प्रेरणा

का यह उत्सव सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश की सराहना करते हुए कहा कि आज यूपी देश के पर्यटन मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम दुनिया में उत्तर प्रदेश की नई पहचान के प्रतीक बन रहे हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल जैसे आधुनिक निर्माण उत्तर प्रदेश की नई छवि को और अधिक रोशन बनाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा उत्तर प्रदेश सुशासन, समृद्धि और सच्चे सामाजिक न्याय के मॉडल के रूप में और बुलंदी हासिल करे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 25 दिसंबर भारत के इतिहास और मूल्यों से जुड़ा अत्यंत प्रेरक दिन है। इसी दिन भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और महामना मदन मोहन मालवीय का जन्म हुआ था। इन महापुरुषों ने भारत की अस्मिता, एकता और गौरव की रक्षा की और राष्ट्र निर्माण में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि 25 दिसंबर को ही महाराजा बिजली पासी की जन्म जयंती भी है। लखनऊ के समीप स्थित प्रसिद्ध बिजली पासी किला उनकी वीरता, सुशासन और समावेशी विरासत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्मरण कराया कि वर्ष 2000 में अटल बिहारी वाजपेयी ने महाराजा बिजली पासी के सम्मान में डाक टिकट जारी किया था। प्रधानमंत्री ने इस पावन अवसर पर महामना मालवीय, अटल जी और महाराजा बिजली पासी को श्रद्धापूर्वक नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की अखंडता के लिए निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने दो विधान, दो निशान और दो प्रधान की व्यवस्था को सिरे से खारिज किया। आजादी के बाद जम्मू कश्मीर में भारत की अखंडता एक बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा को गर्व है कि उसकी सरकार को अनुच्छेद 370 की दीवार गिराने का अवसर मिला और आज जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान पूरी तरह लागू है।

### अटल जी की

आदित्यनाथ ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान का उद्घोष किया था और आज ऐसा हो चुका है वहीं पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के भारत में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के जीवन में भी नया परिवर्तन दिखाई दे रहा है। पिछले 11 वर्ष में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठकर सामान्य नागरिक के रूप में जीवनयापन कर रहे हैं। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि अंत्योदय के स्वप्न को साकार करने वाले, श्रद्धेय अटल जी के सुशासन को मूर्त रूप देने वाले आत्मनिर्भर व आधुनिक भारत के शिल्पकार, एक भारत-श्रेष्ठ भारत के स्वप्न दृष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों से लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल, तीनों महापुरुषों की भव्य प्रतिमा व म्यूजियम का भव्य लोकार्पण हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व विकसित भारत का जो वर्तमान स्वरूप देख रहे हैं, उसमें डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी का मार्गदर्शन प्रेरणा के रूप में है।

### भक्ति और

में त्याग और बलिदान का भाव होता है। सिख धर्म की लंगर परंपरा सामाजिक समरसता का उदाहरण है, जहाँ किसी की जाति या धर्म नहीं पूछा जाता। गुरु गोबिंद सिंह जी ने समाज को एकता के सूत्र में बाँधने का कार्य किया। मुख्यमंत्री ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज, माता गुजरी देवी, बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस प्रत्येक भारतीय युवा के लिए प्रेरणा का दिन है। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के आयोजनों में डबल इंजन सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में आनंद साहिब का पाठ और अरदास हुई। इसके बाद वह मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी एवं असीम अरुण के साथ लंगर में भी सम्मिलित हुए।

### माघ मेले में

की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं उसी अनुरूप की जा रही हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि मेला क्षेत्र का विस्तार बढ़ाकर लगभग 800 हेक्टेयर किया गया है। सेक्टरों की संख्या 5 से बढ़ाकर 7 कर दी गई है। स्नान घाटों की कुल लंबाई में पिछले माघ मेले की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 42 पार्किंग स्थल, 9 पांटून पुल, बेहतर आंतरिक सड़क व्यवस्था और सुगम आवागमन की विस्तृत कार्ययोजना पर काम अंतिम चरण में है। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए। उन्होंने ट्रैफिक एवं क्राउड मैनेजमेंट के लिए ठोस और बहुस्तरीय कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्त, प्रयागराज कमिश्नरेट ने बताया कि मेला अवधि के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। लगभग 450 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनमें से 250 कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें भी तैनात की जाएंगी। मेला क्षेत्र में एआई आधारित सर्विलांस एवं क्राउड मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने पुलिसकार्मिकों के बेहतर व्यवहार और श्रद्धालु-संवेदनशील दृष्टिकोण के लिए आवश्यक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स के सहयोग को भी व्यवस्थाओं में शामिल करने को कहा। साथ ही नाविकों के साथ संवाद और समन्वय बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं के लिए खान-पान एवं विभिन्न सेवाओं के शुल्क को नियंत्रित रखने के निर्देश भी दिए। नवाचारों पर विशेष बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माघ मेला को सुविधाओं और तकनीक के स्तर पर एक नया मानक बनना चाहिए। बैठक में बताया गया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐप आधारित बाइक टैक्सी सेवा, दिशा सूचक संकेतों का व्यापक विस्तार, विद्युत पोलों पर क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली, निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु रिंग मेन यूनिट, कटाव रोकने के लिए जियो-ट्यूब तकनीक तथा पूर्वनिर्मित सीवेज शोधन संयंत्र जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ये सभी नवाचार जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से दिखाई देने चाहिए। मुख्यमंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध पर जोर देते हुए कहा कि माघ मेला स्वच्छता का उदाहरण बने।

### अमेरिका ने

समय से भारत में फंसे हुए हैं, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जायसवाल ने कहा भारत सरकार अपने नागरिकों को होने वाली असुविधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी पक्ष के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रही है। बढ़ी हुई जांच प्रक्रियाओं के मद्देनजर एच-1बी वीजा आवेदकों के निर्धारित साक्षात्कारों को बड़े पैमाने पर रद्द किए जाने के परिणामस्वरूप उनके अमेरिका लौटने में काफी देरी हो रही है। साक्षात्कार का पुनर्निर्धारण उन सभी आवेदकों के लिए किया गया है, जिन्हें पहले 15 दिसंबर या उसके बाद के लिए समय दिया गया था।

### गोरखपुर : 11वीं

कहा कि वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। स्कूल परिसर में दिनदहाड़े हुई इस हत्या से छात्रों और शिक्षकों में आक्रोश फैल गया, जिसके चलते अधिकारियों को एहतियात के तौर पर स्कूल बंद करना पड़ा। तनाव के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया, जिससे तनाव और बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों ने गिरफ्तारी के तरीके का विरोध किया और परिवार के कुछ सदस्य विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस वाहनों के सामने लेट गए। बताया जाता है कि आरोपी की मां राजकुमारी को भी उत्तेजित भीड़ ने घेर लिया जिससे और अधिक हंगामा हुआ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों द्वारा व्यवस्था बहाल करने के प्रयासों के चलते पूरा इलाका एक तरह से पुलिस शिविर में तब्दील हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि तनाव अभी भी बना हुआ है।

### साहिबजादों का

बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह साहब के साहिबजादों का जीवन त्याग, शौर्य, धर्मरक्षा और देश भक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने भारत के स्वाभिमान की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारों साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास के साथ विश्व में भी वीरता और साहस का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। इतिहास में ऐसा साहस, दृढ़ता और धर्मनिष्ठ त्याग कहीं और देखने को नहीं मिलता। उन्होंने कहा नन्हें वीरों ने धर्म परिवर्तन स्वीकार करने के बजाय मृत्यु को स्वीकार किया।

### राजधानी में फिर

फुटेज/वायरल वीडियो में दिख रही गाड़ियों के नंबरों की जांच कर संबंधित व्यक्तियों को चिन्हित किया जाए। इतना ही नहीं पहचाने जाने वाले लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। फिलहाल, एलडीए ने बचे हुए गमले हटवा दिए हैं। एक कर्मचारी ने कहा कि आधे से ज्यादा गमले चोरी हो गए हैं। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल के उद्घाटन के बाद वहां और आसपास सजावट के लिए लगाए गए गमले लोगों द्वारा चोरी किए जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

### दिल्ली में जिलों

चलता रहे इसके लिए फिलहाल यह व्यवस्था अस्थायी तौर पर की गई है। बयान में कहा गया है कि कैबिनेट के निर्णय के अनुरूप वर्तमान 22 उप-पंजीयक कार्यालयों का विस्तार कर उन्हें 39 करने की योजना को एक अलग अधिसूचना के माध्यम से लागू किया जाएगा।




# चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन रिकॉर्ड 20 विकेट गिरे

## आस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई, इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढ़त बना ली



मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई टीम 152 रन पर आउट हो गई लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड पर पहली पारी में 42 रन की बढत बना ली और चौथे एशेज टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकॉर्ड 20 विकेट गिर गए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिये रिकॉर्ड 94199 दर्शक पहुंचे थे जबकि पिछला रिकॉर्ड 93013 का था जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2015 विश्व कप फाइनल के दौरान दर्ज किया गया था।

आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के चार रन बनाये थे और उसके पास अब 46 रन की बढ़त है। जोश टंग ने 45 रन देकर पांच विकेट लिये और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड ने मेजबान टीम को सस्ते में आउट कर दिया। जवाब में इंग्लैंड की टीम 29 . 5 ओवर में 110 रन पर आउट हो गई। माइकल नेसेर ने 45 रन देकर चार विकेट लिये। आस्ट्रेलिया ने पहले तीन टेस्ट जीतकर श्रृंखला 11 दिन के भीतर ही अपने नाम कर ली है। आस्ट्रेलिया ने पहले छह ओवर में 27 रन बनाये। इसके बाद ट्रेविस हेड ( 12 ) को गुस एटकिंसन ने सस्ते में आउट किया। टंग ने जेक वेदराल्ड ( 10 ) को पवेलियन भेजा और उनका अगला शिकार मार्नस लाबुशेन ( छह ) बने जो पहली स्लिप में कैच देकर लौटे। आस्ट्रेलिया के तीन विकेट 34 रन पर गिर गए थे। कप्तान स्टीव स्मिथ को टंग ने जब आउट किया तब स्कोर 51 रन था। अनुभवी उस्मान ख्वाजा 29 रन बनाकर एटकिंसन की गेंद पर आउट हुए। उस समय स्कोर पांच विकेट पर 89 रन था और दो रन बाद एलेक्स कैरी ने गली में कैच थमा दिया। नेसेर ( 35 ) और कैमरन ग्रीन ( 17 ) ने 52 रन की साझेदारी की लेकिन ग्रीन के रन आउट होने पर यह साझेदारी टूट गई। टंग ने नेसेर और स्कॉट बोलैंड ( 0 ) को अपने 12वें ओवर की पहली दो गेंदों पर आउट किया। जवाब में इंग्लैंड ने पांचवें ओवर में तीन विकेट आठ रन पर गंवा दिये थे। जैक क्रॉली ( पांच ), जैकब बेथेल ( दो ) और बेन डकेट ( दो ) जल्दी आउट हो गए। जो रूट खाता भी नहीं खोल सके। हैरी ब्रूक ने 34 गेंद में 41 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये बेन स्टोक्स के साथ 50 रन जोड़े। बोलैंड ने ब्रूक, जैमी स्मिथ ( दो ) और विल जैक्स ( पांच ) को लगातार तीन गेंदों पर आउट किया। स्टोक्स 16 रन बनाकर स्लिप में कैच देकर लौटे।

# वेंकटेश अय्यर के लिए आरसीबी की शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा: कुंबले



नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) ने इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) की मिनी नीलामी में वेंकटेश अय्यर के लिए सात करोड़ रुपये खर्च किये लेकिन पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इस आकर्षक टी20 लीग के शुरुआती चरण में इस तेज गेंदबाजी हरफनमौला को एकादश में जगह मिलना मुश्किल होगा।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने इस महीने की शुरुआत में नीलामी में अय्यर की पूर्व टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़कर इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने 16 दिसंबर को अबू धाबी में हुई नीलामी में अय्यर, जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और मजबूत किया। कुंबले ने कहा, वेंकटेश अय्यर के लिए शुरुआती एकादश में जगह बनाना मुश्किल होगा। आप जीतने वाली टीम में संदेह पैदा नहीं करना चाहते। इसी सोच के चलते फ्रेंचाइजी ने रवि बिश्नोई पर बोली नहीं लगाई ताकि सुयश शर्मा को किसी अनुभवी भारतीय स्पिनर से खतरा महसूस न हो। आरसीबी को लगा था कि अय्यर को कोई और फ्रेंचाइजी अधिक बोली लगाकर खरीद लेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ, इसलिए वे वेंकटेश अय्यर को पाकर खुश हैं। कुंबले की कप्तानी में आरसीबी 2009 सत्र का उपविजेता बना था। वह 2011 में इस टीम के मुख्य कोच बने थे। इस अनुभवी खिलाड़ी ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने आईपीएल विजेता टीम के मूल खिलाड़ियों को बरकरार रखकर अच्छा काम किया है। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय बांगड़ ने भी कहा कि इस बात पर सवाल उठ सकता है कि अय्यर को शुरुआती एकादश में जगह मिलेगी या नहीं लेकिन टीम के पास एक शानदार विकल्प है। उन्होंने कहा, वेंकटेश अय्यर पर पिछले सत्र से ही सबकी नजरें टिकी हुई थीं। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका आत्मविश्वास साफ दिखता है। बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक और आरसीबी के लिए प्रतिभाओं की खोज करने वाले मालोलन रंगराजन के पास अय्यर के रूप में एक अच्छा विकल्प है।

बांगड़ ने कहा कि शुरुआती मैचों में उन्हें एकादश में जगह मिलने पर थोड़ा संदेह है क्योंकि यह एक स्थिर टीम है। उन्हें बाएं हाथ के बल्लेबाज चाहिए था और वह मिल गया। वे वेंकटेश का इस्तेमाल उस तरह से कर सकते हैं जैसा उन्होंने पिछले सत्र में कृणाल पंड्या के साथ किया था। कृणाल के शानदार खेल के कारण टीम को शीर्ष स्पिनर की कमी महसूस नहीं हुई। सुयश शर्मा का सत्र भी अच्छा रहा था।

## संक्षेप

### बेंगलुरु में शुरू होगी जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप

नयी दिल्ली। बेंगलुरु में 31 दिसंबर से चार जनवरी तक 44वीं जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा जिसमें लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीम हिस्सा लेंगी। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा एवं नगर हवेली और दिल्ली सहित विभिन्न केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें भी इस चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं। टीमों को आठ-आठ ग्रुप में विभाजित किया गया है।

### रघुवंशी चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती

जयपुर। मुंबई के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को शुक्रवार को उत्तराखंड के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच के दौरान एक मुश्किल कैच लेने की कोशिश में कंधे, गर्दन और सिर में चोट लगने ( कनकशन ) के बाद अस्पताल ले जाया गया। यह घटना पारी के 30वें ओवर में हुई जिसमें ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी कर रहे थे। दाएं हाथ के बल्लेबाज सौरभ रावत ने स्लॉग-स्वीप खेलने की कोशिश की और डीप मिडविकेट पर खड़े रघुवंशी कैच पकड़ने के लिए तेजी से दौड़ते हुए आगे बढ़े। उन्होंने एक हाथ से गेंद को लपकने का प्रयास किया लेकिन यह सफल नहीं रहा और वह गिर पड़े जिससे उनके कंधे में चोट लगी और उनका सिर जमीन से टकरा गया। इससे उन्हें कनकशन ( सिर में चोट लगना ) हो गया। रघुवंशी कुछ सेकेंड के लिए घुटनों के बल बैठे रहे लेकिन फिर जमीन पर लेट गए। इसके बाद मुंबई के फिजियो मैदान पर पहुंचे। रघुवंशी अपने पैरों पर खड़े नहीं हो पा रहे थे तो स्ट्रेचर मंगवाया गया और बाहर खड़ी एम्बुलेंस उन्हें पास के एसडीएमएच अस्पताल ले गई। उनके जरूरी स्कैन करवाए जाएंगे और उन्हें निगरानी में रखा जाएगा।

### हार्दिक एचआईएल संचालन परिषद टीम के कप्तान बने

नयी दिल्ली। भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह को तीन जनवरी से चेन्नई में शुरू हो रही पुरूष हॉकी इंडिया लीग में एचआईएल संचालन परिषद टीम का कप्तान बनाया गया है। एचआईएल संचालन परिषद का पहला मैच पांच जनवरी को एसजी पाइपर्स से होना है। मैं इस मौके के लिये शुक्रगुजार हूं। कप्तानी करना रोमांचक अनुभव होगा और हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। हमें उम्मीद है कि इस सत्र में प्रदर्शन शानदार होगा। इस टीम में ललित उपाध्याय, सैम वार्ड, सुरेंदर कुमार और केन रसेल जैसे दिग्गज भी हैं। इनके अलावा जूनियर विश्व कप में कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और टी प्रियव्रत भी टीम में हैं।

# आईएसएल में अनिश्चितता के चलते मुंबई सिटी की हिस्सेदारी से बाहर निकलने की पुष्टि

नयी दिल्ली। मुंबई सिटी एफसी ने शुक्रवार को पुष्टि की कि क्लब में बहुसंख्यक हिस्सेदारी रखने वाले सिटी फुटबॉल ग्रुप ने आईएसएल ( इंडियन सुपर लीग ) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के मद्देनजर अपनी पूरी हिस्सेदारी फ्रेंचाइजी के संस्थापक साझेदारों को बेच दी है।

सिटी फुटबॉल ग्रुप के पास इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर सिटी सहित विश्व स्तर पर कई शीर्ष क्लबों का स्वामित्व है। मुंबई स्थित आईएसएल टीम का पूर्ण स्वामित्व अब संस्थापक साझेदारों, बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर और व्यवसायी बिमल पारेख को वापस मिल जाएगा। मुंबई सिटी एफसी ( क्लब ) ने अपने सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में पुष्टि की है कि सिटी फुटबॉल ग्रुप लिमिटेड ( सीएफजी ) ने क्लब में अपनी हिस्सेदारी बेच दी है। क्लब के संस्थापक मालिक अब इस फ्रेंचाइजी का पूर्ण नियंत्रण संभालेंगे। सीएफजी और मुंबई सिटी एफसी 2019 में एक साथ आने के बाद नयी ऊंचाइयों को छुआ है। मुंबई की टीम ने दो बार आईएसएल चैंपियन बनने के अलावा दो बार लीग शील्ड का खिताब भी अपने नाम किया है। सिटी समूह ने क्लब के फुटबॉल संचालन को मजबूत किया है और भारत में फुटबॉल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सिटी फुटबॉल समूह ( सीएफजी ) ने 2019 में मुंबई सिटी एफसी में 65 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की थी। मुंबई सिटी एफसी चार खिताब के साथ आईएसएल के इतिहास की सबसे सफल टीमों में से एक है। सीएफजी ने कहा कि यह निर्णय आईएसएल में अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यावसायिक समीक्षा के बाद लिया गया है। सिटी समूह ने कहा, सीएफजी ने व्यापक व्यावसायिक समीक्षा के बाद और आईएसएल के भविष्य को लेकर जारी अनिश्चितता को देखते हुए यह निर्णय लिया है। यह कदम सीएफजी के अनुशासित और रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उसका ध्यान उन क्षेत्रों पर केंद्रित रहे जहां वह दीर्घकालिक रूप से सबसे अधिक प्रभाव डाल सकता है।

उन्होंने कहा, सीएफजी मुंबई सिटी एफसी की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करता है और इससे जुड़े सभी लोगों ( खिलाड़ियों और कोच से लेकर स्टाफ, प्रशंसकों और भागीदारों ) के समर्पण और जुनून के लिए उनका आभार व्यक्त करता है। हम आने वाले वर्षों में भारत में अपने संबंधों और साझेदारियों को जारी रखने के लिए तत्पर है। भारतीय घरेलू फुटबॉल में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल ने जुलाई में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ( एआईएफएफ ) को सूचित किया कि आठ दिसंबर को समाप्त हुए 15 वर्षीय मास्टर राइट्स एग्रीमेंट ( एमआरए ) के नवीनीकरण को लेकर स्पष्टता की कमी के कारण वह देश की शीर्ष स्तरीय लीग को स्थगित रख रहा है। उच्चतम न्यायालन द्वारा नियुक्त एक समिति की देखरेख में आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए निविदा जारी की गई, लेकिन कोई खरीदार नहीं मिला।

देश की शीर्ष स्तरीय प्रतियोगिता के स्थायी परिचालन और वाणिज्यिक स्वामित्व के लिए 20 दिसंबर को आईएसएल के 10 क्लबों के प्रस्ताव को एआईएफएफ की आम सभा की मंजूरी नहीं मिली जिसने मामले को सुलझाने के लिए एक समिति का गठन किया है।

# तमोरे की 93 रन की पारी से मुंबई ने उत्तराखंड को हराया



जयपुर। रोहित शर्मा के पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट होने के बावजूद मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड को 51 रनों से शिकस्त दी।

मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विकेटकीपर-बल्लेबाज हार्दिक तामोरे ( 82 गेंदों पर 93 रन नाबाद ), सरफराज खान ( 49 गेंदों पर 55 रन ) और मुशीर खान ( 56 गेंदों पर 55 रन ) के उपयोगी योगदान की बदौलत सात विकेट पर 331 रन बनाये। मुशीर ने बाद में गेंदबाजी में भी कमाल दिखाते हुए 57 रन पर दो विकेट झटके। बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज युवराज चौधरी की 96 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत उत्तराखंड की टीम नौ विकेट पर 280 रन ही बना सकी। सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा अप्रत्याशित रूप से टीम में शामिल किए गए ओंकार तरमाले ने लिस्ट ए में अपने पहले मैच में 40 रन देकर दो विकेट लिए। आईपीएल की मिनी नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद से बोली हासिल करने वाले ओंकार तारमाले ने भी 40 रन देकर दो विकेट लिये। स्टेडियम में लगभग 5000 की संख्या में मौजूद दर्शकों को रोहित शर्मा के अपनी पारी की पहली ही गेंद पर आउट होने से निराशा का सामना करना पड़ा। लंबे कद के मध्यम गति के गेंदबाज देवेंद्र बोरा ( 74 रन पर तीन विकेट ) ने शॉट पिच गेंद पर अपने करियर का सबसे यादगार विकेट लिया। पूर्व भारतीय कप्तान ने सहज रूप से पुल शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन डीप फाइन लेग पर तैनात जगमोहन नागरकोटी ने अपने दूसरे प्रयास में कैच लपक लिया। रोहित के आउट होने से बावजूद दर्शकों ने स्टेडियम में आना जारी रखा। वह इस सलामी बल्लेबाज के आउट होने के बावजूद स्टेडियम से बाहर निकलने को तैयार नहीं थे। मुंबई की टीम जब क्षेत्ररक्षण कर रही थी तब रोहित ने कप्तान शारदुल ठाकुर की गेंद पर पहली स्लिप में शानदार कैच लपककर सलामी बल्लेबाज कमल सिंह को चलता किया। दर्शक इसके बाद एक-दो, रोहित को गेंदबाजी दो का नारा लगाने लगे लेकिन शारदुल ने उन्हें अनसुना कर दिया। मैच के 49वें ओवर में जब मुंबई की जीत पक्की हो गयी तब तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने रोहित से गेंदबाजी करने के बारे में पूछा लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इससे पहले सरफराज और मुशीर ने तीसरे विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी कर मुंबई को खराब शुरुआत से उबारा। सरफराज ने स्क्वायर क्षेत्र की तरफ ज्यादा शॉट खेलने के साथ बाएं हाथ के स्पिनर मयंक मिश्रा की गेंद पर एक बड़ा छक्का जड़ा तो वहीं उनके छोटे भाई मुशीर ने लांग ऑफ और लांग ऑन के बीच में ज्यादा रन बटोरे। उन्होंने गेंदबाजों के सिर के ऊपर से भी कुछ शॉट खेले। दोनों हालांकि अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। इसके बाद तोमोरे ने मोर्चा संभाला और विकेटों के बीच अच्छी दौड़ लगाई और बाएं हाथ के स्पिनर मिश्रा और जे सुचित के खिलाफ अपने पैरों का भी इस्तेमाल करते हुए दोनों के खिलाफ एक-एक छक्का जड़ा। उन्होंने मुंबई के संकटमोचक रहे शम्स मुलानी ( 35 गेंदों में 48 रन ) के साथ 10.5 ओवर में उनकी 95 रनों की साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया लेकिन शतक पूरा करने से चूक गये।

# ईएफआई के महासचिव के तौर पर जयवीर सिंह की बहाली की

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने भारतीय घुड़सवारी महासंघ ( ईएफआई ) के महासचिव के रूप में कर्नल ( सेवानिवृत्त ) जयवीर सिंह की स्थिति बहाल कर दी है।

अदालत ने महासंघ की कार्यकारी समिति द्वारा उनके निलंबन को अवैध करार दिया तथा महासंघ के आधिकारिक संचार और बैंक खातों पर उनके अधिकार को बहाल कर दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने 22 दिसंबर को ईएफआई को 21 अगस्त 2025 को हुई कार्यकारी समिति की बैठक के मिनट्स लागू करने से रोक दिया। इसी बैठक में सिंह का निलंबन बढ़ाया गया था और किसी अन्य अधिकारी को कार्यवाहक महासचिव नियुक्त किया गया था। अदालत ने संयुक्त सचिव एमएम रहमान को कार्यवाहक महासचिव के रूप में कार्य करने से भी रोक दिया तथा ईएफआई की आधिकारिक संचार प्रणाली और बैंक खातों पर सिंह का अधिकार बहाल कर दिया। सेना के पूर्व अधिकारी जयवीर सिंह 2019 में ईएफआई के महासचिव चुने गए थे। महासंघ 2019 से ही कानूनी विवादों में उलझा हुआ है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने नवंबर 2019 में कुप्रबंधन के आरोपों के बीच ईएफआई के कामकाज की निगरानी के लिए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। मई 2024 में उच्च न्यायालय ने संबंधित रिट याचिकाओं के निपटारे तक 2019 में निर्वाचित कार्यकारी समिति की बहाली का आदेश दिया था जिसमें सिंह भी शामिल थे। मार्च 2025 में विवाद तब बढ़ गया जब ईएफआई की कार्यकारी समिति ने सिंह को वित्तीय अनियमितताओं, महासंघ के उपनियमों के उल्लंघन और अधिकारों के दुरुपयोग के आरोपों के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया। 11 अप्रैल 2025 को उन्हें जांच लंबित रहने तक निलंबित कर दिया गया। सिंह ने निलंबन को चुनौती देते हुए तर्क दिया कि यह उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की अनुमति के बिना और आम सभा की बैठक बुलाए बिना लगाया गया जबकि ईएफआई के उपनियमों के अनुसार यह अनिवार्य है। पर्यवेक्षक द्वारा अप्रैल 2025 में आपत्ति के बावजूद ईएफआई की कार्यकारी समिति ने 21 अगस्त की बैठक में सिंह के निलंबन को बढ़ा दिया और एक अंतरिम महासचिव नियुक्त कर दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि इस अवधि के दौरान विपक्षी गुट के पदाधिकारियों ने आधिकारिक ईमेल की लॉग इन जानकारी बदलने के अलावा बिना वैध अधिकार के बैंक खाते संचालित किए। ईएफआई के उपनियमों के अंतर्गत कार्यकारी समिति के किसी सदस्य को केवल सामान्य सभा के दो-तिहाई बहुमत से ही निलंबित या हटाया जा सकता है।

# हरमनप्रीत, हार्दिक की नजरें हॉकी इंडिया लीग के जरिये अंतर्राष्ट्रीय सत्र की तैयारी पर




नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह और हार्दिक सिंह की नजरें हॉकी इंडिया लीग में अच्छा प्रदर्शन करके आगामी व्यस्त सत्र से पहले अपने कौशल को निखारने और आत्मविश्वास बढाने पर लगी हैं।

भारतीय टीम का अगला साल काफी व्यस्त है जिसमें एफआईएच प्रो लीग, विश्व कप और एशियाई खेल होने हैं। हॉकी इंडिया लीग तीन जनवरी से शुरू होगी और व्यस्त सत्र से पहले खिलाड़ियों के लिये लय में आने का सुनहरा मौका है। जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब के लिये खेलने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि लीग का स्तर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों जैसा है और इससे खिलाड़ियों को फॉर्म पाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि हॉकी लीग भारतीय टीम के सदस्यों के लिये सही समय पर हो रही है। इसमें शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और हर मैच अंतरराष्ट्रीय मैच की तरह ही है और हम प्रो लीग, विश्व कप तथा एशियाई खेलों से पहले ऐसा ही चाहते थे। हरमनप्रीत ने कहा कि भारतीय टीम और सूरमा का कप्तान होने के नाते मुझे लगता है कि यह युवा खिलाड़ियों के लिये सीनियर्स के साथ खेलकर सीखने का सुनहरा मौका है। एचआईएल संचालन परिषद टीम के कप्तान ओलंपियन हार्दिक ने कहा कि यह सत्र मेरे और टीम के लिये काफी अहम है। लीग में भारी दबाव वाले मैच होते हैं जो आगामी बड़े टूर्नामेंटों की तैयारी के लिये जरूरी हैं। हम आक्रामक हॉकी खेलकर हर टीम को बड़ी चुनौती देंगे।

# भारतीय हॉकी के लिए कठिन साल, महिला टीम का प्रदर्शन चिंताजनक

नयी दिल्ली। पिछले साल ओलंपिक कांस्य झोली में डालने के बाद 2025 भारतीय हॉकी के लिये कुछ खास नहीं रहा हालांकि पुरूष टीम ने लगभग एक दशक बाद एशिया कप जीता लेकिन महिला टीम के प्रदर्शन में निरंतर गिरावट चिंता का सबब बनी हुई है। भारतीय हॉकी का यह शताब्दी वर्ष भी है लेकिन आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन टीम के लिये वर्ष 2025 में कुछ भी असाधारण नहीं रहा।

इस वर्ष भारतीय हॉकी की सबसे बड़ी उपलब्धि पुरूष टीम की राजगीर में एशिया कप में जीत रही जहां आठ साल बाद खिताब जीतकर उसने अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले एफआईएच विश्व कप का टिकट कटाया। भारतीय टीम ने एक बार फिर उपमहाद्वीप में दबदबा बनाया और सबसे अच्छी बात यह रही कि 15 गोल दागे जबकि सिर्फ दो गंवाये। फाइनल में भारत ने गत चैम्पियन दक्षिण कोरिया को 4 . । से हराया जिसमे दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह और अमित रोहिदास ने गोल किये। इससे पहले एफआईएच प्रो लीग में प्रदर्शन निराशाजनक रहा। हरमनप्रीत सिंह की टीम नौ टीमों में आठवें स्थान पर रही और नीचे खिसकने से बाल बाल बची है। घरेलू चरण में भुवनेश्वर में पांच मैच जीतने के बाद यूरोपीय चरण में लगातार सात मैच गंवाये। अजलन शाह कप में भारत की युवा टीम ने रजत पदक जीता। छह साल बाद टूर्नामेंट खेल रही भारतीय टीम फाइनल में दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से एक गोल से हारी। लेकिन नये कप्तान डिफेंडर संजय के साथ युवा टीम गई थी जिसमे हरमनप्रीत और मनप्रीत जैसे सीनियर नहीं थे। पुरूष जूनियर टीम ने इस महीने चेन्नई में जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीता। कांस्य के मुकाबले में अर्जेंटीना से दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए भारत ने 4 . 2 से जीत दर्ज की। भारत की नजरें अब अगले साल विश्व कप के अलावा जापान में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में सीधे जगह बनाने पर लगी होंगी। दूसरी ओर तोक्यो ओलंपिक 2021 में चौथे स्थान पर रहने के बाद महिला टीम का प्रदर्शन लगातार खराब हुआ है और पिछले साल टीम पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी थी। इस साल भी कहानी कमोबेश वही रही। प्रो लीग में टीम दो जीत और 11 हार ( लगातार आठ ) के बाद आखिरी स्थान पर रही और दूसरे दर्जे की स्पर्धा एफआईएच नेशंस कप में खिसक गई। अब यह टूर्नामेंट जीतकर ही टीम 2026 . 27 में एफआईएच प्रो लीग में लौट सकेगी। वहीं सितंबर में एशिया कप फाइनल में चीन से । . 4 से हारकर अगले साल विश्व कप में भी सीधे जगह नहीं बना सकी। साल के आखिर में टीम पर विवादों का साया भी पड़ा जब मुख्य कोच हरेंद्र सिंह को तानाशाहीपूर्ण और पुरानी कोचिंग शैली के आरोपों के कारण इस्तीफा देना पड़ा। हॉकी इंडिया ने हालांकि कहा कि खराब नतीजों के कारण यह फैसला लिया गया है। जूनियर महिला टीम सैंटियागो में विश्व कप में दसवें स्थान पर रही। जूनियर टीम के एक कोचिंग स्टाफ पर भी यौन कदाचार के आरोप लगे जिसे बाद में हॉकी इंडिया ने आंतरिक जांच के बाद क्लीन चिट दे दी। इस पृष्ठभूमि में भारतीय महिला टीम की राह आसान नहीं दिख रही। तोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर ले जाने वाले कोच शोर्ड मारिन की वापसी लगभग तय है लेकिन उनके सामने पहली चुनौती मार्च में भारत में होने वाला विश्व कप क्वालीफायर जीतकर खोया आत्मविश्वास लौटाने और ड्रेसिंग रूम का विश्वास जीतने की होगी।

# जीवन सुगमता बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## आने वाले समय में और अधिक उत्साह के साथ जारी रहेगा सरकार का सुधार अभियान: प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है इसलिए उसका सुधार अभियान आने वाले समय में और अधिक उत्साह और दृढ़ता के साथ जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार द्वारा अपनी विभिन्न सुधार पहलों पर किए गए कई पोस्ट के संदर्भ में यह टिप्पणी की। मोदी ने कहा, हमारी सरकार जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और नीचे दिए गए लेख में हमने इस दिशा में किए गए कार्यों के उदाहरण दिए हैं। आने वाले समय में हमारी सुधार यात्रा और भी अधिक उत्साह के साथ जारी रहेगी। हैशटैग रिफॉर्म इन एक्शन और हैशटैग गुड गवर्नेंस के साथ केंद्र सरकार ने अपने कई पोस्ट में कहा कि किसी भी सुधार की असली कसौटी यह होती है कि वह लोगों का बोझ कितना कम करता है। वर्ष 2025 में शासन व्यवस्था में एक स्पष्ट बदलाव देखने को मिला, जहां सुधार जटिलता के बजाय परिणामों पर केंद्रित रहे। माई जीओवी इंडिया पर किए गए पोस्ट में बताया गया है कि सरल कर कानूनों, तेजी से विवाद निपटान, आधुनिक श्रम संहिताओं और कुछ नियमों या कानूनों के उल्लंघन को अपराध की श्रेणी से बाहर रखकर सिर्फ उनके अनुपालन पर जोर देने से नागरिकों और व्यवसायों, दोनों के लिए प्रक्रियाएं आसान हुई हैं। भरोसे, पूर्वानुमेयता और दीर्घकालिक विकास पर जोर दिया गया



है, जिससे यह दिखता है कि अच्छी तरह तैयार की गई नीतियां किस तरह रोजमर्रा की जिंदगी को सहज बना सकती हैं। पोस्ट में कहा गया है कि करोड़ों भारतीयों के लिए कर राहत अब वास्तविकता बन गई है। अब 12 लाख रुपये तक की आय पर शून्य कर लगता है। मध्यम वर्गीय परिवार अब अपनी कमाई का अधिकतर हिस्सा अपने पास रख पा रहे हैं, जिससे उन्हें खर्च, बचत और निवेश करने के साथ अधिक आत्मविश्वास मिला है। पोस्ट में कहा गया कि आयकर अधिनियम, 2025 ने अनुपालन प्रक्रियाओं को सरल बनाया है और प्रत्यक्ष कर प्रणाली में स्पष्टता, पारदर्शिता और निष्पक्षता लाई है, जिससे यह करदाताओं के लिए अधिक अनुकूल और वर्तमान जरूरतों के अनुरूप बनी है। सरकार ने बताया कि छोटे व्यवसाय अब लाभ खोने के डर के बिना विस्तार कर सकते हैं। निवेश और टर्नओवर की बढ़ी हुई सीमाओं से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को ऋण और कर प्रोत्साहनों का लाभ बनाए रखते हुए आगे बढ़ने का अवसर मिला है। इससे व्यवसायों का विस्तार, अधिक रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमों को मजबूती मिल रही है। ग्रामीण रोजगार को लेकर सरकार ने कहा कि अब यह केवल मजदूरी तक सीमित नहीं है, बल्कि परिसंपत्ति का निर्माण भी कर रहा है। सुनिश्चित रोजगार की अवधि बढ़ने और गांवों के बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने से ग्रामीण श्रमिक स्थायी परिसंपत्ति बना रहे हैं, जो समुदायों और आजीविका को सशक्त करती हैं। सरकार ने यह भी बताया कि श्रमिकों को अब दर्जनों कानूनों से नहीं जूझना पड़ता क्योंकि 29 श्रम कानूनों को चार सरल संहिताओं में समाहित किया गया है, जो वेतन, सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा को कवर करती हैं। इन सुधारों से अधिकार अधिक स्पष्ट हुए हैं, अनुपालन आसान हुआ है और महिलाओं को मातृत्व तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा से जुड़े सुनिश्चित लाभ मिले हैं। सरकार ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को भी व्यवसायों और उपभोक्ताओं, दोनों के लिए सरल बनाया गया है।

# विज्ञान और धर्म के बीच कोई टकराव नहीं: मोहन भागवत

तिरुपति। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि विज्ञान और धर्म के बीच कोई संघर्ष नहीं है तथा अंत में दोनों अलग-अलग रास्तों से एक ही सत्य की खोज करते हैं। भागवत ने यहां आयोजित भारतीय विज्ञान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म को प्रायः मजहब के रूप में गलत समझ लिया जाता है जबकि वास्तव में यह सृष्टि के संचालन का विज्ञान है।



उन्होंने कहा कि धर्म कोई मजहब नहीं है। यह वह नियम है जिसके अनुसार सृष्टि चलती है। कोई इसे माने या न माने, लेकिन इसके बाहर कोई भी कार्य नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि धर्म में असंतुलन विनाश का कारण बनता है। भागवत ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से विज्ञान ने यह मानते हुए धर्म से दूरी बनाए रखी कि वैज्ञानिक अनुसंधान में उसका कोई स्थान नहीं है, लेकिन यह दृष्टिकोण मूल रूप से गलत है। उनके अनुसार, विज्ञान और अध्यात्म के बीच वास्तविक अंतर केवल कार्यप्रणाली का है लेकिन दोनों का लक्ष्य एक ही है। उन्होंने कहा, विज्ञान और धर्म या अध्यात्म के बीच कोई टकराव नहीं है। उनकी पद्धतियां भले ही अलग हों लेकिन मंजिल एक ही है-सत्य की खोज। वैज्ञानिक प्रक्रिया की व्याख्या करते हुए भागवत ने कहा कि विज्ञान तथ्यों को स्थापित करने के लिए बाहरी अवलोकन, प्रयोग और दोहराए जाने योग्य अनुभव पर निर्भर करता है, जबकि आध्यात्मिकता आंतरिक अनुभव के माध्यम से उसी सिद्धांत का पालन करती है। उन्होंने कहा, आध्यात्मिकता प्रत्यक्ष अनुभव पर भी जोर देती है और कहती है कि जो कुछ भी अनुभव किया जाता है वह सभी के लिए सुलभ होना चाहिए। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि विज्ञान बाहरी अवलोकन के माध्यम से पदार्थ को संशोधित करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जबकि आध्यात्मिकता अनुशासित प्रयोगों के माध्यम से आंतरिक, सूक्ष्म क्षेत्र में काम करती है। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान ने चेतना को स्थानीय के बजाय सार्वभौमिक के रूप में चर्चा करना शुरू कर दिया है, और इसकी तुलना प्राचीन भारतीय दार्शनिक अवधारणाओं जैसे सर्वं खल्विदं ब्रह्म और प्रज्ञानं ब्रह्म से की है।

## संक्षेप

### रहमान ने अपने पिता को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने शुक्रवार को ढाका में अपने पिता एवं बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र पर जाकर श्रद्धांजलि दी। रहमान 17 साल के अंतराल के बाद बृहस्पतिवार को बांग्लादेश लौटे थे और वह ऐसे समय में वापस आए हैं जब देश में राजनीतिक अस्थिरता और विरोध-प्रदर्शन का दौर जारी है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के 60 वर्षीय कार्यवाहक अध्यक्ष 2008 से लंदन में रह रहे थे।एक समाचार पोर्टल की खबर के अनुसार रहमान लाल और हरे रंग की बुलेटप्रूफ बस से जिया उद्यान पहुंचे और उन्होंने कब्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने पिता की आत्मा की शांति के लिए दुआ मांगी। बीएनपी के संस्थापक जियाउर रहमान एक बांग्लादेशी सैन्य अधिकारी थे, जिन्होंने 1977 से लेकर 1981 तक बांग्लादेश के छठे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। उन्होंने 1978 में लेफ्टिनेंट जनरल के पद से सेना से सेवानिवृत्ति ली थी। अखबार डेली स्टार की खबर के अनुसार, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी), रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी), पुलिस और सेना के सदस्यों ने मीडियाकर्मियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को कब्रिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया।

# मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया

पुत्रजय। जेल में बंद मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रज्जाक को।एमडीबी (वन मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद) सरकारी निवेश कोष से अरबों डॉलर की लूट से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में सुनवाई के बाद शुक्रवार को दोषी ठहराया गया।

देश के उच्च न्यायालय ने 72 वर्षीय नजीब को सत्ता के दुरुपयोग के तीन मामलों में दोषी पाया। शुक्रवार दोपहर तक अन्य आरोपों पर सुनवाई जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने।एमडीबी कोष से 70 करोड़ डॉलर से अधिक की रकम अपने निजी बैंक खातों में अंतरित की। नजीब ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से इनकार किया और दावा किया कि यह धनराशि सऊदी अरब से प्राप्त राजनीतिक चंदा थी और उन्हें मलेशियाई व्यवसायी लो ताएक झो सहित कुछ शातिर वित्तीय प्रबंधकों ने गुमराह किया था। लो को इस घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है और वह अब भी फरार है। सऊदी अरब से दान मिलने के संबंध में नजीब का दावा विश्वास से परे है। उन्होंने कहा कि सऊदी दानकर्ता के नाम से कथित तौर पर भेजे गए चार पत्र फर्जी थे और सबूतों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि धनराशि।एमडीबी से आई थी।

# साइबर अपराधों की चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधि अकादमी की आवश्यकता

पणजी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कृत्रिम मेधा (एआई) और साइबर अपराधों से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए देशभर के वकीलों को प्रशिक्षित करने के वास्ते राष्ट्रीय स्तर की विधि अकादमी की आवश्यकता पर शुक्रवार को जोर दिया।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत दक्षिण गोवा में स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय विधि शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय सम्मेलन और मध्यस्थता संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां एआई कानूनी व्यवस्था को मजबूत करने में एक शक्तिशाली उपकरण बन रही है, लेकिन प्रौद्योगिकी हमें विभिन्न प्रकार के अपराधों की ओर भी ले जा रही है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि साइबर अपराध की कुछ घटनाएं ऐसी हैं जिनके बारे में कभी नहीं सुना गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से साइबर अपराधी अपराध के नये तरीकों को खोज रहे हैं, आने वाले दिनों में (कानूनी व्यवस्था के सामने) चुनौतियां और भी बड़ी और गंभीर हो जायेंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि वह इस बात को लेकर चिंतित हैं कि बार के सदस्य भविष्य में उभरने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को कैसे तैयार कर सकते हैं। उन्होंने पूछा कि जब आप साइबर अपराध से निपट रहे होते हैं, तो आप साइबर अपराधियों द्वारा किए गए अपराध के शिकार व्यक्ति से निपट रहे होते हैं। क्या आप इस तरह की चुनौती का सामना करने के लिए पेशेवर रूप से सक्षम हैं?

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें लगता है कि राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी की तरह एक राष्ट्रीय स्तर की कानूनी अकादमी होनी चाहिए।

# बालानंद शर्मा नेपाल के नये विदेश मंत्री नियुक्त

काठमांडू। लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) बालानंद शर्मा को शुक्रवार को नेपाल का विदेश मंत्री नियुक्त किया गया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने राष्ट्रपति भवन (शीतल निवास) में आयोजित कार्यक्रम में शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री सुशीला कार्की द्वारा किया गया यह पांचवां मंत्रिमंडल विस्तार है। अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रही कार्की के पास पांच मार्च को आम चुनाव करवाने की जिम्मेदारी है। शर्मा के मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद, कार्की की मंत्री परिषद में सदस्यों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री कार्की, मुख्य न्यायाधीश प्रकाश मान सिंह राउत, उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, शर्मा ने माओवादी लड़ाकों को नेपाल सेना में शामिल कराने की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# महाकुंभ, वंदे मातरम के 150 वर्ष और 2025 में दीपावली को मिला यूनेस्को का दर्जा

नयी दिल्ली। जनवरी-फरवरी में आयोजित महाकुंभ से लेकर नवंबर में वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सालभर आयोजित होने वाले समारोहों की शुरुआत तक, साल 2025 में संस्कृति मंत्रालय बेहद व्यस्त रहा।

साल जाते जाते दीपावली को रोशनी के पर्व के रूप में यूनेस्को की मान्यता मिली। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान कलाग्राम के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। 10.24 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला कलाग्राम एक संवेदनात्मक यात्रा बताता था, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत के मूर्त और अमूर्त दोनों पहलुओं को एक साथ प्रस्तुत किया गया। अवसर को खास बनाने के लिए महाकुंभ का लोगो विभिन्न केंद्रीय संरक्षित स्मारकों पर दिखाया गया। संस्कृति मंत्रालय ने नवंबर में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सालभर चलने वाले समारोहों की शुरुआत की। इसी दौरान भोपाल में अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती का भव्य आयोजन किया गया और देशभर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। इस वर्ष जुलाई में दिल्ली में जनसंघ के विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती भी मनाई गई। वर्ष 2025 के दूसरे हिस्से में भारत को यूनेस्को से दो महत्वपूर्ण मान्यताएं मिलीं। पहली, भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य को जुलाई में पेरिस में आयोजित विश्व धरोहर समिति के 47वें सत्र के दौरान विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया। भारत के मराठा



सैन्य परिदृश्य के 12 घटक महाराष्ट्र का साल्हेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़ किला, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, सुवर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजयदुर्ग और सिंधुदुर्गअ तथा तमिलनाडु का जिंजी किला हैं। दूसरी मान्यता 10 दिसंबर को दीपावली को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को प्रतिनिधि सूची में शामिल किए जाने के रूप में मिली। यह भारत से इस सूची में शामिल होने वाला 16वां पर्व है। अन्य 15 पर्वों में कुंभ मेला, कोलकाता की दुर्गा पूजा, गुजरात का गरबा नृत्य, योग, वैदिक मंत्रोच्चार की परंपरा और रामलीला शामिल हैं। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इस अंकन के साथ यूनेस्को नवीकरण, शांति और अच्छाई की विजय की शाश्वत मानवीय आकांक्षा का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि कुम्हारों से लेकर कारीगरों तक, लाखों हाथ इस विरासत को जीवित रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह यूनेस्को टैग एक जिम्मेदारी भी है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली जीवंत विरासत बनी रहे। दिसंबर में, अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए अंतर-सरकारी समिति का 20वां सत्र दिल्ली के लाल किले में आयोजित किया गया। यह पहली बार था जब भारत ने इस महत्वपूर्ण सत्र की मेजबानी की। लाल किला यूनेस्को का एक विश्व धरोहर स्थल है। यह बैठक 10 नवंबर को लाल किले में हुए विस्फोट के लगभग एक महीने बाद हुई। विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। आगामी वर्ष में सरकार श्रीलंका में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी आयोजित करने की योजना बना रही है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, योजना फरवरी में कोलंबो में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी आयोजित करने की है। ये देवनिमोरी अवशेष हैं। जानकारी के अनुसार, ये पवित्र अवशेष गुजरात के देवनिमोरी से उत्खनन में प्राप्त हुए थे और वर्तमान में वडोदरा स्थित महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के संरक्षण में हैं।

## इंटरटेनमेंट...

# साथ दिखेंगे करीना कपूर और पृथ्वीराज




नयी दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन ने अपराध कथा पर आधारित अपनी आगामी फिल्म दायरा की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। उन्हें आलिया भट्ट अभिनीत राजी और विक्की कौशल के अभिनय से सजी फिल्म सैम बहादुर के लिए जाना जाता है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा कर शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी। तस्वीर में उनके साथ करीना कपूर खान और निर्देशक मेघना गुलजार नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हुई। सेट पर जिस कहानी को हमने जिया है वह जल्द ही दर्शकों के सामने आएगी। मैं इस सफर के लिए आभारी हूं और आप इसे 2026 में सिनेमाघरों में देखें, मुझे इसका बेसब्री से इंतजार है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार, दायरा अपराध कथा पर आधारित रोमांचक फिल्म है। यह फिल्म अपराध, सजा और न्याय के अंतर्विरोधों की पड़ताल करती है। फिल्म की शूटिंग सितंबर में शुरू हुई थी। उस समय मेघना गुलजार ने सेट का एक वीडियो साझा कर लिखा था, धुंधली होती और लांघी गई रेखाओं की यात्रा हम शुरू करने जा हैं।

# विजय की फिल्म जना नायकन का गाना रिलीज




चेन्नई। अभिनेता विजय की फिल्म जना नायकन का एक ऑडियो बड़े ही आलीशान समारोह में 27 दिसंबर को मलेशिया में रिलीज किया जाएगा। विजय का तीसरा सिंगल चेल्ला मगले शुक्रवार शाम 5.04 बजे रिलीज हो गया। यह गाना अभिनेता ने खुद गाया है। फिल्म का ट्रेलर नए साल के दिन जारी किया जाएगा। जना नायकन एच. विनोद द्वारा निर्देशित एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है और यह विजय की सिनेमा में आखिरी फिल्म है। इसके बाद वह पूरी तरह राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे। अनिरुद्ध रविचंद्र द्वारा संगीतबद्ध गीतै चेल्ला मगले में विजय को एक भावुक पिता के रूप में दिखाया गया है। केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा 300 करोड़ रुपये के बजट पर निर्मित, जन नायकनै में पूजा हेगड़े, बॉबी देओल, प्रकाश राज, प्रियामणि, गौतम वासुदेव मेनन और ममीथा बैजू प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सूत्रों के अनुसार, तीन घंटे छह मिनट की इस फिल्म में राजनीतिक संदेश के साथ 10

# मिर्जापुर : द फिल्म की राजस्थान में शूटिंग शुरू

मुंबई। लोकप्रिय आपराधिक श्रृंखला मिर्जापुर के विख्यात किरदारों को बड़े पर्दे पर संजोने वाली फिल्म मिर्जापुरः द फिल्म को फिलहाल राजस्थान में फिल्माया जा रहा है। मिर्जापुर में गुड्डू भैया का किरदार निभाने वाले अभिनेता अली फजल ने शूटिंग का एक वीडियो साझा कर प्रशंसकों को इसकी जानकारी दी।

फजल ने जैसलमेर और जोधपुर के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद भी दिया। अली फजल ने श्रृंखला के कुछ सबसे लोकप्रिय किरदारों की वापसी का जिक्र करते हुए कहा, मिर्जापुर द फिल्म की शूटिंग अभी राजस्थान में जारी है। असीम स्नेह और अतुलनीय आतिथ्य के लिए जैसलमेर और जोधपुर का तहे दिल से धन्यवाद। आपने हमें अपना समझा... उन सभी होटलों का शुक्रिया जिन्होंने हमें अपने घर से दूर होते हुए भी घर जैसा महसूस कराया। खम्माघणीउ आपको सभी से मिलना होगा, पूरा पलटन खेल में मस्त है। अमेजन एमजीएम स्टूडियोज व एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और पुनीत कृष्णा द्वारा निर्मित यह फिल्म सबसे सफल ओटीटी श्रृंखलाओं में से एक मिर्जापुर पर आधारित है। मिर्जापुरः द फिल्म अगले साल प्रदर्शित होगी।

# धुरंधर ने पार किया 1000 करोड़ का आंकड़ा




नयी दिल्ली। फिल्म निर्माता आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर।,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म निर्माताओं ने यह जानकारी साझा की। फिल्म में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, आर माधवन और राकेश बेदी जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण आदित्य धर और उनके भाई लोकेश धर ने अपने बैनर बी62 स्टूडियोज और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है। फिल्म निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बॉक्स ऑफिस के आंकड़े साझा करते हुए लिखा, पूरे गर्व के साथ।,000 करोड़ के क्लब में प्रवेश। अपनी टिकटें बुक करें। दुनिया भर में धुरंधर का जादू बरकरार है। फिल्म ने विश्व स्तर पर अब तक कुल।,006.7 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इसने 789.8 करोड़ रुपये बटोरे हैं। यह फिल्म अपराधियों, मुखबिरों और जासूसों के एक नेटवर्क के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी इन किरदारों के एक-दूसरे से जुड़ते जीवन, गुप्त अभियानों, जासूसी और विश्वासघात के ताने-बाने को दर्शाती है। यह फिल्म पांच दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com